जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-169 ▶ मुंबई, बुधवार, 15 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4



बुमराह 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ'
▶▶ पेज 11 पर

## महाकुंभ 2025 : मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब



# 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान

**महाकुंभ नगर। महाकुंभ के दूसरे दिन अमृत स्नान के दौरान संगम तट पर 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सीएम योगी ने बताया कि प्रथम अमृत स्नान पर्व पर मंगलवार को 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों, श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पहले महाकुंभ के पहले दिन अमृत स्नान पर 1.50 करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई थी।**

उन्होंने लिखा, 'आस्था, समता और एकता के महासमागम "महाकुंभ-2025 प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।



'महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम! मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।"

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



"यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व 'मकर संक्रांति' के पावन अवसर पर महाकुंभ-2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम 'अमृत स्नान' कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु जनों का अभिनंदन!"

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

### गूगल ने भी मनाया कुंभ मेले का जश्न

▪ गूगल ने भी कुंभ मेले का जश्न मनाया है। अगर आप आज सर्च इंजन गूगल के होम पेज पर MAHA KUMBH लिखकर एंटर करेंगे तो आपको इससे जुड़े सर्च रिजल्ट दिखेंगे। इसके साथ ही आपके सामने स्क्रीन पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसने लगेंगी।

### श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

▪ महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर उत्तर प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है।

## आईएमडी का 150वां स्थापना दिवस

# पीमए ने की 'मिशन मौसम' की शुरुआत






▶▶ आईएमडी ने किया सिक्के का विमोचन

▶▶ भारत मंडपम, दिल्ली में समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'मिशन मौसम' की शुरुआत की। यह मिशन भारत को मौसम और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल और स्मार्ट राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भारत मंडपम, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में शिरकत की और आईएमडी द्वारा जारी किए गए एक स्मारक सिक्के का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारतीय मौसम विभाग के 150 वर्ष के इस ऐतिहासिक अवसर पर एक नई दिशा की शुरुआत कर रहे हैं। यह केवल आईएमडी की यात्रा नहीं है, बल्कि यह भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की यात्रा का प्रतीक भी है। आईएमडी ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा में भी अहम भूमिका निभाई है। पिछले 10 वर्षों में आईएमडी की अवसंरचना और प्रौद्योगिकी का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, जिससे भारत मौसम विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी बन सका है।

### 'मिशन मौसम' से कई लाभ

▪ प्रधानमंत्री ने 'मिशन मौसम' के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह मिशन भारत के जलवायु संबंधी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी और समाधान प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करना है, जिससे उच्च-रिजॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों के माध्यम से मौसम संबंधी प्रक्रियाओं को समझने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, यह मिशन वायु गुणवत्ता डेटा के संग्रहण पर भी जोर देगा, जो भविष्य में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीतियों को तैयार करने में सहायक होगा।

# जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा : रक्षा मंत्री



'पीओके' भारत के माथे का मुकुट मणि

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर स्थित अखनूर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में 9वें सशस्त्र बल वेटरन्स डे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व सैनिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, "जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है।" रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, वेटरन्स डे के अवसर पर, आज अखनूर में आप सबके बीच आना मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है। उन्होंने कहा, इस बार का वेटरन्स डे समारोह, हम सब अखनूर, कश्मीर में मना रहे हैं। यह निश्चित रूप से हमारे लिए बहुत बड़ा क्षण है।

### भारतीय सेनाओं के पराक्रम से मिली 1965 की जीत

उन्होंने कहा, 1965 के युद्ध में जंग के मैदान में मिली जीत भारतीय सेनाओं के शौर्य, पराक्रम और बलिदान का परिणाम था। आप इतिहास उठा कर देखिए, भारत से हुई हर जंग में पाकिस्तान हारा है। चाहे 1948 में हुआ कबाइली हमला हो, 1965 का युद्ध हो, 1971 का युद्ध हो या फिर 1999 का कारगिल में हुआ सीमित युद्ध हो, हर लड़ाई में पाकिस्तान को हार का मुँह देखना पड़ा है।

### पाक ने नहीं छोड़ा आतंकवाद का दामन

उन्होंने कहा, इसके बावजूद पाकिस्तान ने आज तक आतंकवाद का दामन नहीं छोड़ा है। आज भी अस्सी फीसदी से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से ही भारत में आते हैं। सीमा पार से जारी आतंकवाद 1965 में ही समाप्त हो गया होता, यदि तत्कालीन सरकार ने बातचीत की मेज पर स्ट्रैटेजिक डिसएडवांटेजेस में न बदल दिया होता।

### आतंकी गतिविधियों में हो रहा पीओके का इस्तेमाल

पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद का खतरनाक कारोबार चलाने में किया जा रहा है। वहां आज भी आतंकवादियों के लिए ट्रेनिंग कैम्प चल रहे हैं। सीमा से सटे इलाकों में लांच पैड बने हुए हैं। भारत सरकार को सब पता चल रहा है। पाकिस्तान को इनको खत्म करना होगा।

# जुकरबर्ग को समन भेजेगी भारत सरकार



▪ संसद के सामने माफी मांगें मेटा प्रमुख

**नई दिल्ली।** मेटा के को-फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग को भारत की संसदीय कमिटी समन भेजेगी। जुकरबर्ग ने गत वर्ष भारत में हुए लोकसभा चुनाव के बारे में गलत जानकारी दी है, जिसपर कमेटी ने उन्हें समन भेजने वाली है। कमेटी के हेड सांसद निशिकांत दुबे ने इस बात की जानकारी दी है। संसदीय कमिटी के चेयरमैन और झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने 14 जनवरी को कहा कि हमारी कमिटी मेटा को इस मामले में तलब करेगी। किसी भी लोकतांत्रिक देश की छवि इस गलत जानकारी की वजह से धूमिल हो सकती है। सांसद निशिकांत दुबे ने आगे कहा कि संस्थान को भारतीय संसद और देश के नागरिकों के सामने क्षमा मांगना होगा।

### जुकरबर्ग के किस बयान पर बवाल?

जुकरबर्ग ने कथित तौर पर एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि 2024 में दुनिया भर के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारों को चुनावी हार का सामना करना पड़ा था।

## शौर्य दिवस पर बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# 'मराठे युद्ध नहीं हारे, मुहिम हारे थे'



**पानीपत।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंगलवार को हरियाणा के पानीपत में शौर्य दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल हुए। यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मराठों के शौर्य और बलिदान को याद किया। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस पानीपत की तीसरी लड़ाई के काला आम्ब स्मारक स्थल पर 264वें मराठा शौर्य दिवस समारोह में पहली बार पहुंचे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मराठे युद्ध नहीं हारे बल्कि वह एक मुहिम हारे थे। युद्ध में अगर विजय किसी की हुई तो वह मराठों की हुई। वह युद्ध हिंदवी साम्राज्य ने ही जीता। उन्होंने कहा कि हिंदवी साम्राज्य को स्थापित करने का काम हमारे मराठों ने किया। इसलिए यह युद्ध भूमि हमारे लिए पावन भूमि है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध ने एक संदेश हमें दिया कि यदि उस समय अन्य राजा भी हमारी मदद को आ जाते तो अब्दाली यहां से पराजित होकर चला जाता।

### 'एक होते तो सेफ होते'

फडणवीस ने कहा कि बेशक अब्दाली युद्ध जीता हो, लेकिन उसका मानस इतना पराजित हुआ कि वह दोबारा मुड़कर भारत की तरफ नहीं आया। अगर हम उस समय एक होते तो सेफ होते। हम एक नहीं रहे इसलिए सेफ नहीं रहे। हमारे ऊपर इस प्रकार से अलग-अलग लोगों ने राज किया, क्योंकि हम खंडित थे।

### देश को खंडित करना चाहतीं नापाक ताकतें

उन्होंने कहा कि आज हमें यही सीखना होगा, जाति, भाषा, प्रांत के भेद भुलाकर हम समूचे हिंदुस्तानी एक हैं। हम सारे भारतवासी एक हैं। इस प्रकार की भूमिका को सामने रखते हुए, हमारा दुश्मन कौन है इसको समझते हुए आगे बढ़ेंगे तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का नारा दिया है जो स्वप्न देखा है, उस स्वप्न को हम पूरा कर पाएंगे। जो नापाक ताकते हमारे देश को खंडित करना चाहती हैं, इस प्रकार की ताकतों के आगे अगर हम हार जाते हैं तो हम युद्ध में भी हारेंगे और हमारा देश भी खंड़ित होगा।

# 'इंडिया' सिर्फ राष्ट्रीय चुनावों के लिए : पवार

## दिल्ली में केजरीवाल की मदद करे कांग्रेस

**मुंबई।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच शरद पवार ने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि मेरी भावना है कि कांग्रेस को केजरीवाल की मदद करनी चाहिए। इंडिया गठबंधन में कभी भी स्टेट और लोकल चुनाव को लेकर कोई बात नहीं हुई है। इंडिया गठबंधन सिर्फ नेशनल लेवल के चुनावों के लिए है। आने वाले पालिका चुनावों में हम साथ लड़ेंगे या अकेले, इस मुद्दे पर 8-10 दिनों में सभी लोग मीटिंग कर के फैसला करेंगे।



### आरएसएस की मेहनत को खुलकर समर्थन

आरएसएस को लेकर पवार का कहना है कि मैं आरएसएस की आइडियोलॉजी का समर्थन नहीं करता हूं पर जिस तरह से उनके लोग मेहनत करते है, उनका समर्थन करता हूं। शरद पवार ने कहा कि, आरएसएस के लोगो का आज़ादी में क्या योगदान है। आरएसएस खुद का नया इतिहास लिख रहा है।

# नौशेरा में बारूदी सुरंग में धमाका

**6 जवान घायल**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा के भवानी सेक्टर के मकड़ी इलाके में बारूदी सुरंग में धमाका हुआ, जिसमें सेना के 6 जवान घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए राजौरी के आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 9 दिसंबर 2024 को पुंछ में भी एक विस्फोट हुआ था। उस घटना में सेना के 25 राष्ट्रीय राइफल्स के हवलदार वी. सुब्बैया वरिकुंटा शहीद हो गए थे। यह हादसा थानेदार टेकरी में गश्त के दौरान हुआ था। सेना ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े होने का संदेश दिया। उसी समय, बारामूला जिले के पट्टन के पलहालन इलाके में एक आईईडी को सुरक्षाबलों ने निष्क्रिय किया था।

# सोने की खदान में समा गए 100 मजदूर

## महीनों तक फंसे रहने के बाद जिंदा दफन



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में सोने की खदान में खनन कर रहे 100 मजदूरों की मौत हो गई है। यह खदान लंबे समय से खाली पड़ी थी, जिस पर अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। ये मजदूर महीनों तक खदान में फंसे रहे और इन्हें बचाने की कोशिशें की जा रही थीं, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। माइनर्स के एक समूह का कहना है कि इस घटना में कम से कम 100 लोग मारे गए हैं। इसका आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता है।

### नवंबर में शुरू हुआ था आपरेशन

▪ पुलिस ने यहां पहली बार इन लोगों को बचाने के लिए नवंबर में ऑपरेशन शुरू किया था। माना जा रहा है कि यह लोग भूख से या फिर डिहाइड्रेशन से मारे गए हैं। अब तक 18 लोगों के शव भी खदान से बाहर निकाले जा चुके हैं। पुलिस और प्रशासन के अलावा माइनर कम्युनिटी के लोग भी बचाव अभियान में जुटे हैं। माइनर कम्युनिटी ने भी 9 शव निकाले हैं।

# दिल्ली वक्फ बोर्ड ने इमामों को दी छह माह की सैलरी




▪ 17 महीने से रुका था पेमेंट
▪ 240 इमामों को बोर्ड देता तनख्वाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इमामों के वेतन के मामले ने राजनैतिक तूल पकड़ा हुआ है। कई बार इमाम पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन कर चुके हैं। इस बीच दिल्ली वक्फ बोर्ड ने इमामों की सैलरी जारी कर दी है। बोर्ड ने अभी छह महीनों की सैलरी जारी की है। 17 महीनों की सैलरी रुकी हुई थी। बोर्ड का कहना है कि जल्दी बचे हुए महीनों की भी सैलरी जारी की जाएगी। दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमाम और मुअज्जिन मिलाकर करीब 240 लोग हैं जिनकी तनख्वाह दिल्ली वक्फ बोर्ड देता है जो दिल्ली सरकार के अंतर्गत आता है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही बाकी महीनों का भी भुगतान किया जाएगा। शुरुआत में दिल्ली में इमाम की सैलरी 10 हजार रुपये और मोअज्जिन की सैलरी नौ हजार रुपये थी। फिर अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते इमामों की सैलरी में बढ़ोतरी की। उसके बाद दिल्ली में मस्जिदों के इमामों को सैलरी 18000 रुपए कर दी गई और मस्जिदों के मोअज्जिन को 16000 रुपये सैलरी मिलने लगी। अभी भी दिल्ली में इमामों को वेतन 18 हजार रुपए है और मोअज्जिन को 16 हजार रुपये मिलते हैं। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में 185 इमाम हैं और मोअज्जिन की संख्या 65 है। इस तरह मस्जिदों में काम करने वाले 240 इमाम और मोअज्जिन को दिल्ली सरकार सैलरी देती है।

# जम्मू-कश्मीर में एशिया की सबसे लंबी सुरंग

## पांच रोपवे और चार कॉरिडोर बनेंगे



**सोनमर्ग।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर निकट भविष्य में कनेक्टिविटी के लिहाज से देश का सबसे प्रमुख प्रदेश बनने जा रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो संकल्प लिया गया है, वह एक समृद्ध जम्मू-कश्मीर के साथ पूरा होगा। जम्मू-कश्मीर में 50 हजार करोड़ की लागत से चार कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। पांच रोप-वे बनने जा रहे हैं। इस सुरंग के साथ ही हम 14 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग बना रहे हैं। इसका एप्रोच रोड 18 किलोमीटर लंबा होगा और उसे तैयार करने में 6800 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। जब हमने पांचवीं बार इसका टेंडर निकाला था तो उस समय हमने इसकी कीमत 12 हजार करोड़ रुपए तय की थी, लेकिन अब हम केवल 6800 करोड़ में बनाकर इसे तैयार करने जा रहे हैं। हमने इस सुरंग को लेकर एक वर्ष तक अध्ययन किया। यह सुरंग एशिया में बन रही सबसे ऊंची सुरंग है।

# अमित शाह ने अहमदाबाद में की पतंगबाजी



▪ महिलाओं-बच्चों ने शाह का किया गर्मजोशी से स्वागत

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मकर संक्रांति के अवसर पर अहमदाबाद के मेमनगर इलाके में शांति निकेतन सोसायटी के निवासियों के साथ त्योहार मनाया। गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल भी इस समारोह में शामिल हुए, जिससे स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान शांति निकेतन सोसाइटी को रंगोलियों से सजाया गया था। यहां महिलाओं और बच्चों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी पत्नी सोनलबेन शाह के साथ छत पर पतंगबाजी में हिस्सा लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मकर संक्रांति के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। इस उत्सव में अहमदाबाद की मेयर प्रतिभा जैन, पार्टी के स्थानीय नेता, पार्षदों और एएमसी अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई। गुजरात में इसे उत्तरायण के रूप में जाना जाता है। गुजरात में इस दिन को पतंगबाजी के साथ मनाया जाता है।









## न्यूज BRIEF

### मिल्कीपुर से चंद्रभान पासवान को टिकट



**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए बीजेपी ने मिल्कीपुर से चंद्रभान पासवान को टिकट दिया है। मिल्कीपुर में पांच फरवरी को वोट डाले जाएंगे और आठ फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। 10 से 17 जनवरी तक नामांकन चलेगा। 18 को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापसी की आखिरी तारीख होगी।

### स्कूलों को उड़ाने की दी थी धमकी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 400 स्कूलों में धमकी भरे ई-मेल करने वाले छात्र को पकड़ लिया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कहीं इस बच्चे के पीछे कोई बड़ा संगठन तो नहीं है, जो उससे ई-मेल करवा रहा हो। पुलिस के मुताबिक, इस बच्चे का परिवार एक एनजीओ के संपर्क में था। ये वही एनजीओ है जो अफजल गुरू की फांसी का विरोध कर रहा था। पुलिस का कहना है कि अभी जांच चल रही है कि बच्चे के पीछे कौन है और उसका उद्देश्य क्या था?

### आज शिफ्ट होगा कांग्रेस मुख्यालय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी का मुख्यालय 15 जनवरी को आधिकारिक रूप से शिफ्ट किया जाएगा। इससे पहले आखरी बार 24 अकबर रोड पर स्थित कांग्रेस मुख्यालय से कांग्रेस का झंडा उतारा गया। 46 साल से यह कांग्रेस का मुख्यालय रहा। कांग्रेस का नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह पूरी तरह से कॉरपोरेट स्टाइल में है। इसमें कांग्रेस की 6 मंजिला बिल्डिंग है। कल सुबह 10 बजे कांग्रेस का मुख्यालय 9A कोटला रोड पर शिफ्ट कर जाएगा।

### चीन पहुंचे श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके



**बीजिंग/कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके चार दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चीन पहुंचे। कोलंबो में राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, दिसानायके के आगमन पर चीन के उप विदेश मंत्री चेन शियाओदोंग ने उनकी अगवानी की।

# शक्तिपीठ महामार्ग का कार्य जल्द करें पूरा : सीएम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य में परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने, व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देने और पर्यटन को गति प्रदान करने वाली महत्वाकांक्षी शक्तिपीठ महामार्ग परियोजना का कार्य सभी पक्षों को विश्वास में लेकर शीघ्रता से आरंभ किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संबंधित अधिकारियों को दिए। सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने आगामी 100 दिनों के भीतर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले, स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक, मेघना साकोरे बोर्डीकर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, और सार्वजनिक निर्माण विभाग की अपर मुख्य सचिव मनिषा म्हैसकर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- सह्याद्री अतिथिगृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बैठक आयोजित
- सार्वजनिक निर्माण विभाग के आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा




### गुणवत्ता-व्यापकता के साथ तैयार की जाएं सड़कें

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि राज्य के राजमार्गों और सड़कों का जाल अधिक गुणवत्ता और व्यापकता के साथ तैयार किया जाए। धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले और पर्यटन को बढ़ावा देने वाले शक्तिपीठ महामार्ग का निर्माण उच्च गुणवत्ता और तीव्रता से किया जाना चाहिए। सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर इस परियोजना की प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए।

### अंतिम चरण का कार्य जल्द करें पूरा

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि समृद्धि महामार्ग के शेष अंतिम चरण का 76 किलोमीटर कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए और फरवरी तक इस महामार्ग को पूरी तरह से जनता के लिए खोला जाए। इसके अलावा, इस वर्ष समृद्धि महामार्ग के लिए ऋणपत्र (बॉन्ड) प्रक्रिया को पूरा किया जाए।मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 13.30 किलोमीटर की "मिसिंग लिंक" परियोजना को तेजी से पूर्ण किया जाए। साथ ही, नासिक-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग के सुधार कार्य को भी शीघ्रता से पूरा किया जाए। मंत्रालय परिसर में नई सात मंजिला इमारत का निर्माण कार्य आरंभ किया जाए।

### एक नियंत्रण तंत्र स्थापित करे विभाग

सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को प्रभावी ढंग से निभानी चाहिए। विभाग को एक नियंत्रण तंत्र स्थापित करना चाहिए। आर्थिक सक्षमता के लिए योजना विभाग के निर्देशानुसार वित्तीय प्रारूप तैयार किया जाए। राजमार्ग निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया सरकार द्वारा की जाए और सड़कों का निर्माण बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) आधार पर किया जाए। विभिन्न विभागों की निर्माण परियोजनाओं के लिए केंद्रीय कार्यप्रणाली लागू की जाए और निर्माण विभाग के तहत संबंधित विभागों के लिए स्वतंत्र कक्ष स्थापित किए जाएं। सड़कों के दोनों ओर वृक्षारोपण करते समय भविष्य में सड़क विस्तार की आवश्यकता को ध्यान में रखा जाए। अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण और तीव्र गति से कार्य किया जाए।

स्वामी विवेकानंद जयंती : राष्ट्रीय युवा दिवस

# सफलता के लिए छात्रों और युवाओं को आत्म अनुशासन अपनाना चाहिए : राज्यपाल

## रामकृष्ण मिशन की 'विवेक कार्यशाला' का उद्घाटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** जन्म से हम समाज से सब कुछ प्राप्त करते हैं, इसलिए समाज के प्रति ऋण को चुकाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। यशस्वी बनने के लिए छात्रों और युवाओं को आत्मअनुशासन का पालन करना चाहिए और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव रखना चाहिए। यह बात राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने छात्रों और युवाओं को संबोधित करते हुए कही। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई के रामकृष्ण मठ और मिशन द्वारा आयोजित विवेक कार्यशाला का उद्घाटन 13 जनवरी को रामकृष्ण मिशन सभागार, खार में राज्यपाल राधाकृष्णन की उपस्थिति में हुआ। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन एक ऐसी संस्था है जो अनुशासन, भक्ति, उत्तरदायित्व और सर्वधर्म समभाव के लिए प्रसिद्ध है। रामकृष्ण मिशन अपने सभी उपक्रमों में सभी धर्म, जाति और पंथ के छात्रों को शामिल करता है, जो सर्वधर्म समभाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि मिशन समाज से प्राप्त दान का उपयोग पारदर्शी तरीके से करता है, जो सराहनीय है।

### "पहले बिजनेस क्लास, अब इकोनॉमी क्लास में यात्रा"

राज्यपाल ने कहा, "पहले जब मैं गारमेंट निर्यातक था, तो बिजनेस क्लास में यात्रा करता था क्योंकि तब पैसा मेरा होता था। लेकिन अब राज्यपाल बनने के बाद मैं इकोनॉमी क्लास में यात्रा करता हूं क्योंकि यह पैसा जनता का है, और इसकी जिम्मेदारी का एहसास मुझे हमेशा रहता है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण रामकृष्ण मिशन मुंबई के अध्यक्ष स्वामी सत्यदेवानंद ने दिया। मिशन के धर्मार्थ अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. स्वामी दयाधिपानंद ने अस्पताल और युवाओं से संबंधित उपक्रमों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। मिशन के प्रबंधक स्वामी तन्नमानंद ने बेलूर मठ में हुई वार्षिक सभा की रिपोर्ट का वाचन किया। रामकृष्ण मिशन मुंबई के सहायक सचिव स्वामी देवकांत्यानंद ने आभार व्यक्त किया। संयोजक शंतनू चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। विवेकानंद स्टडी सर्कल के सदस्य डॉ. हार्दिक गुप्ता और आराधना धार ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में मिशन के वरिष्ठ साधु, विवेकानंद स्टडी सर्कल के सदस्य और स्कूली छात्र उपस्थित थे।

# मध्य रेल महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से 12 कर्मी सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने 14 जनवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में आयोजित एक समारोह में 12 मध्य रेल कर्मचारियों अर्थात मुंबई मंडल के 3, भुसावल मंडल के 4, सोलापुर मंडल के 2, पुणे मंडल के 2 और नागपुर मंडल के 1 को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिए गए। पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- की नकद राशि शामिल है।

### इनका हुआ सम्मान

1. धर्मराज सिंह, ट्रेन मैनेजर, पनवेल, मुंबई
2. रामदास चौधरी, ट्रेन मैनेजर, सीएसएमटी, मुंबई
3. सचिन जगदाले, फिटर, इगतपुरी, मुंबई
4. आर एन घाटे, मुख्य लोको निरीक्षक, भुसावल
5. अनिल कुमार गुप्ता, सहायक लोको पायलट, भुसावल
6. अमरेश कुमार, ट्रैक मेंटेनर, बोडवाड, भुसावल
7. श्रीमती शालिनी विजय, तकनीशियन, सतमा, भुसावल
8. बनवारी लाल, तकनीशियन, इलेक्ट्रिकल, सांगोला, सोलापुर
9. येलप्पा संतराम फूलमाली, ट्रैक मेंटेनर, दुधानी, सोलापुर
10. अनूप कुमार यादव, ट्रैक मेंटेनर, उरुली, पुणे
11. कुलदीप मौर्य, ट्रैक मेंटेनर, तलेगांव, पुणे
12. कुमारी रोशनी अरुणराव, ट्रेन मैनेजर, नागपुर



ठाणे में नायलॉन मांझा केस

# कमिश्नरेट में नौ मामले दर्ज

- मांझा में मिला नायलॉन और कांच जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** मकर संक्रांति से ठीक पहले नायलॉन मांजे से एक पक्षी (बाज़) के घायल होने की घटना के बाद, ठाणे शहर की पुलिस ने मांजे का उपयोग करने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय की सीमा में नौ मामले दर्ज किए गए और बड़ी मात्रा में नायलॉन और कांच मिश्रित मंझा भी जब्त किया गया। ठाणे शहर पुलिस बल के जनसंपर्क अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेश साल्वी ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा। मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। यह बात सामने आई है कि पतंग उड़ाने के लिए पारंपरिक डोरियों के स्थान पर नायलॉन और कांच मिश्रित डोरियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। नायलॉन और कांच मिश्रित यह जाल मोटरसाइकिल चालकों और पैदल यात्रियों को बड़ी संख्या में चोट पहुंचा रहा है, तथा कुछ मामलों में तो मौत भी हो रही है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठाणे पुलिस आयुक्तालय की सीमा के भीतर ऐसे मांझे के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शहर के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने सभी पुलिस थानों को इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। पुलिस ने पुलिस आयुक्तालय सीमा के भीतर यदि कोई ऐसा करते पाया जाता है, तो उनसे तुरंत ठाणे मुख्य नियंत्रण कक्ष और 112 हेल्पलाइन पर संपर्क कर जानकारी देने का आग्रह किया गया है।



# अपार्टमेंट की दीवार टूटकर नाले में गिरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** ठाणे के पचपाखड़ी इलाके में मोना अपार्टमेंट इमारत की पिछली दीवार गिरने की घटना सोमवार शाम करीब 5:45 बजे हुई। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। थाई सोसायटी की 15 फुट गुणा 6 फुट की दीवार नाले में गिर गई, जिससे दीवार में दरार आ गई। ठाणे के पचपाखड़ी इलाके में शाहिद गार्डन के सामने सिद्धेश्वर तलाव रोड, पचपाखड़ी, ठाणे (पश्चिम) में एक घटना घटी। मोना अपार्टमेंट की इमारत के पीछे की 15 फुट लंबी और 6 फुट ऊंची रिटेनिंग दीवार गिर गई।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप सीएसटीई/वर्क्स/मुख्यालय/गार्डन रीच, कोलकाता-700043, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है। **ई-निविदा सूचना संख्याः एसटी_पी_एसईआर_2025_ईआईडीएस_सीकेपी_1 दिनांक : 10.01.2025; कार्य का विवरणः** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के धुतरा-बागडिही, कुंकी-एक्स. चाण्डिल और जराइकेला-महादेवसाल खंड में हाथियों की घुसपैठ का पता लगाने की प्रणाली (ईआईडीएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग; **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 16,03,10,078.63; **बयाना राशि :** ₹ 9,51,600.00; **अंतिम तिथि और समय :** 07.02.2025 को 11.30 बजे; उपरोक्त निविदा हेतु निविदा सूचना का विवरण कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
(PR-1014)



**MAHATRANSCO** Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

MSETCL SRM invites online RFx (Ex. e-Tender) from the Registered Contractors for MAHATRANSCO e-Tendering (SRM) website for below mentioned work.
E-tender No./ RFx No.**7000034886 -** Name of work: **"Replacement of old numerical non- directional back up relays of 33/22/11 kV feeders at various substations under Vashi Zone."** Estimated Cost: **Rs.40,71,000/-** with Tender Fees: Rs. 500/-+ GST.
Date for Sale and Submission of the e-Tender Documents: From 15.01.2025 @ 11.00 Hrs to 22.01.2025 @ 11.00 Hrs. For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in
For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

**Sd/-**
**Superintending Engineer, Protection, Automation and Communication Circle, Vashi.**


# अवैध निर्माण और लंबित आवंटन से जुड़े मामले निपटाए

- म्हाडा में आठवां लोकशाही दिवस सफलतापूर्वक संपन्न
- सात लोकशाही दिवसों में 81 में से 75 आवेदन निपटाए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र गृहनिर्माण और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) का आठवां लोकशाही दिवस आज वांद्रे (पूर्व) स्थित म्हाडा मुख्यालय में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुंबई मंडल के मुख्य अधिकारी और प्रभारी उपाध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, म्हाडा, मिलिंद बोरीकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रविंद्र कामतेकर ने अभ्युदय नगर की सुरुचि सहकारी गृहनिर्माण संस्था की छत पर अवैध निर्माण के मुद्दे को उठाया। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी एमआरटीपी अधिनियम के तहत कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि यह अवैध निर्माण इमारत के लिए खतरा बन सकता है। इस पर बोरीकर ने संबंधित विभाग के कार्यकारी अभियंता को तुरंत सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह रिपोर्ट अतिक्रमण निराकरण कक्ष को भेजने और एक महीने के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया। रूपेश घाडी ने 2018 की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कोकण मंडल की शिरढोण परियोजना में आवंटित फ्लैट का कब्जा न मिलने की शिकायत की। इस पर बोरीकर ने कोकण मंडल के मुख्य अधिकारी से जानकारी ली। जांच में पाया गया कि पीएमएवाई योजना के पोर्टल पर सब्सिडी की प्रक्रिया लंबित होने के कारण विलंब हुआ। अब प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, इसलिए उन्होंने संबंधित अधिकारी को आज ही फ्लैट का कब्जा देने के निर्देश दिए। आज के लोकशाही दिवस में मुंबई मंडल और कोकण मंडल से कुल चार आवेदन प्राप्त हुए। अब तक आयोजित सात लोकशाही दिवसों में 81 में से 75 आवेदन निपटाए जा चुके हैं।




# मारवाड़ी जनकल्याण परिषद ने वृद्धाश्रम के मनाई मकर संक्रांति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा भायंदर।** मारवाड़ी जनकल्याण परिषद, भायंदर द्वारा जरूरतमंद लोगों और आदिवासियों के साथ मनाई मकर संक्रांति। पिछले कई वर्षों से प्रतिवर्ष जरूरतमंद आदिवासियों एवं दिव्यांगों को कंबल, चादर, बर्तन, खाद्य सामग्री आदि का वितरण का कार्य परिषद करते आ रही है।इस वर्ष परिषद द्वारा गोराई क्षेत्र के जामझाड़ पाड़ा नामक एक छोटे से आदिवासी गांव में ग्राम वासियों के साथ मकर सक्रांति पर्व मनाया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम सामूहिक नाश्ते का आयोजन किया गया और परिषद द्वारा गांव के लोगों को राशन सामग्री, कंबल, बैडशीट, तिल के लड्डू और सूखी खिचड़ी, आदि का वितरण किया गया है। इसके साथ ही मनोरी स्थित राधिका वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को राशन सामग्री,कंबल,व्हील चेयर,चिक्की इत्यादि प्रदान किए गए व उनके साथ समय व्यतीत किया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं सहित गांव की महिला, पुरुष, बच्चे, बड़े सभी उपस्थित थे। कार्यक्रमों में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार भी रखें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था की वरिष्ठ सदस्या योगिता शर्मा ने मकर संक्रांति पर्व के महत्व और मारवाड़ी जन कल्याण परिषद की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की।कार्यक्रम में अतिथि योगेश राजगढ़िया, मनोज अग्रवाल,अमित पंसारी ने परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में परिषद के पूर्व अध्यक्ष महावीर शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, सचिव संदीप सराफ, कोषाध्यक्ष शिवकुमार जोगाणी के अतिरिक्त वरिष्ठ सदस्य किशन मोर, राजेंद्र तिवाड़ी,भरत अग्रवाल, सुभाष टिबड़ेवाल, सुशील पोद्दार,आदि उपस्थित थे।

# जम्मू स्टेशन रिडवलपमेंट कार्य के चलते ब्लॉक कुछ ट्रेनें प्रभावित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जम्मू।** उत्तर रेलवे के जम्मू तवी स्टेशन पर रिडवलपमेंट कार्य के संबंध में नॉन इंटरलोकिंग कार्य हेतु 15 जनवरी से 6 मार्च 2025 तक ब्लॉक लिया गया है जिसके कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है।

**पूर्णतः निरस्त ट्रेनें :- 1.** 04 मार्च 2025 की ट्रेन संख्या 12475 हापा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **2.** मार्च 2025 की ट्रेन संख्या 12476 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-हापा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **3.** 05 मार्च 2025 की ट्रेन संख्या 12477 जामनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **4.** 06 मार्च 2025 की ट्रेन संख्या 12474 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-गांधीधाम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **5.** 01 मार्च 2025 की ट्रेन संख्या 12473 गांधीधाम-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

**शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें :- 1.** 14 जनवरी से पांच मार्च 2025 तक गांधीनगर कैपिटल से चलने वाली ट्रेन संख्या 19223 गांधीनगर कैपिटल-जम्मूतवी एक्सप्रेस पठानकोट स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा यह ट्रेन पठानकोट और जम्मूतवी स्टेशनों के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।




**महापारेषण** महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित

**जाहीर निवेदन**

मुंबई व नवी मुंबई उपनगरात तसेच ठाणे व रायगड जिल्हयातील ग्रामीण व शहरी परिसरात या विभागांतर्गत येणाऱ्या १,००,००० व्होल्ट, २,२०,००० व्होल्ट, ४,००,००० व्होल्ट या अति उच्च दाब वाहिन्यांचे जाळे पसरलेले आहे. तरी या निवेदनाद्वारे वरील परिसरातील नागरिकांना सुरक्षिततेच्या दृष्टीने महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित, कळवा खालीलप्रमाणे आवाहन करीत आहे व इशारा देत आहे

१) अति उच्च दाब विजेच्या पारेषण वाहिन्याजवळ पतंग उडविणे हे जीवितास त्याचप्रमाणे मालमत्तेस हानिकारक ठरू शकत असल्याने अश्या वाहिन्याजवळ पतंग उडविणे टाळावे. पतंग उडविण्यायसाठी जो मांजा वापरण्यात येतो त्यामध्ये बऱ्याचदा धातुशी (जरी) संलग्न केलेला असतो पारेषण वाहिन्यांजवळ पतंग उडविताना, तो मांजा वाहिन्यांना लागल्यास अथवा वाहिन्याच्या इंडक्शन झोनच्या संपर्कात आल्यास मोठया प्रमाणात जीवित व वित्त हानी होऊ शकतो. त्यामुळे ज्या परिसरात अ.उ.दा. वीज वाहिन्या आहेत अशा ठिकाणी पतंग उडवू नये.

२) अति उच्च दाब विद्युत वाहिन्यांच्या मनोऱ्यावर जाहिरातीचे फलक लावणे तसेच केबल, टी.व्ही. इंटरनेट, डिस्कॉमच्या सर्व्हिस वायर इत्यादी सुद्धा अति उच्च दाब विद्युत वाहिन्यांच्या सानिध्यात असणे फार धोकादायक असते जर वरील वायर/केबल अति उच्च दाब विद्युत वाहिन्यांच्या संपर्कात आल्या तर त्या परिसरातील सर्व टी. व्ही. व इलेक्ट्रीकल उपकरणांचे प्रचंड नुकसान होतेच. पण प्राणहानीचा धोकाही संभवतो.

३) अति उच्च दाब वाहिनीखाली/मनोऱ्याजवळ दगड व मातीचे खोदकाम बांधकाम करणे व भराव टाकल्यामुळे मनोऱ्यास धोका निर्माण होतो व वाहिनीचे जमिनीपासुन अंतर कमी होते त्यामुळे विद्युत अपघात होण्याची शक्यता असल्याने सदर गोष्टी टाळाव्यात आल्यास मोठया प्रमाणात जीवित व वित हानी होऊ शकतो. त्यामुळे ज्या परिसरात अ.उ.दा. वीज वाहिन्या आहेत अषा ठिकाणी पतंग उडवू नये

४) वाहिनीखाली लोकांनी वावरू नये तसेच उंच वाहनांची वाहतुक व पार्किंग, जेसी. बी. वापर तसेच लोखंडी सळ्या, पाईप, बांबू इत्यादींनी ने-आण व पावसाळ्यात छत्रीचा वापर इत्यादींचा वाहिनींच्या इंडक्शन झोनशी संपर्क येऊ देऊ नये

५) अति उच्च दाब वाहिन्यांखाली कुठल्याही प्रकारची उंच वाढणारी झाडे लावू नयेत. झाडे किंवा झाडांच्या फांदया वाहिनीच्या इंडक्शन झोनमध्ये येऊन अपघात होऊन विद्युत पुरवठा खंडीत होऊ शकते.

अखंडीत विज पुरवठयासाठी आपल्या सहकार्याची आम्हाला अत्यंत आवश्यकता आहे वरील आवाहनातील बाबींचे मुंबई व नवी मुंबई उपनगरात तसेच ठाणे व रायगड जिल्हयातील सर्व संबंधित शासकीय व निमशासकीय कार्यालयानी नोंद घ्यावी व त्यांच्या परिसरातील नागरिकांना सतर्क करावे जेणेकरून वरील संभावित धोके टाळता येतील.

सही/-
**कार्यकारी अभियंता, अ.उ.दा. (सं व सु) विभाग, कळवा.**
**ऐरोली, नवी मुंबई - ४०० ७०८**


# परमात्मा की 'एषणा' से दुनिया की उत्पत्ति : श्री श्री आनन्दमूर्ति

कहा जाता है कि परमात्मा की कृपा होने से जो मूक हैं, जो गूंगा हैं, वे भी वाचाल हो जाते हैं, खुब बात बोलते हैं और पंगु भी पर्वत आरोहण कर जाते हैं। धीरे-धीरे जो बुढा चलता है वह भी तो अपनी शक्ति से नहीं; उसके पैर में जो भी थोड़ी शक्ति है और लाठी के रूप में जो भरोसा है, वह भी तो उसकी अपनी शक्ति नहीं है, वह भी तो परमात्मा की है। इसलिए मनुष्य में जो कुछ भी कूबत है वह उनकी अपनी नहीं है। यह बात याद रखनी चाहिए कि मेरा कुछ भी नहीं है। परमात्मा अन्न के रूप में जब उनके शरीर में प्रवेश करते हैं, तब उनमें शक्ति आती है। तो मनुष्य में अपना कुछ नहीं है। परमात्मा की हवा, परमात्मा का पानी, परमात्मा की रोशनी, परमात्मा का खाना- इन चीजों से मनुष्य की शक्ति बनती है। अपना कुछ नहीं हैं। जब मनुष्य मन में भावना लेता है कि मेरी शक्ति से नहीं, उन्हीं की शक्ति से सब कुछ हो रहा है, तब उनमें अनन्त शक्ति आ जाती है। तुमलोग इस दुनिया में जो आए हो, तुमलोगों को बहुत कुछ करना है । देखो, दुनिया में जो कुछ भी होता है उसके पीछे काम करती है कौन सी वृत्ति? एषणा वृत्ति। एषणा है इच्छा को कार्य रूप देने का प्रयास। जहाँ इच्छा है और इच्छा के अनुसार काम करने की चेष्टा है उसको कहते हैं एषणा। दुनिया में जो कुछ भी है एषणा से ही वह सब कुछ बनता है। परमात्मा की एषणा से दुनिया की उत्पत्ति हुई है और अणुमन जो है इसमें जो एषणा रहती है- मैं यह करूँगा, मैं वह करूँगा- जब यह दोनों एषणा, परमपुरुष की एषणा और मनुष्य की वैयक्तिक एषणा एक साथ काम करती हैं तो वहाँ कर्म में मनुष्य सिद्धि पाते हैं। किन्तु मनुष्य सोचते हैं कि मेरी कर्मसिद्धि हुई है। कर्मसिद्धि कुछ नहीं हुई है। परमपुरुष की एषणा की पूर्त्ति हुई है। वे जैसा चाहते हैं वैसा हुआ। तुम्हारी ख्वाईश भी वैसी थी, इसलिए तुम्हारे मन में भावना आई कि मेरी इच्छा की पूर्ति हो गई है। तुम्हारी इच्छा की पुर्ति नहीं होती है। उनकी इच्छा की पूर्ति होती है। वे अपनी इच्छा के अनुसार काम करते हैं। किन्तु मनुष्य के मन में आनन्द होता है कब जब मनुष्य देखते हैं कि उनकी इच्छा की पूर्ति हो गई। इसलिए बुद्धिमान मनुष्य इसमें क्या करते हैं, वे सोचते हैं कि परमात्मा की इच्छा इसमें क्या है। उसी इच्छा को मैं अपनी इच्छा भी बना लूँ। वे देखते हैं कि परमात्मा की जो एषणा है उसके पीछे कौन सी वृत्ति है? वह है यह- दुनिया का कल्याण हो। कल्याण हो यही है परमात्मा की एषणा। इसलिए शास्त्र में परमात्मा का एक नाम है 'कल्याणसुन्दरम्'। परमात्मा सुन्दर क्यों हैं? चूँकि, इनमें कल्याण वृत्ति है इसलिए वे सुन्दर हैं। परमात्मा हर जीव की नजर में सुन्दर हैं क्योंकि वे 'कल्याणसुन्दरम्' हैं। प्रगति कैसी होगी? प्रगति उसी को कहेंगे जहाँ मनुष्य की गति है भौतिक-मानसिक तथा मानसिक-आध्यात्मिक। यह भौतिक-मानसिक गति क्या है? मैं आगे बढ़ूँगा और जितने जीव हैं, समाज के जितने मनुष्य हैं, सबों को साथ लेकर चलुँगा। साधक केवल अपने आगे बढ़ेगे और दुनिया के और व्यक्ति पीछे रह जाएँगे- यह मनोभाव साधक का नहीं है। इसलिए कहा जाता है कि साधना का अन्यतम अंग है तपः। तपः माने अपने स्वार्थ की ओर नहीं ताकना, ताकना है समाज के हित की ओर। सामुहिक कल्याण की भावना जहाँ है, व्यक्तिगत कल्याण उसमें हो या न हो, उसी का नाम है तपः। तपः का सर्वोत्तम उपाय है क्या? जनसेवा। जनसेवा से आध्यात्मिक तरक्की तो अवश्य ही होती है। जो जनसेवा करते हैं वे सेवा करते वक्त सेव्य को नारायण समझ कर करते हैं, मनुष्य समझकर नहीं। इसलिए जनसेवा से आध्यात्मिक उन्नति तो अवश्य ही होती है, इसके अतिरिक्त होता है क्या? मन अत्यन्त निर्मल हो जाता है। उस निर्मल मन से मनुष्य जो कुछ भी करेगा, उसी में उनकी जय-जयकार है। इसलिए कहा जाता है कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए तथा मन को निर्मल बनाने के लिए जनसेवा एक अत्यावश्यक साधना का अंग ळें । इसलिए जनसेवा में किसी से पीछे नहीं रहो, जनसेवा में सबसे आगे बढ़ो। तुमलोगों का कल्याण हो।



**प्रस्तुतिः आचार्य दिब्यचेतनानन्द**


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-104-24-25
दिनांक: 08.01.2025
**कार्य का नाम: (1)** रायपुर मंडल के किमी 967/8-9 (डीआरजेड-गुदुम) पर मानवयुक्त एलसी गेट नंबर डीडी-62 के इंटरलॉकिंग के निष्पादन के संबंध में 9.69M x 4.0M आकार के रिले रूम, आईपीएस रूम और बैटरी रूम का निर्माण। **(2)** एसएसई (वर्क्स), बालोद के तहत बीएक्सए में 100000 लीटर क्षमता के आरसीसी ओवरहेड टैंक और डीआरज़ेड में 50000 लीटर भूमिगत पानी टैंक का निर्माण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 78,74,040.29
**ईएमडी:** ₹ 1,57,500.00
**निविदा प्रस्तुत करना:** दिनांक **06.02.2025** के **11:00** बजे तक| **निविदा खोलना:** दिनांक **06.02.2025** के **11:00** बजे।
विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड हेतु वरिष्ठ मंडल इंजिनियर (समन्वय), द.पू.म.रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज का अवलोकन/डाउनलोड करें।

**मंडल अभियंता - II,**
**द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
PR/R/ENGG/FL/209
South East Central Railway @secrail



**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल**

**(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण)**
**की क्षेत्रिय इकाई**
**फोन नं. 022-66405432, ई-मेलः eewest.msib@mhada.gov.in**
संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/180/2024-25

**ई-निविदा सूचना क्र. 180**

कार्यकारी अभियंता, (पश्चिम) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051 फोन नं. (022) 66405432 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से म्हाडा तथा लोक कार्य विभाग, मुंबई के साथ पंजीकृत बेरोजगार अभियंताओं से 2 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा अनुसूची इस प्रकार हैः

| क्र. सं | चरण | समय अवधि की दिनांक | क्र. सं. | चरण | समय अवधि की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज विक्रय प्रारंभ | 16.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज विक्रय बंद होना | 30.01.2025 को शाम 03.00 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली खुलना | 03.02.2025 को प्रातः 03.05 बजे से | 4 | मूल्य बोली खुलना | 05.02.2025 को प्रातः 10.30 बजे से |

सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**नोटः** 1. विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट को संदर्भित करें।
**नोटः** 2. कोई भी शुद्धि पत्र/संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।
**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**
**सीपीआरओ/ए/26**

**कार्यकारी अभियंता(प)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**

Follow us: @mhadaofficial

# योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं : सीएम

- डिजिटल मीडिया नीति तैयार होगी
- एआई तकनीक का भी होगा उपयोग
- नवमाध्यमों के प्रभावी उपयोग पर जोर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपक्रमों और सरकारी निर्णयों की जानकारी जनता तक तेजी और प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए सरकार जल्द ही डिजिटल मीडिया नीति तैयार करेगी। इसके लिए भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा। विभिन्न नवमाध्यमों के प्रभावी उपयोग से सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाई जाएगी, यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही। राज्य सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना के संदर्भ में मुख्यमंत्री फडणवीस ने सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और सूचना एवं जनसंपर्क के प्रधान सचिव तथा महासंचालक ब्रिजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## राज्य स्तर पर संदर्भ कक्ष स्थापित किया जाए

सरकारी योजनाओं और उपक्रमों की पूरी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए राज्य स्तर पर एक शोध और संदर्भ कक्ष स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि डिजिटल मीडिया नीति जल्द से जल्द तैयार की जाए, जिससे योजनाओं और निर्णयों की जानकारी जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाएं।

## बैठक के प्रमुख बिंदु

- एआई के प्रभावी उपयोग पर जोर
- जानकारी तेज़ी से पहुँचाने के लिए तंत्र विकसित करना
- सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय को सशक्त करना
- मौजूदा सभी होर्डिंग को डिजिटल होर्डिंग में परिवर्तित करना

## 100 दिन की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण

प्रधान सचिव और महासंचालक सिंह ने सादरीकरण के माध्यम से सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय की 100 दिन की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय के कार्य में आगे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग बढ़ाया जाए। डिजिटल मीडिया नीति बनाकर नवमाध्यमों का प्रभावी उपयोग करते हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाई जाए। फडणवीस ने सुझाव दिया कि राज्य में आने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को महाराष्ट्र के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराने के लिए एक कॉफी टेबल बुक तैयार की जाए। राज्य सरकार के निर्णय, योजनाएँ और उपक्रम जनता तक सभी माध्यमों के जरिए पहुँचने चाहिए। राज्य सरकार की छवि को मजबूत करने और जानकारी के तेज प्रसार के लिए एआई न्यूज़रूम तैयार किया जाए, जिससे जानकारी शीघ्रता से प्रसारित हो सके।

## कल्याणकारी योजनाओं को गति दी जाए

■ सीएम ने यह भी निर्देश दिया कि पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य संबंधी और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को गति दी जाए। साथ ही पत्रकार पुरस्कारों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित किया जाए।




■ **मुंबई।** मुंबादेवी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अमीन पटेल के जन्मदिन के अवसर पर जुनैद कुरैशी ने विभाग के जरूरतमंद नागरिकों को व्हीलचेयर, वॉकर और वॉकिंग स्टिक वितरित किए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विधायक अमीन पटेल, नगरसेवक जावेद जुनेजा, कांग्रेस नेता सय्यद फुरकान अहमद, शेख मोहम्मद हारून छोटू, राजा मोरे, अदनान कुरैशी, ज़ाहिद शेख अन्य मान्यवर लोग उपस्थित थे।



■ महाराष्ट्र के उच्च व स्वतंत्र शिक्षण संस्था कार्य मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल का सिंहगढ़ रोड दुर्गा माता मंदिर में धर्मावत परिवार द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान संदीप खड़ेकर प्रवक्ता भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश मंजूश्री संदीप खड़ेकर, नगरसेवी का पुणे नगरपालिका सुनील लोढ़ा, भीमराव शिरसागर, भाजपा नेता नांदेड़ भाजपा नेता सुरेश, धर्मावत एडवोकेट, रमेश धर्मावत दर्जनों भाजपा पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

## आरटीई एडमिशन शुरू

**मुंबई।** महाराष्ट्र स्कूल शिक्षा विभाग ने 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के लिए शिक्षा के अधिकार (आरटीई) प्रवेश 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 14 जनवरी से शुरू कर दी है। पात्र छात्रों के अभिभावकों को आधिकारिक वेबसाइट student.maharashtra.gov.in के माध्यम से महाराष्ट्र आरटीई आवेदन पत्र भरना होगा। प्रवेश प्रक्रिया 27 जनवरी तक जारी रहेगी।

श्री सालासर हनुमान प्रचार समिति

# पुणे : प्रथम वर्धापन दिवस समारोह संपन्न



**पुणे।** श्री सालासर हनुमान प्रचार समिति,पुणे द्वारा आयोजित श्री सालासर हनुमान मंदिर , भोसरी का प्रथम वर्धापन दिवस समारोह 11 जनवरी को धूमधाम से सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर समिति द्वारा प्रातः हवन , पूजन, अभिषेक तथा शाम को विशाल भजन संध्या व भंडारा (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 3500 भक्तों ने भाग लिया। भजन प्रस्तुत करने के लिए नाशिक से सुरेश पारीक एण्ड पार्टी, वापी से सुरेन्द्र सेन व पुणे से चंचल कास्वी को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने देर रात तक भजनों के दौरान अमृत रस बरसाकर भक्तों को भाव विभोर किया। भंडारे में लगने वाले फिल्टर पानी के लाभार्थी मोंट एक्वा के डायरेक्टर किशन पारीक व रघुवीर सिंह राजपुरोहित थे। महाप्रसाद रामेश्वर केटर्स पुणे के रामेश्वर महाराज द्वारा बनाया गया। बालाजी और मन्दिर में स्थापित सभी विग्रहों का भव्य श्रृंगार करके श्रृंगार आरती के पश्चात छप्पन भोग लगाया गया. आमंत्रित अतिथियों में नगर सेवक विक्रांत लांडे , नगर सेवक योगेश लोंढे, समाज सेवक निखिल बोराडे , ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पुणे के अध्यक्ष प्रमोद भावसार , जय श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट पुणे के अध्यक्ष जगराम चौधरी , प्रमुख रूप से उपस्थित थे। समिति की ओर से अध्यक्ष बाबूलाल निर्वाण के नेतृत्व में शंकर लाल बागड़ी , राजेन्द्र सिंह चौधरी , रमेश शर्मा , सतीश भारद्वाज, धनसिंह कस्वां , मुकेश बंसल ,प्रवीण गोयल , मनोज काबरा, बीरबल कुमावत ,श्रवण कुमावत ,उमेश गर्ग , सतीश पूनियां ,हरीश वर्मा, संजय सिरस्वा , खेताराम बिश्नोई , हीरालाल बागड़ी ,मोहनलाल प्रजापत,श्रवण मुकन्दगढिया , मक्खन सिंह, ओम प्रकाश पारीक ,विकास पारीक ,मुकेश कुमावत , विद्याधर जाट ,विकास देवासी ,चिरंजीव फूलभाटी,जगदीश राजपुरोहित ,श्रवण गहलोत ,बलराम माटोलिया ,महेश शर्मा , बबलू सेन, कमल शर्मा , सज्जन शर्मा , अनिल बिश्नोई तथा उनके साथी व जे. पी .वर्मा नें व्यवस्था सम्भाली। रात्रि 12.15 बजे आरती हुई तथा छप्पन भोग प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। यह जानकारी श्री सालासर हनुमान प्रचार समिति द्वारा दी गई।



3500 भक्तों ने लिया भाग




## मूल्य निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण

■ **मुंबई।** हिंदु आध्यात्मिक एंव सेवा मेला मुंबई द्वारा गोरेगांव में 'मूल्य निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण' महारानी अहिल्याबाई होल्कर मैदान मे 12 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे पवन संघवी की विशेष उपस्थिति रही।

# ठाणे में 'विहंग संस्कृति एवं कला महोत्सव' का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में समारोह संपन्न

**ठाणे।** संस्कृति युवा प्रतिष्ठान और संस्कृति कला महोत्सव संघ की ओर से 11वें वार्षिक विहंग संस्कृत कला महोत्सव का समापन समारोह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधायक संजय केलकर, कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक निरंजन डावखरे, ठाणे नगर निगम आयुक्त सौरभ राव, ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे, संजय वाघुले, पुरवेश सरनाईक और प्रसिद्ध गायक मीका सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के आगमन पर उनका सोल व पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया वही शिवाजी महाराज की पेंटिंग भेंट की गई। स्वागत की कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा मीका सिंह का शॉल व पुष्पगुच्छ व मोमेंटो के साथ स्वागत किया। इसी के साथ पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे व मनपा कमिश्नर सौरभ राव को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर मुख्यमंत्री माइक बंद होने पर बोले मेरी आवाज बंद करने की कोशिश कौन कर रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि संस्कृति एवं कला महोत्सव के माध्यम से ठाणे के लोगों को उनकी रुचि के अनुसार सभी कलाओं का आनंद दिया जा रहा है। मकर संक्रांति की शुभकामनाएं और नया साल अभी शुरू हुआ है। यह नव वर्ष आप सभी के लिए खुशियाँ, संतोष और आनंद लेकर आए। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने अपने परिचय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को परिवहन विभाग की जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद दिया, जो जमीनी स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सांस्कृतिक कला महोत्सव के बारे में भी जानकारी दी। मैं जमीनी स्तर तक पहुंच चुकी परिवहन विभाग की छवि को निखारने के लिए अच्छे काम करने का ईमानदार प्रयास करूंगा। उन्होंने सौ दिनों की कार्ययोजना के लिए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को भी बधाई दी।

## अग्रबंधु सेवा समिति ने किया कंबलों का वितरण



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** अग्रबंधु सेवा समिति मुंबई द्वारा अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा मुंबई शहर में वर्तमान तापमान को दृष्टिगत करते हुए जनोपयोगी कार्यों की श्रृंखला में संस्थाध्यक्ष अमरीशचंद अग्रवाल एवं महिलाध्यक्षा सुधा लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं ट्रस्टी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल की प्रेरणा, मानद् मंत्री उदेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष गोपालदास गोयल के मार्गदर्शन में हजारों की संख्या में जरूरतमंदों को कम्बलों का वितरण संस्था के कार्यालय से किया गया। इस अवसर पर संयुक्त मंत्री बृजकिशोर अग्रवाल व कर्मठ सदस्य राजेन्द्र अगव्राल एवं महिला समिति मंत्री मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, संयुक्त मंत्री बबीता गोयल व कर्मठ सदस्याओं में नेहा जैन, नूतन अग्रवाल व जया गोयल ने भी वितरण की व्यवस्था सम्भाली। ट्रस्टी कानबिहारी अग्रवाल ने बताया कि इस वितरण का लाभ कार्यालय के आसपास के क्षेत्र, मालाड, गोरेगांव, काँदीवली तथा सोसायटी में काम करने वाले व्यक्तियों/महिलाओं ने भारी संख्या में लाभ उठाया।

# अनाथ बच्चों को न्याय दिलाने को सरकार प्रतिबद्ध : राम शिंदे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** तर्पण फाउंडेशन द्वारा आयोजित चौथा तर्पण युवा पुरस्कार समारोह संपन्न हुआ। अनाथ बच्चों को आदर्श व्यक्ति बनाने का तर्पण फाउंडेशन का कार्य विश्व का सर्वश्रेष्ठ कार्य है और विधान परिषद के सभापति के रूप में मैं अनाथ बच्चों से जुड़े मुद्दों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा, ऐसा वक्तव्य महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे ने मंगलवार को मुंबई में आयोजित तर्पण युवा पुरस्कार समारोह में कही। अनाथालयों और बालगृहों से बाहर निकले अनाथ बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था तर्पण फाउंडेशन, युवाओं की अद्वितीय उपलब्धियों और योगदानों को सम्मानित करने, उनकी प्रशंसा करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए हर साल 'तर्पण युवा पुरस्कार' का आयोजन करती है। यह इस पुरस्कार चौथा वर्ष है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूप में विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री अदिति तटकरे, विधान परिषद के विधायक एवं तर्पण फाउंडेशन के संस्थापक श्रीकांत भारतीय उपस्थित थे। तथा विशेष अतिथि के रूप में वॉकहार्ट लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक डा. हुजैफा खोरेकीवाला, कोहिनूर समूह के संस्थापक और अध्यक्ष कृष्णकुमार गोयल और इस्कॉन के प्रवक्ता श्री नित्यानंद चरणदास उपस्थित थे।





## गायत्री पाठक, अशोक देशमाने और श्रीमती मंगलताई वाघ सम्मानित

इस कार्यक्रम में सनाथ वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती गायत्री पाठक, स्नेहवन संस्था के संस्थापक अशोक देशमाने और श्री संस्कार मतिमंद मुलींचे वसतिगृह (मानसिक विकलांग बालिका छात्रावास) की अध्यक्ष श्रीमती मंगलताई वाघ को विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे और मंत्री अदिति तटकरे के हाथों तर्पण युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विधानपरिषद के सभापति के रूप में, मैं आज आपको विश्वास दिलाता हूं कि जब भी विधान परिषद में अनाथों के लिए आवाज उठेगी, अनाथ बच्चों के हित में जब भी कोई मुद्दा उठाया जाएगा तो मैं, अध्यक्ष के रूप में, उन्हें न्याय दिलाऊंगा।"


महाकुम्भ प्रयागराज 2025

भारतीय रेल INDIAN RAILWAYS

# महाकुम्भ मेला 2025

सार्वजनिक सूचना

रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी

अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाने वाली स्पेशल ट्रेन पकड़ने के लिए सम्बन्धित स्टेशन पर ही पहुँचें।

| दिशा | स्टेशन |
|---|---|
| विन्ध्याचल, मिर्ज़ापुर, चुनार, चोपन, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय), बक्सर, पटना, गया, राँची, जसीडीह, आसनसोल, हावड़ा, पुरी की ओर | प्रयागराज जं., नैनी, प्रयागराज छिवकी |
| शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट, महोबा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, बीना, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, नागपुर, कल्याण, मुम्बई की ओर | प्रयागराज जं., नैनी, प्रयागराज छिवकी |
| सिराथू, फतेहपुर, कानपुर, पनकी धाम, इटावा, टूण्डला, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, दिल्ली, चंड़ीगढ़, जम्मू की ओर | प्रयागराज जं., सूबेदारगंज |
| ऊँचाहार, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, बरेली, सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, जंघई, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, गोंडा, बहराइच की ओर | प्रयाग, फाफामऊ जं. |
| ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, मऊ, भटनी, गोरखपुर, बलिया, छपरा की ओर | प्रयागराज रामबाग, झूँसी |

मुख्य स्नान पर्व एवं तिथिः

- पौष पूर्णिमा - 13.01.2025
- मकर संक्रांति - 14.01.2025
- मौनी अमावस्या - 29.01.2025
- बसंत पंचमी - 03.02.2025
- माघी पूर्णिमा - 12.02.2025
- महाशिवरात्रि - 26.02.2025

मुख्य स्नान पर्व से एक दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था

प्रयागराज जं. से निकास – केवल सिविल लाइन्स की ओर से
प्रयागराज जं. पर प्रवेश – लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से
प्रयागराज जं. पर अलग–अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रय:–

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

नैनी जं. से निकास – केवल माल गोदाम की ओर से
नैनी जं. पर प्रवेश – केवल स्टेशन रोड से
नैनी जं. पर अलग–अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रय:–

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |
| 3,4 | 4 B,A पीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1 |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास – केवल GEC रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश – केवल COD रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग–अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रय:–

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1B | 1 हरा रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1,2 |
| 1A | 2 लाल रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | 3,4 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास – केवल जी.टी. रोड की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश – केवल झलवा की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रय:–

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | – | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

कुम्भ रेल सेवा ऐप 2025
QR कोड स्कैन कर डाउनलोड करें

यात्री सुविधा के लिए बहुभाषी अनाउंसमेंट सेवा
प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर पहली बार 12 भाषाओं में उद्घोषणा की व्यवस्था

महाकुम्भ के दौरान पाएं रेल संबंधित हर जानकारी और सभी समस्याओं का समाधान
रेलवे के टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 पर तुरंत संपर्क करें

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

75/25 (ADM)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# जैसलमेर : भारतीय सेना में शामिल होगी नाग मिसाइल

- चार किलोमीटर दूर टैंक को 18 सेकेंड में उड़ा देगी
- पोकरण में सफल परीक्षण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** भारत ने अपनी तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'नाग' का सफल परीक्षण किया है। जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में इस मिसाइल के तीन परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों में मिसाइल ने अपने सभी टारगेट को पूरी सटीकता से नष्ट कर दिया। ये परीक्षण भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि अब यह मिसाइल भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह मिसाइल 230 मीटर प्रति सेकेंड की रफ़्तार से अपने लक्ष्य पर प्रहार करती है। यानी 4 किलोमीटर दूर बैठे दुश्मन को 17 से 18 सेकेंड में नेस्तनाबूद कर देती है।



### नाग एमके-2 की खासियत

नाग एमके-2, भारतीय सेना के लिए एक एडवांस एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम है। यह हल्की मिसाइल है जो हर मौसम में काम करने में सक्षम है। इसका वजन करीब 45 किलो है और यह 6 फीट एक इंच लंबी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय सेना को बधाई दी है।

### फायर एंड फॉरगेट तकनीक

ये मिसाइल 'फायर-एंड-फॉरगेट' तकनीक पर आधारित है, यानी इसे दागने के बाद दोबारा निर्देशित करने की आवश्यकता नहीं होती। नाग मिसाइल हर मौसम में काम करने में सक्षम है और यह दुश्मन के टैंक को सटीकता से नष्ट कर सकती है। इसमें इन्फ्रारेड तकनीक है, जो लॉन्च से पहले लक्ष्य को लॉक करती है और तेजी से उसे नष्ट कर देती है। इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। हल्के वजन और अचूक निशाने वाली यह मिसाइल दुश्मन के टैंक और अन्य सैन्य वाहनों को सेकेंड्स में नष्ट कर सकती है।

### 300 करोड़ की लागत से तैयार

■ नाग मिसाइल को डीआरडीओ ने 300 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया है। इसका पहला सफल परीक्षण 1990 में किया गया था। जुलाई 2019 में पोकरण फायरिंग रेंज में भी इसका परीक्षण किया गया था। इसके अलावा, 2017, 2018 और 2019 में भी अलग-अलग ट्रायल किए गए, जिनमें हर बार नई तकनीक जोड़ी गई। ये मिसाइल डीआरडीओ के एकीकृत मिसाइल विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। यह दुश्मन के टैंकों के खिलाफ भारत की ताकत को कई गुना बढ़ाएगी और सेना को आधुनिक तकनीकों से लैस करेगी।

## अवैध हथियार लेकर घूम रहे आरोपी को दबोचा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की नागाणा पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक पिस्तौल मय मैग्जीन को बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि भूरटिया गांव में एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। इस पर डीएसटी टीम और नागाणा पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से भूरटिया गांव से करीब 500 मीटर दूर ढुंढा जाने वाली रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान ढुंढा की तरफ से रोड किनारे एक पैदल व्यक्ति आ रहा था। पुलिस की नाकाबंदी को देखकर घुमकर भागने लगा। पुलिस टीम को संदेह होने पर उसका पीछा कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सतीश जागिड़ पुत्र देवी सिंह निवासी भूरटिया नागाणा होना बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्तौल मय मैग्जीन मिली। इस पर पुलिस ने सतीश को डिटेन किया और हथियार को जब्त किया।

# जोधपुर : छात्र ने मारा एग्जामिनर को थप्पड़

▶▶ मोबाइल से कर रहा था नकल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर की मंगनीराम बांगड़ मेमोरियल यूनिवर्सिटी में नकल कर रहे मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र ने एग्जामिनर और विभागाध्यक्ष से मारपीट की। आरोप है कि उसने एग्जामिनर को थप्पड़ जड़ दिया। वहीं यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष को लात मारी और मुंह पर मुक्का मारा। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला जोधपुर के रातानाडा इलाके का सुबह 11:15 बजे का है। एएसआई रघुवीर सिंह ने बताया कि एमबीएम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अमित मीणा और विभागाध्यक्ष श्रवण राम मेघवाल ने एमई फर्स्ट ईयर के छात्र महेंद्र चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दी है। कुलपति डॉ. अजय शर्मा ने इसके बाद छात्र को निलंबित कर दिया है। एएसआई रघुवीर सिंह ने बताया कि एग्जाम हॉल में एग्जामिनर के रूप में अमित मीणा की ड्यूटी थी। मीणा ने महेंद्र को मोबाइल से नकल करते हुए देख लिया। इस पर उसे टोका तो वह बहस करने लगा।



### पकड़ा तो बाथरूम में भागा, विभागाध्यक्ष को मारी लात

■ विभागाध्यक्ष श्रवण राम मेघवाल ने बताया- उनके पास केंद्र अधीक्षक की भी जिम्मेदारी है। सोमवार सुबह मैकेनिकल इंजीनियरिंग और बीए के स्टूडेंट के एग्जाम चल रहे थे। इसी दौरान करीब 10 बजे मुझे सूचना मिली कि एक छात्र मोबाइल से नकल कर रहा था। उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह बाथरूम में भाग गया। श्रवण राम ने बताया- जब वहां पहुंचा तो महेंद्र अमित मीणा के साथ हाथापाई करने लगा। मैंने वीडियो बनाना शुरू किया तो अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए मुझे लात मारी। मैं तुरंत पीछे हटा। इसके बाद भी महेंद्र नहीं रुका। महेंद्र ने मुंह पर मुक्का भी मारा, इससे जीभ कट गई। वहीं अमित मीणा ने आरोप लगाया कि उनकी ड्यूटी एग्जामिनर के तौर पर लगी थी। उन्होंने जब महेंद्र को नकल करते हुए पकड़ा तो थप्पड़ मार दिया। इसके साथ ही मारपीट करता रहा। मीणा ने कहा- महेंद्र ने बीई भी यही से की है। इस दौरान भी ऐसी तरह की हरकत कर चुका है।

# सोलर कंपनी यार्ड में काम को लेकर दो पक्ष भिड़े

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बीती रात बाड़मेर जिले के शिव इलाके के हड़वा गांव में सोलर कंपनी के यार्ड में चल रहे काम को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक पक्ष की ओर से फायरिंग करने पर एक युवक गोली उसके हाथ को छुकर निकल गई। मारपीट करने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने युवक को शिव हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बाड़मेर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहां पर इलाज चल रहा है। वहीं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सहित 15 जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दो टीमें उनकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि मौके से फायरिंग जैसे कोई सबूत नहीं मिले है। गाड़ियों के कांच तोड़े हुए है। घायल भवानी सिंह का कहना है कि सोलर कंपनी के यार्ड में काम चल रहा था। इस दौरान 4-5 गाड़ियों में सवार होकर आए अनोप सिंह सहित अन्य 10-15 लोगों ने मारपीट करते हुए फायरिंग कर दी। इस दौरान मेरे हाथ को छुकर गोली निकल गई। घायल का आरोप है कि मेरी जमीन जाने पर टोकन मनी दे दी थी। मैंने जब अन्य ग्रामीणों को बताया तो वो सब उससे टोकन मनी मांगने लगे और इससे नाराज होकर अनोपसिंह मेरे से रंजिश रख रहा था। कंपनी से वार्ता होने के बाद हम ग्रामीणों को भी काम दिए गए। डीएसपी मानाराम गर्ग का कहना है कि जानकारी मिलने पर शिव थानाधिकारी दिनेश सिंह लखावत और मेरे ओर से मौका देखा गया। वहां पर गाड़ियों के टूटे हुए कांच मिले है।



### धरना समाप्त, धमासान शुरू

हड़वा गांव के ग्रामीण बीते 40 दिनों से जमीन के बदले टोकन मनी और उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर धरना देकर बैठे हुए थे। कंपनी का काम भी बंद था। सोमवार को देर शाम को सोलर कंपनियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई।सोलर कंपनियों ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए यह निर्णय लिया कि जिन किसानों की जमीन पर बिजली कंपनी का काम किया जा रहा है, उन्हें 20 जनवरी तक 3,500 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से टोकन मनी का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा, सोलर कंपनियों ने गांव के विकास के लिए पंचायत को सीएसआर फंड के तहत 3.5 करोड़ रुपये देने का भी वादा किया।

# शहर की सड़कों पर सुबह से छाया कोहरा

▶▶ स्कूलों में आज भी रहेगी छुट्टी

**जोधपुर।** जोधपुर में ठंड का असर जारी है। मंगलवार को भी सुबह से ही सड़कों पर कोहरा छाया रहा। वहीं ठंडी हवाओं के चलने की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। सर्दी से बचाव के लिए लोग तरह-तरह के जतन करते हुए नजर आए। शहर में आज का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। बता दें कि शहर में पिछले 4 दिनों से ठंड का असर बढ़ चुका है। न्यूनतम तापमान भी तीन से चार डिग्री नीचे तक आ चुका है। वहीं ठंडी हवाओं के चलने की वजह से ठंड का असर काफी बढ़ चुका है। इसके चलते सुबह के समय कोहरा छाया रहता है। वही धूप भी नहीं निकल रही है। इसके चलते भी आम जनजीवन खासा प्रभावित है। इधर शीतलहर के चलते जोधपुर में आज 14 जनवरी और 15 जनवरी तक स्कूलों में बच्चों की छुट्टियां कर दी गई है।

एमडीएम हॉस्पिटल में पेड़ों को बचाने की पहल

# नर्सिंगकर्मियों ने क्रेन से खुदवाया गड्ढा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में सड़क को चौड़ा करने के लिए इन पेड़ों को काटा जाना था। सड़क की चौड़ाई में बाधक बन रहे पेड़ों को हटाने के लिए कटाई का आदेश के बाद जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल के नर्सिंग अधिकारियों ने मिलकर इन्हें बचाने की पहल की है। इन पेड़ों को काटने के बजाय क्रेन की सहायता से ट्रांसप्लांट किए गए। दरअसल, न्यू डायग्नोस्टिक विंग तक जाने के लिए सड़क को चौड़ा किया जाना था, जिसके लिए 8 पेड़ काटने की अनुमति दी गई थी। इन पेड़ों को आज काटा जाना था। इस पर नर्सिंगकर्मियों ने पेड़ों को काटने से रुकवाया और उन्हें पास के ही खाली जगह पर गड्ढा खुदवाकर क्रेन की मदद से ट्रांसप्लांट किया गया। यहां दो पेड़ ट्रांसप्लांट किए गए जबकि 5 पेड़ों की जगह फुटपाथ बनाया जाएगा। एक पेड़ को काटा जाएगा। नर्सिंग अधिकारी भवानी शंकर नायक ने बताया- इन पेड़ों को काटने से बचाने के लिए हमने भामाशाहों से मदद की। उनकी सहायता से इन पेड़ों को काटने के बजाय ट्रांसप्लांट करवाया गया।



पेड़ों का करवाया पुनर्रोपण

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 842 | 841 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 251 | 250 |
| जिंक स्लैब | 276 | 276 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 181 |
| टिन स्लैब | 2663 | 2685 |
| निकल | 1385 | 1378 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 797 | 798 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 789 | 789 |
| कॉपर आर्मेचर | 779 | 779 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 732 | 732 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 529 | 530 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 567 | 565 |
| एल्युमिनियम | 193 | 193 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9010 | -1550 |
| टिन | 29625 | +15 |
| लीड | 1927 | -2600 |
| जिंक | 2841 | -1150 |
| एल्युमिनियम | 2546 | -2500 |
| निकल | 15650 | +15 |

# उदयपुर में सरकारी शिक्षक का अपहरण

▶▶ 10 लाख की मांगी फिरौती, 2 गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर की प्रतापनगर थाना पुलिस ने सरकारी टीचर का अपहरण कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर देवा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से घटना में उपयोग ली स्कॉर्पियो गाडी भी जब्त की है। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि 12 जनवरी 2025 को प्रार्थी हरीश सालवी पिता ब्रदीलाल सालवी ने थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि मेरे पिता बद्रीलाल सरकारी सी.सैकंडरी स्कूल बेड़वास में टीचर हैं। 9 जनवरी को वे घर से सुबह 8 बजे स्कूल जाने के लिए निकले थे। वापस घर नहीं आए। 10 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। जो बोला कि तेरे पिताजी हमारे कब्जे में है। हमने तेरे पिताजी को देबारी पावर हाउस के पास से उठाया है। यदि तुमको तुम्हारे पिताजी सुरक्षित चाहिए तो 10 लाख रुपए की व्यवस्था कर दो। नहीं तो कुछ भी अनहोनी हो सकती है। ऐसे में पूरा परिवार घबरा गया। उन्होंने मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने टीम गठित करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी योगेश गोयल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।



१५० सीसीटीवी खंगालने के बाद मिले आरोपी

# व्यापार जगत

# बढ़ेगी पेट्रोल-डीजल की कीमत

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में करीब 10 महीने से कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन जल्दी ही यह स्थिति बदल सकती है। इसकी वजह यह है कि रूस पर अमेरिका का ताजा प्रतिबंधों के कारण भारत को मिल रहा डिस्काउंट खत्म हो सकता है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि रूसी तेल पर अमेरिकी सरकार के प्रतिबंधों का असर भारतीय आयात पर दो महीने में देखने को मिलेगा। सबसे खराब स्थिति में भारत को रूसी तेल पर मिल रही छूट खत्म हो सकती है। केंद्र सरकार ने पिछले साल लोकसभा चुनावों से पहले 4 मार्च को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की थी। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। देश अपनी जरूरत का 87% कच्चा तेल आयात करता है। हाल के वर्षों से रूस से कच्चे तेल के आयात में भारी बढ़ोतरी हुई है।




▶▶ सूखने वाली है रूसी डिस्काउंट की टंकी
▶▶ छह महीने के शीर्ष पर कच्चा तेल

### 1978-1998 के बीच पैदा हुऐ

शुक्रवार को बाइडन एडमिनिस्ट्रेशन ने रूसी तेल उत्पादक कंपनियों Gazprom Neft और Surgutneftegaz के साथ-साथ करीब 180 तेल टैंकरों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इसका मतलब है कि इन दो कंपनियों से तेल खरीदने वाले या प्रतिबंधित टैंकरों से तेल की डिलीवरी करवाने वाले देश या व्यक्त पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अब तक रूसी एनर्जी सेक्टर पर अमेरिकी प्रतिबंधों का ज्यादा असर नहीं रहा है। भारत या रूसी तेल खरीदने वाले अन्य देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध नहीं लगाए गए हैं। रूसी तेल के प्रतिबंधित खरीदारों के डॉलर में भुगतान करना, अमेरिका में फंड जुटाना और अमेरिकी कंपनियों के साथ व्यापार करना मुश्किल होगा।

### डिस्काउंट खत्म होगा

भारत के लिए एक अहम सप्लायर है जबकि रोसनेफ्ट सबसे बड़ा सप्लायर है। Surgutneftegaz से आपूर्ति नहीं के बराबर है। भारतीय रिफाइनर रूसी सप्लाई के लिए ट्रेडर्स पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यही वजह है कि टैंकरों पर प्रतिबंध Gazprom पर प्रतिबंधों की तुलना में ज्यादा घातक हैं। नए प्रतिबंधों के कारण खरीदारों को पहले से किए गए सौदों को पूरा करने के लिए 12 मार्च तक का समय मिला है। अधिकारी ने कहा कि रूस पर अमेरिका के ताजा प्रतिबंधों से निश्चित रूप से भारत के लिए सप्लाई पर असर होगा।

### कच्चे तेल की कीमत

अधिकारी ने कहा कि भारतीय रिफाइनर 12 मार्च के बाद रूसी सप्लाई पर पड़ने वाले संभावित असर की भरपाई के लिए वैकल्पिक आपूर्ति की तलाश कर रहे हैं। भारतीय रिफाइनर स्पॉट मार्केट से रूसी कच्चा तेल खरीदते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाल ही में रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए एक बड़ी डील की है।

# डिफेंस कंपनी के शेयरों ने लगाई दहाड़



▶▶ 3% चढ़ा शेयर, आई गुड न्यूज

**मुंबई।** सरकारी डिफेंस कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर करीब 3.5 प्रतिशत चढ़ गया था। बता दें, बीएसई में आज कंपनी के शेयर 262.60 रुपये के लेवल पर खुले थे। जिसके बाद दिन में कंपनी के शेयर 268.60 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। डिफेंस कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह 561 करोड़ रुपये का काम मिला है। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है, "नवरत्न डिफेंस कंपनी ने को 561 करोड़ रुपये का अतिरिक्त काम मिला है। यह वर्क ऑर्डर 23 दिसंबर 2024 की अंडरटेकिंग के अतिरिक्त है।" बता दें, चालू वित्त वर्ष में अबतक 10,362 करोड़ रुपये का काम मिला है।

### सितंबर तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन कैसा रहा?

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स का नेट प्रॉफिट सितंबर तिमाही में सालाना आधार 35.2 प्रतिशत बढ़ा है। सितंबर क्वार्टर में कंपनी का नेट प्रॉफिट 1450.90 करोड़ रुपये रहा था। पिछले एक हफ्ते के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 7 प्रतिशत टूटा है। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 प्रतिशत से अधिक गिरा है। वहीं, 6 महीने में पोजीशनल निवेशकों को 20 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयरों में एक साल में 45 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 340.35 रुपये है। और कंपनी का 52 वीक लो लेवल 171.70 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1.94 लाख करोड़ रुपये का है। सितंबर तक की शेयर होल्डिंग के अनुसार कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से अधिक है। वहीं, पब्लिक की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत से अधिक की है।

# एक साल में बढ़ गई 99 करोड़ रुपये सैलरी

ऐपल के सीईओ कुक पर लक्ष्मी की कृपा



**नई दिल्ली।** हमारे देश जहां इस बात को लेकर बहस चल रही है कि हफ्ते में कितने घंटे काम करना चाहिए तो वहीं इस चर्चा से सैलरी लगभग गायब है। वहीं दूसरी ओर एक कंपनी के सीईओ की सैलरी में एक साल में 99 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस शख्स की साल 2024 में सैलरी पिछले साल के मुकाबले 18 फीसदी बढ़ गई है। यह शख्स कोई और नहीं बल्कि दुनिया की सबसे ज्यादा वैल्यूएशन वाली कंपनी ऐपल के सीईओ टिम कुक हैं।

### क्या-क्या शामिल है सैलरी में?

■ कुक को साल 2024 में जो सैलरी मिली है, उसमें बेसिक सैलरी के साथ शेयर से मिली रकम और मुआवजा भी शामिल है। कुक को बेसिक सैलरी के रूप में 3 मिलियन डॉलर मिले हैं। वहीं इन्हें जो शेयर मिले थे उनसे 58.1 मिलियन डॉलर और अतिरिक्त मुआवजे के तौर पर करीब 13.5 मिलियन डॉलर मिले हैं। इतनी सैलरी के बाद भी कुक को इस बार मुआवजे के तौर पर साल 2022 के मुकाबले कम रकम मिली है। साल 2022 में उन्हें करीब 100 मिलियन डॉलर का मुआवजा मिला था। इस बार यह मुआवजा 13.5 मिलियन डॉलर है। मुआवजे में कमी शेयरों की बढ़ती कीमतों के कारण है।

### कंपनी के शेयर में आई तेजी

■ ऐपल कंपनी के शेयर में पिछले एक साल में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी का शेयर अमेरिकी मार्केट में लिस्ट है। मंगलवार को शेयर की कीमत 234.40 डॉलर पर थी। एक साल में इसमें करीब 28 फीसदी की तेजी आई है। हालांकि पिछले एक महीने में शेयर में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। एक महीने में इसका शेयर 6 फीसदी से ज्यादा गिर गया है। ऐपल दुनिया की सबसे वैल्यूएशन वाली कंपनी है।

# दिसंबर में थोक महंगाई बढ़कर 2.37% पर आई

**नई दिल्ली।** दिसंबर महीने में थोक महंगाई बढ़कर 2.37% पर आ गई है। इससे पहले नवंबर में ये 1.89% पर थी। अक्टूबर महीने में यह 2.36% पर थी। आलू, प्याज, अंडे, मांस-मछली और फलों की थोक में कीमतें बढ़ीं हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 जनवरी को ये आंकड़े जारी किए। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।

**महंगाई कैसे मापी जाती है?**

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है।

# डीएसपी म्यूचुअल फंड ने दिए नए फंड

**मुंबई।** इस समय शेयर बाजार में बिकवाल ही हावी हैं। तभी तो नए साल में बाजार गिर ही रहे हैं। हालांकि आज यानी 14 जनवरी, 2025 को बाजार में सुबह से ही तेजी का रूख है। इस बीच डीएसपी म्यूचुअल फंड ने दो नए फंड, डीएसपी बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स फंड और डीएसपी बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की है।

**किसे ट्रैक करेंगी ये स्कीम्स**

डीसपी म्यूचुअल फंड की ये योजनाएं बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स को ट्रैक करती हैं, ओपन-एंडेड श्रेणी से संबंधित हैं। इस योजना का लक्ष्य निवेशकों को नेक्स्ट 30 सूचकांक में 30 सबसे बड़ी कंपनियों में निवेश करने का अवसर प्रदान करना है, और यह सूंचकांक बीएसई सेंसेक्स सूचकांक के बाद का महत्वपुर्ण सूचकांक माना जाता है।

## आपका राशिफल 15 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

# रंग-बिरंगी पतंगों से सजा दिखा आसमान

- धूमधाम से मनाया मकर-संक्रांति पर्व
- शिवालय में फूलों से बनाई पतंग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर सहित जिलेभर में मकर संक्रांति का पर्व उत्साह से मनाया जा रहा है। मंगलवार सुबह लोगों ने मंदिरों में दर्शन किए और दान पुण्य करने के बाद पतंगबाजी का आनंद लिया। दोपहर में लोग छतों पर पतंगबाजी कर रहे हैं। पर्व पर महिलाओं ने पकवान का भगवान सूर्य को भोग लगाया। मंदिर में पूजा पाठ किया। तिल से बने पकवान व अन्य सामग्री का वितरण किया। गोशालाओं में हरा चारा डाला और दान किया।। शहर के भैरूनाथ अखाड़े में स्थित जालंधर नाथ जी महाराज के मंदिर व शिवालय को रंग बिरंगी पतंगों व फूलों से सजाया गया।



### सुबह शाम 2-2 घंटे पतंगबाजी पर पाबंदी

जालोर जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गवांडे ने पक्षियों की सुरक्षा को देखते हुए सुबह 6 से 8 बजे व 5 से 7 बजे तक पतंग बाजी पर पाबंदी रखी है।

## मकर संक्रांति पर दिखा उत्साह का माहौल, किए दान-पुण्य

**जसवंतपुरा।** आसमान में सतरंगी पतंगे, घरों से लेकर सभी जगह वो काटा की आवाज दिनभर गूंजती रही। यह सिलसिला मंगलवार को सुबह से लेकर दिन ढलने तक चलता रहा। मौका था मकर संक्रांति पर्व का। पर्व को लेकर दिनभर आसमान रंगीन पतंगों से गुलजार नजर आया। कस्बे में सुबह से शाम तक हर वर्ग के लोग छतों पर पतंगबाजी करते नजर आए। युवाओं ने डीजे की धुनों के साथ पतंगबाजी का आनंद लिया। अधिकांश लोगों ने परिवार के साथ पतंगबाजी का लुफ्त उठाया। पतंगों को लड़ाने और उन्हें काटने में युवतियां और महिलाएं भी साथ देती नजर आई।

**दान कर अर्जित किया पुण्य :-** मकर संक्रांति पर्व को लेकर लोगों ने दान पुण्य किया। इसके साथ ही गौशाला में भी दान-पुण्य कर पुण्य अर्जित किया गया। कस्बे में श्रीराम सेना द्वारा संचालित क्वारंटाइन सेंटर व क्षेत्र की गौशालाओं में ग्रामीणों ने हरी घास, लपसी, गुड व दलिया खिलाकर पुण्य अर्जित किया। वहीं निर्धन गरीब लोगों को अनाज, कपड़े आदि दान किया। कस्बे के मुख्य चौराहे पर पशुओं के लिए घास डाली गई। कस्बे में मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ विविध धार्मिक आयोजन हुए। इस पर्व पर लोगों ने तिल के लड्डु बनाकर वितरित किए।



## गाय व गरीबों को दान कर मनाई मकर संक्राति

**रामसीन।** कस्बे सहित आस-पास के क्षेत्रों में मंगलवार को दानपुण्य कर हर्षोउल्लास के साथ मकरसंक्राति मनाई गई। भामाशाहों ने गरीब परिवारों के लोगों को गर्म कपड़े, ऊनी वस्त्र व साद्य सामग्री दी गई। गायों को गुड़ दान किया। दिनभर लोगों द्वारा दानपुण्य किया गया। आपेश्वर वाडी गौशाला तवाव में भी गायों को तिल के लड्डु व गुड खिलाया गया। इसी तरह क्षैत्र की समस्त गौशालाओं में दानपुण्् किया गया। पतंगबाजी के लिए युवाओं समेत हर वर्ग ने इसकी तैयारी कर पतंगबाजी के चलते हर घर की हर छत से जोर से शोर-शराबा सुनाई दिया। घरों में बने तिल के व्यंजन मकरसंक्राति पर तिल के अनेक व्यंजन बनाने की परम्परा है। ऐसे में जिले से तिल के लड्डु, तिल पत्ती, रेवडी, तिल पापड सहित कई व्यंजन बनाए गए। इस पर्व पर गायों का हरा घास व लड्डू खिलाया गया।



# जसवंतपुरा ब्लॉक से कुल 410 विद्यार्थियों ने आजमाया भाग्य

- जेतेश्वर संकल्प ज्योति प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा का आयोजन
- जालोर जिले के सात केंद्रों पर आयोजित परीक्षा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**जसवंतपुरा।** देवासी संकल्प सेवा संस्थान राजस्थान द्वारा आयोजित जेतेश्वर संकल्प ज्योति प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा चतुर्थ का आयोजन जिले के सात ब्लॉको में एक साथ किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक जोधाराम देवासी प्राचार्य मयूर महाविद्यालय पांचला ने बताया कि जिले के बागोड़ा में रविंद्रनाथ टैगोर पब्लिक स्कूल प्राथमिक विद्यालय बागोड़ा, भीनमाल में देवासी समाज छात्रावास भीनमाल, चितलवाना में देवासी समाज छात्रावास चितलवाना, जसवंतपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा, रानीवाड़ा में देवासी समाज छात्रावास रानीवाड़ा, सांचोर में मां शारदा पब्लिक माध्यमिक विद्यालय सांचोर तथा सरनाऊ में मयूर महाविद्यालय पांचला में इस परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में वस्तुनिष्ट प्रश्न जिनमें सामान्यज्ञान, विज्ञान, गणित, मानसिक योग्यता, कंप्यूटर, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल तथा देवासी समाज की संस्कृति के कुल 150 प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों के हल करने के लिए ओएमआर शीट का उपयोग किया गया। इस परीक्षा में जसवंतपुरा ब्लॉक से कुल 410 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक 381 विद्यार्थी तथा स्नातक एवं स्नातकोतर लेवल में 29 विद्यार्थीओं ने परीक्षा में भाग लेकर अपना भाग्य आजमाया।

इस परीक्षा को संपन्न करने के लिए अर्जुन कुमार कोडका केंद्राधीक्षक, जामताराम पावली ने अतिरिक्त केंद्राधीक्षक की भूमिका निभाई। किशन पाल ब्लॉक संयोजक तथा भरत कुमार बुंगाव व रणजीत मांडोली ने अतिरिक्त ब्लॉक संयोजक व केसाराम सरनाऊ ने केंद्र प्रभारी की भूमिका का निर्वहन किया।

### कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम

■ परीक्षा के पूर्ण होने के तत्पश्चात केरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें मुख्य वक्ता के तौर पर रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, सीबीईओ त्रिकमाराम, प्राचार्य रूडाराम, प्राचार्य विक्रमसिंह, पंचायत समिति सहायक अभियंता नरसीराम देवासी, व्याख्याता डामराराम ने मार्गदर्शन किया।

परीक्षा सेंटर पर वीक्षक की भूमिका दिनेश कुमार, अंकुश कुमार, ओटाराम, गणेशराम, गोमाराम द्वारा की गई। परीक्षार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था के भामाशाह देवासी दोस्ताना क्लब (जसवंतपुरा) द्वारा व सदस्य देवाराम, कानाराम व अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे। उक्त परीक्षा के सफल आयोजन के लिए देवासी संकल्प सेवा संस्थान के स्थानीय ब्लॉक के पदाधिकारियो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस परीक्षा में प्रथम से तृतीय स्थान तक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आगामी वर्ष में देवासी संकल्प सेवा संस्थान राजस्थान द्वारा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# चिकित्सा संस्थान नेशनल क्वालिटि एश्योरेंस के तहत हो प्रमाणित: जिला कलक्टर

- जिला स्तरीय कार्यशाला में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण व टीकाकरण पर चर्चा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** चिकित्सा विभाग एवं डब्ल्यूएचओ के संयुक्त तत्वाधान में वतन रिसोर्ट में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने चिकित्सा संस्थानों में बेहतर प्रबधंन, स्वच्छता, दवाईयां, जांच एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता रखते हुए जिले के प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों को नेशनल क्वालिटि एश्योरेंस स्टैंडर्स के तहत प्रमाणित करने के निर्देश दिए।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. रमाशंकर भारती ने जिले में बेहतर प्रबधंन एवं नेशनल क्वालिटि ऐश्यारेंस स्टैंडर्स के तहत पूर्व में प्रमाणित हुई चिकित्सा संस्थान के बारे में जानकारी दी।

जिला कार्यक्रम प्रबधंक चरण सिंह ने चिकित्सा संस्थान पर स्वच्छता, हाईजीन, वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण रोकथाम तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही एसेसमेंट की मॉनिटरिंग करने के लिए सेल्फ एसेसमेंट करने को कहा।



बताया कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड कार्यक्रम के तहत चिकित्सा संस्थान साफ-सफाई व उपकरणों के रखरखाव का बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। उन्होंने क्वालिटी एश्योरेंस से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से रूबरू करवाते हुए सभी चिकित्सा संस्थान को साफ-सुथरा रखने, स्वच्छ व बेहतर बनाने पर बल दिया। उन्होने चैकलिस्ट के अनुसार काम करने के बारे में जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. पंकज सुथार ने वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलेंस के बारे में जानकारी देते हुए टीकाकरण से रोकथाम की जाने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने टीकाकरण से रोकी जा सकने वाली बीमारियों की निगरानी करने, इसके प्रकोप और नए रोगाणुओं का पता लगाने, टीके से रोकथाम योग्य रोगों के प्रसार को नियंत्रित करने और टीकाकरण के लाभों को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होने नियमित टीकाकरण को मजबूत करना, टीकाकरण सत्रों की निगरानी बढ़ाना और टीकाकरण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

कार्यशाला में डॉ. अनीता चौहान ने नियमित टीकाकरण की महत्वता पर जोर देते हुए एमआर, डिप्थीरिया आदि टीकाकरण के बारे में जानकारी दी साथ ही उन्होने टीकाकरण सत्रांक के आयोजन से पूर्व संबधित क्षेत्रों में प्रचार प्रसार, समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता एवं टीकाकरण सत्र के पश्चात् लाभार्थी के नियमित फॉलोअप के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनाराम विश्नोई, जिला अस्पताल उप नियंत्रक डॉ. कमलेश मीणा, समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## सांगाणा में बालिकाओं को साइकिल वितरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीवाणा।** निकटवर्ती सांगाणा के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के प्रांगण में राज्य सरकार द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए दी जाने वाली साइकिल वितरण की। पीईईओ गजेंद्र सिंह ने राज्य सरकार द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए दी जाने वाली साइकिल वितरण का समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 में अध्ययनरत 18 बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरपंच प्रतिनिधि हबास खाँ ने सरकार की ओर से बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए साईकिल की योजना सुरु की। वही बालिका को दूर से आने के लिए सरकार ने योजना सुरु की है। वही ने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा के लिए तरह तरह की योजना चला रही है हमे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पुर्ण रूप से लाभान्वित होना चाहिए। प्रधानाध्यापक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए दी जाने वाली साइकिल से छात्राओं को आने जाने मे बहुत आसानी होगी।

# रेप का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ रेप और ब्लैकमेलिंग के मामले में पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी 32 वर्षीय भगराज देवासी निवासी रानीवाड़ा कलां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया-पीड़िता ने थाने में शिकायत दी कि दो साल पहले आरोपी सब्जी लेने के बहाने उसके घर आता-जाता था।

आरोपी ने एक दिन घर में अकेला पाकर बलात्कार किया।

इसके बाद उसे बदनाम करने के लिए अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। आरोपी फोटो के जरिए ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो वॉट्सऐप और इंटरनेट पर वायरल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 11 जनवरी 2025 को मामला दर्ज किया।

# नि:शुल्क साइकिल मिलने पर बालिकाओं के खिले चेहरे



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** राज्य सरकार की लाभकारी योजना के तहत सुपार्श्वनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसीन में सत्र 2024-25 की कक्षा 9 की पात्र 61 बालिकाओं को सरपंच चंद्रवीरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य एवं उप तहसीलदार रूपाराम सोलंकी की अध्यक्षता में निःशुल्क साईकिल का वितरण किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि परमार ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की तारीफ की एवम अधिक से अधिक विधार्थियों को सरकारी विधालय से जोड़ने का आव्हान किया। अध्यक्षता कर रहे सोलंकी ने बालिकाओं से नियमित अध्ययन कर अच्छे अंक प्राप्त करने को कहा एवम सरकारी विधालय में किये जा रहे कार्यो एवम अध्ययन की तारीफ की। संस्थाप्रधान देवड़ा ने राज्य सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ बालिकाएं साईकिल पाकर अत्यंत प्रसन्न हुई। इस अवसर पर भूपेंद्र कुमार, गणपत सिंह, जोगा राम, हरीश चंद्र, चंद्र प्रकाश, लक्ष्मण कुमार, रमेश कुमार, गेरा राम, चंदा राम, आदाराम, सावलसिंह, शेतान सिंह, भीमाराम, रमेश कुमार भील, रामसिंह, हिमाराम, सपना, जगदीश प्रसाद, आशा राम, केशाराम, हंजादेवी, देवी कुमारी, धीरू देवी, सीता देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवम समस्त विधालय स्टॉफ उपस्तिथ था। कार्यक्रम का संचालन डूंगरसिंह कबावत मांडोली ने किया।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित लाभार्थी 31 मार्च तक कराएं ई-केवाईसी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित लाभार्थियों द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक ई-केवाईसी नहीं करवायी है, उनका नाम विभाग स्तर से खाद्य सुरक्षा योजना से अस्थायी रूप से हटाए (डिलीट) जाने की कार्यवाही की जा रही है तथा दिनांक 31 मार्च, 2025 तक ई-केवाईसी करवाने पर संबंधित जिला रसद अधिकारी द्वारा पुनः चालू किये जाने हेतु प्रावधित किया गया है। जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित लाभार्थी, जिनकी ई-केवाईसी होना अभी शेष है, अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य की ई-केवाईसी दिनांक 31 मार्च 2025 तक करवाना सुनिश्चित करें। ई-केवाईसी का कार्य अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान पर निःशुल्क किया जा रहा है। साथ ही 05-10 आयु वर्ग के लाभार्थियों के आधार अपडेशन पश्चात् ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

# बाली शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने कर्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने कर्तव्य बहुत पखवाड़ा सन्त घीसू महाराज के तत्वावधान में आश्रम में मनाया गया। कर्तव्य बोध पावाड़ा का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद, भारत माता, सरस्वती मां की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर शुरुआत की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुंदर भजनों के साथ सन्त ने अपने उद्बोधन में धर्म के प्रति निष्छ, मानव मात्र के सेवा के बारे में प्रवचन दिए। शिक्षक संघ अध्यक्ष मूल चंद गर्ग ने कर्तव्य बोध के बारे में विस्तृत चर्चा की साथ ही शिक्षक संघ राष्ट्रीय की कार्य पद्धति के बारे में जानकारी प्रदान की।जिला सहसंगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह राणावत व जीवा राम सरेल ने शिक्षक संघ राष्ट्रीय के होने वाले पूरे वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी दी साथ ही शिक्षक संघ राष्ट्रीय शिक्षकों हितों के लिए, क्या क्या कार्य कर रहा है कि जानकारी प्रदान की। उप शाखा मंत्री कृष्ण पाल सिंह जोधा ने कर्तव्य बोध पखवाड़ा को हिंदू धर्म के तैयार मकर संक्रांति के साथ एवं विवेकानंद जयंती के साथ मनाते हुए शुभारंभ के साथ मनाना यही सही मायने में सच्ची सार्थकता है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रदेश अधिवेशन सांवरिया सेठ में जाने के लिए सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। इस धूणी आश्रम में सभी के सहयोग से गौ माता के लिए चार ओर पक्षियों के लिए दाना दिया गया अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष विक्रम सिंह , उदय सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष छगनलाल लोंगोचा जब्बरसिंह आढा महेंद्र सरेल चुन्नीलाल परिहार जीवा राम सरेल रेखा परिहार सरिता परिहार ताराकुँवर ने भाग लिया। उप शाखा बाली समस्त कार्यकारणी सदस्य, शिक्षक साथी, मातृ शक्ति आदि उपस्थित रहे।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा क्रमांक 18243680B विभाग/रेलवे।** स्टोर/मध्य रेलवे **समापन :** 20.01.2025 **निविदा शीर्षक :** एमजी के नियंत्रण के लिए एमसीआर पैनल असेंबली **संशोधनों : 2) एनआईटी हेडर : फील्ड का नाम :** निविदा बंद होने की तिथि/समय **मौजूदा मान :** 06.01.2025 / 11.30 पूर्वाह्न **संशोधित मान :** 20.01.2025 / 11.30 पूर्वाह्न

Apex-695 **कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि निविदा सूचना स. मरे/म.रे.प्र (कार्य)बी. बी. /2024/32 में क्रम संख्या 03 जो 17.01.2025 को खुलने वाला है और 21.01.2025 तक स्थगित किया जाने वाला है, और क्रम संख्या 10, जो 21.01.2025 को खुलने वाला है, दोनों को प्रशासनिक कारणों से 28.01.2025 को फिर से स्थगित किया जाता है।

**Notice No: BB/W/Improv or yard/NE/WR Date:06/01/2025**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 690

**पश्चिम रेलवे**

**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजीनियरिंग विभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/261 दिनांक 13.01.2025,** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** (i) विरार-जोरावासन खंडः सीटीआर (पी)= 6.53 टीकेएम, टीएसआर(पी)= 25.00 टीकेएम तथा टीआरआर(पी)= 0.52 टीकेएम, (ii) विरार-सूरतः टीटीआर (सीएस) = 48 सेट्स, टीटीआर (सीएसएमसी) = 7 सेट्स, एसईजेः 48 नग, पी एंड सी स्लीपर्स केवल - 167 तथा टीएफआर (पी एंड सी)- 193 (जीआरपीएस केवल)। (iii) विरार-जोरावासनः टीएफआर- 22.138 टीकेएम, संयुक्त निविदा (सिविल + एस एंड टी) **कार्य की अनु. लागतः** रु. 6,38,57.065.72, **ईएमडीः** रु. 4,669,300/-, **जमा करने की दिनांक व समयः** 07.02.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की दिनांक व समयः** 07.02.2025 को 15.30 बजे। **आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।** 0965

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न बायो-लैब कार्य**

मंडल रेलवे प्रबंधक (मैकेनिकल), मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. बीडीटीएस-एमपी-2023-24-I-बायो-लैब,** आमंत्रित है। **कार्य का नामः** बांद्रा टर्मिनसः 02 वर्ष हेतु (टर्नकी आधार पर) लैब का आवश्यक परिक्षणों (पीएच, सीओडी तथा एफसी) के संपूर्ण संचालन तथा रखरखाव एवं लैब उपकरण, कंजुमेबल्स तथा केमिकल्स सहित पूर्णतया कार्यरत बायो-टायलेट लैब की आपूर्ति, विकास, स्थापना, परिक्षण तथा प्रारंभीकरण। **कार्य की अनु. लागतः** रु. 41,53,275.80, **ईएमडीः** रु. 83,100/-, **बोली प्रारंभ की दिनांकः** 21.01.2025, **निविदा खुलने की दिनांक व समयः** 04.02.2025 को 15.00 बजे। **आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।** 0966

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**TENDER NOTICE NO. DRM-W-PA-2024-S-34 DT. 13.01.2025.**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पुणे ने निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की हैं: S-34 – पुणे मंडल में 2 वर्षों के लिए कुल 05 ईईसीआई मेक डीडब्ल्यूटी यूएसएफडी मशीनों के लिए अधिकृत ओईएम से वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। (मॉडल नंबर DS 322 AT Sr. No. DS59AS, DS60BS, DS61BS, DS62BS और DS63BS) (पुनः आमंत्रित) कीमतः रु. 9,31,138.00, **बोली सुरक्षा:** रु. 18,600/–, **समापन अवधि:** 24 महीने। बोली बंद होने की तारीख और समय 03.02.2025 को 15.15 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे PA-31

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

**1. शुद्धिपत्र 1 :** दिनांक 08.01.2025 को 12:22 बजे निविदा सूचना संख्या DR.N.C. S&T. निविदा 2024.10 के विरुद्ध एक शुद्धिपत्र प्रकाशित किया गया है, जो दिनांक 26.12.2024 को 18:13 बजे जारी किया गया था । इस शुद्धिपत्र में मौजूदा निविदा अनुसूची पीडीएफ अनुलग्नक को उसी के संशोधित संस्करण के साथ प्रतिस्थापित करना शामिल है। मूल एनआईटी की अनुसूची वही रहेगी। **2. शुद्धिपत्र 2:** दिनांक 10.01.2025 को 15:12 बजे निविदा सूचना संख्या DR.N.C. S&T. निविदा 2024.10 के विरुद्ध एक शुद्धिपत्र प्रकाशित किया गया है, जो 26.12.2024 को 18:13 बजे जारी किया गया था। इस शुद्धिपत्र में निविदा के प्रकार को एक पैकेट प्रणाली से दो पैकेट प्रणाली में अदयतन करना शामिल है । **2. वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड जहाँ से पूर्ण विवरण आदि देखे जासकते हैं:** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और 'उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), तिलक पुल के पास, मध्य रेल, दादर, मुंबई – 400028' का कार्यालय.

**निविदा सूचना क्र. डीआर. एन. सी. एसएंडटी. टेंडर. 2024.10 Date: 10/01/2025**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 691

**मध्य रेल**

**भुसावल विभाग**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक एसीएल, मध्य रेल भुसावल और भारत के राष्ट्रपति द्वारा ई निविदा आमंत्रित कि जा रही है । ई निविदा क्र .56245934A जिसका समापन दिनाँक 12 -FEB-2025 को 11.30 बजे है। बोली लगाने वाले अपनी निविदा उपर दि गई तारीख तक जमा कर सकते है । केवल ई . बीड / ई निविदा ही स्विकृत की जाएगी। हाथसे लिखा हुआ बीड स्विकृत नही किया जाएगा। **निविदा प्रकार :** खुला / विज्ञापित **बोली लगाने की प्रक्रिया –** एकल बोली प्रक्रिया **निरिक्षण संस्था –** TPI AGENCY **प्रकाशन दिनांक / समय –** 13/01/25 12:07:26 **अनुमानित मूल्य –** रू. 7167000.00 **अंतीम तिथी –** 12 -FEB-2025 11:30 hrs. **ऑफर की वैधता –** 90 Days मात्रा– 1 Nos. **2) मद का विवरण –:** Supply, Installation, testing and commissioning of portable Dissolve Gas Analyzer including concomitant accessories and spare as per specification No: COFMOW/IR/DGA/ 2018 or Latest. **3) विशेष सूचना :** इस निविदा का संपुर्ण विवरण **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**E-Tender Notice No. BSL/ACL/Tender /56245934A**

**Dy. CMM ACL, BHUSAWAL**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे BSL-01

# बड़ी संख्या में सांवलियाजी पहुंचेंगे जिले के शिक्षक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला साँचौर की उपशाखा रानीवाड़ा की बैठक उपशाखा अध्यक्ष अरविंद कुमार जोशी की अध्यक्षता, प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेश कुमार जोशी, जिला मंत्री धर्मदान चारण, जिला महिला संगठन मंत्री सीता देवी शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। उपशाखा मंत्री मोहब्त सिंह देवड़ा ने बताया कि बैठक में प्रदेश सम्मेलन में भाग लेने की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई इस अवसर पर प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेश कुमार जोशी ने कहा कि हम संगठन के निष्ठावान और ऊर्जावान कार्यकर्ता है हमें शैक्षिक सम्मेलन हेतु सरकार द्वारा किये राजकीय अवकाश को अवकाश न समझते हुए सम्मेलन में उपस्थित होकर दो दिवसीय शैक्षिक मंथन और उन्नयन के लिए विभिन्न विचार के मंथन में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता इसमें आवश्यक रूप से अपनी उपस्थिति देकर सम्मेलन को सफल बनाने एवं शैक्षिक जगत में आवश्यक परिवर्तन एवं नवाचार करने में अपना योगदान दें ।जिला मंत्री चारण ने कहा कि प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में साँचौर जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन में खुले सत्र में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर विचारों को प्राप्त कर उन्हें संकलित करके सामधान हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा एवं उनके तुरंत समाधान के प्रयास उच्च स्तर से किये जाएंगे जिसमें समस्त संवर्ग के शिक्षकों की विविध समस्याएं सामिल होगी। जिला महिला संगठन मंत्री महिला सीता देवी शर्मा ने कहा कि प्रदेश सम्मेलन एवं संगठनात्मक गतिविधियों में मातृशक्ति की उपस्थिति एवं सहभागिता अति आवश्यक है हमें भी संगठन कार्य के लिए आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए एवं संगठन के लिए समय का समर्पण करने को आगे आना चाहिए महिला कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आइये हम महिला कार्यकर्ता भी सेठ सांवलिया पहुंचकर सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दें। उप शाखा मंत्री मोहब्बत सिंह देवड़ा ने संगठन के कार्यकर्ताओं के प्रदेश सम्मेलन में पहुंचने की कार्य योजना का वृत प्रस्तुत करते हुए कहा कि रानीवाड़ा से 50 से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे जो बस द्वारा सेठ सांवलिया जी हेतु 16 तारीख शाम 4:00 बजे प्रस्थान करेंगे। कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसका कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी आसुराम सेन ने जानकारी दी कि बैठक में भभूता राम चौधरी, शैतान सिंह चौहान, भलाराम चौधरी, पांचाराम चौधरी, ओमप्रकाश राजपुरोहित, हनुमान चौधरी, भंवर सिंह चारण, मंजू यादव, हिमराजाराम सहित संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नट बस्ती से सेवाड़िया तक पुन: सड़क बनाने की मांग

## ▶▶ सड़क पूरी तरह से जर्जर, नागरिक परेशान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा शहर की नट बस्ती सांचोर रेलवे फाटक कॉलोनी के निवासियों ने उपखण्ड अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि नट बस्ती और रेलवे ट्रैक रानीवाड़ा के पास बनी सीसी सड़क जर्जर हो गई है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय नट बस्ती रानीवाड़ा में होते हुए सेवाड़िया और आपेश्वर महोदव मंदिर तक जाती है। यहां कई लोग निवास कर रहे हैं। सड़क करीब 15 साल पहले बनी थी। अब सड़क जगह-जगह से टूट गई है, जिससे गड्ढे हो गए हैं। सड़क के पास पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से भराव हो जाता है। लंबे समय से पानी का भराव होने से बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। जगदीश नट ने बताया कि नट बस्ती में रास्ते के दोनों तरफ गंदगी व कचरे के ढेर लगे हुए, जिससे बदबू से लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगरपालिका के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जब भी नगरपालिका मे जाते है तो अधिकारीयो से संतुष्ठ जवाब भी नही मिलता है। जल्द समस्या का समाधान करने को लेकर जगदीश नट ने ज्ञापन सौपा है।



## सुविचार

सफलता की सीढ़ी उस व्यक्ति के लिए
कभी भी भीड़भाड़ वाली नहीं होती, जो उसे
ईमानदारी और मेहनत से चढ़ता है।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### सोने ने निगलीं सौ जानें

दक्षिण अफ्रीका में सोने की खदान में फंसे 100 खनिकों की मौत हो गई है। जबकि कई खनिक अभी भी फंसे बताए जा रहे हैं, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं जिंदा बचे खनिक शवों के साथ बुरी हालत में हैं। उन्हें न खाना पहुंच रहा है और न ही पानी मिल रहा है। जिनकी मौत हुई है, वे भी भूख-प्यास से तड़प-तड़प कर मरे। 18 लोगों के शव निकालने जा चुके हैं। माइनिंग अफेक्टेड कम्युनिटीज यूनाइटेड इन एक्शन ग्रुप के प्रवक्ता सबेलो मंगुनी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि 26 लोग सुरक्षित रेस्क्यू किए गए हैं, जिनसे मिले वीडियो में अंदर के हालात पता चले। पता चला है कि करीब 500 खनिक सोने के लालच में खुदाई करने के लिए खदान में उतरे थे। वे अवैध तरीके से खुदाई कर रहे थे, क्योंकि खदान कई सालों से बंद पड़ी थी। पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर सेबाटा मोकगवाबोन ने बताया कि हादसा स्टिलफोंटेन शहर के पास बफेल्सफोंटेन में बनी सोने की खदान में हुआ है। शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भूख-प्यास से मौत की पुष्टि की है। खदान में खनिकों के शव प्लास्टिक के लिफाफों में लपेट दिए गए हैं। जो खनिक जिंदा हैं, उनकी हालत भी काफी खराब है। नवंबर महीने से खनिक अंदर ही फंसे हैं। करीब 500 खनिक खुदाई करने खदान में उतरे थे। जिस खदान में हादसा हुआ है, वह दक्षिण अफ्रीका की सबसे गहरी खदानों में से एक है। इसकी गहराई करीब ढाई किलोमीटर है। इसके अंदर सुरंगों का चक्रव्यूह बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीका में अवैध खनन पिछले कई सालों से आम बात है। सोने के लालच में लोग अवैध तरीके से खदानों में उतर जाते हैं। वे अपने साथ खाना, पानी और अन्य उपकरण भी ले जाते हैं। कई बार हादसों का शिकार भी हो जाते हैं। ब्रिगेडियर सेबाटा मोकगवाबोन ने बताया कि 2 महीने पहले नवंबर में पुलिस को इस खदान में अवैध खनन की जानकारी मिली थी, तब तक करीब 500 खनिक इसके अंदर उतर चुके थे। पुलिस ने उन्हें खदान से जबरन निकालने की कोशिश की, लेकिन सभी बाहर नहीं निकल पाए। तब से पुलिस और खनिकों के बीच विवाद चल रहा है। पुलिस कार्रवाई के डर से खनिक बाहर नहीं आ रहे थे। मजबूरन पुलिस को खनिकों को निकालने के लिए खदान में उतारी गई रस्सियां हटानी पड़ी। इसके चलते पुलिस पर खाना-पानी की सप्लाई बंद करने और खनिकों को मरने के लिए मजबूर करने के आरोप लगे। जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, तब तक 100 लोगों की मौत हो चुकी थी। सोने के लालच में अब तक सौ लोग जान से हाथ धो चुके हैं।

### भारत पर कूटनीतिक हमले की तैयारी

# ब्रह्मपुत्र पर सुपर डैम बना रहा चीन...!!



शाहिद ए चौधरी

अब यह बात किसी से छुपी नहीं है कि चीन यारलुंग त्संगपो नदी जो अरुणाचल प्रदेश में आकर ब्रह्मपुत्र नदी बन जाती है पर विशाल हाइड्रोइलेक्ट्रिक बांध बनाने जा रहा है। ब्रह्मपुत्र संसार की सबसे बड़ी नदियों में से एक है। प्रस्तावित बांध की अनुमानित लागत 137 बिलियन डॉलर है। इससे 60 गीगावाट्स बिजली का उत्पादन होगा। इसका अर्थ यह है कि यह थ्री गोर्जेस डैम (चीन की यांगत्ज़ी नदी पर बना यह बांध 22,250 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है जोकि दुनिया में सबसे ज्यादा है) से भी ढाई गुना से अधिक बड़ा होगा। इस बांध का भारत पर बहुत गहरा असर पड़ेगा। सवाल है चीन यह बांध क्यों बना रहा है? साथ ही यह भी कि इस संदर्भ में भारत को क्या करना चाहिए? यह बांध बीजिंग के विशाल ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों का हिस्सा है या सीमा वार्ता पर नई दिल्ली को बैकफुट पर करने की गहरी साजिश? प्रश्न यह भी है कि उत्तरपूर्व में नई दिल्ली को अब जल प्रबंधन के संदर्भ में क्या करना चाहिए? चीन द्वारा इस बांध को बनाने की योजना आश्चर्य के रूप में नहीं आई है। जब मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-2025) गठित की थी, जिसमें उसने क्लाइमेट व ऊर्जा सुरक्षा के महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए थे, तब उसने स्पष्ट रूप से यारलुंग के निचले हिस्सों में हाइड्रोपॉवर विकास को वरीयता दी थी। भारत में आज इस को लेकर आश्चर्य हो रहा है तो इसका मतलब है कि चीन के दीर्घकालीन इरादों को गंभीरता से नहीं लिया गया है। तथ्य यह है कि यारलुंग को लेकर चीन की महत्वकांक्षी योजनाएं बहुत पुरानी हैं। अपनी 12वीं पंचवर्षीय योजना (2011-2015) में बीजिंग ने यारलुंग के ऊपरी व बीच के हिस्सों में अनेक बांध बनाना प्रस्तावित किया था, जिसमें डागू डैम (640 मेगावाट), जन्गामू डैम (510 मेगावाट) व जीअचा डैम (320 मेगावाट) के अतिरिक्त एक अन्य ज़ेक्सु डैम भी था।

ज़न्गामू डैम चल रहा है, जबकि तीन अन्य डैम रुके हुए हैं क्योंकि उनमें तकनीकी व लॉजिस्टिकल चुनौतियां बाधा बनी हुई हैं। ऊबड़ खाबड़ ज़मीन, तीव्र ढलान वाले पहाड़ और गहरी खाइयां 'सुपर डैम' के निर्माण में बहुत बड़ी चुनौती हैं। इसलिए यह संभव है कि चीन की बड़ी घोषणा वास्तविक निर्माण की बजाय भारत को परेशान करने के लिए हो।

चीन के लिए यह रणनीति लाभकारी हो सकती है कि वह भारत के साथ सीमा मुद्दों को उन नदियों से जोड़े जो दोनों देशों में बहती हैं। वह उम्मीद कर सकता है कि इस तरह दबाव डालने से भारत सीमा मुद्दों पर उसकी बात मानने के लिए तैयार हो जाएगा। सुपर डैम की घोषणा का समय मात्र संयोग नहीं है। इस घोषणा के साथ ही चीन ने यह भी ज़ाहिर किया कि उसने दो नई काउंटी भी बनाई हैं, जिनमें विवादित रूप से लदाख के भी कुछ हिस्सों को शामिल किया गया है, जिसके बारे में भारत ने सख्ती से कहा है कि वह 'अवैध कब्जे' में हैं। दरअसल, सबसे अधिक डरावनी बात यह है कि तिब्बत में भूकंप के खतरे हमेशा बने रहते हैं। केवल 2024 में तिब्बत में 100 से अधिक भूकंप आए जिनकी तीव्रता कम से कम 3.0 थी। अभी कुछ दिन पहले तिनगरी के निकट 6.5 तीव्रता का भयंकर भूकंप आया जिसमें जान व माल का ज़बरदस्त नुकसान हुआ। मेडोग काउंटी जहां सुपर डैम बनाना प्रस्तावित है, वहां से तिनगरी लगभग 1,200 किमी के फासले पर है। क्या यह प्राकृतिक आपदाएं चीन की महत्वकांक्षी योजना को पटरी से उतार देंगी? नहीं। चीन सुपर डैम बनाने के लिए इन खतरों को अनदेखा कर देगा। उसकी अतीत की हरकतें बताती हैं कि वह प्रकृति की सम्प्रभुता की परवाह नहीं करता है। बीजिंग के लिए सीमाओं को पार करने वाली अन्य नदियों की तरह यारलुंग भी स्ट्रेटेजिक एसेट है।

भारत के साथ सीमा विवाद में यारलुंग नदी उसके लिए राजनीतिक हथियार बन गई है। इसलिए भारत को तैयार रहना चाहिए, भले ही चीन सुपर डैम बनाए या न बनाए। यह कहना फिज़ूल है कि चीन का बांध अवैध है और चोरी छुपे बनाया जा रहा है। यह कहने से सिर्फ पब्लिक नैरेटिव ही बनता है कि चीन गैरजिम्मेदार और आक्रमक देश है। लेकिन यह निश्चितरूप से भारत का मुख्य उद्देश्य नहीं हो सकता। यह सही है कि चीन की भौगोलिक ऊपरी तटवर्ती वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता, लेकिन भारत की निचली तटवर्ती स्थिति भी आवश्यक रूप से पूर्णतः हानिकारक नहीं है। डाटा से मालूम होता है कि दोनों कम व अधिक जल प्रवाह के दौरान यारलुंग में पानी का वार्षिक आउटफ्लो ब्रह्मपुत्र से कम ही रहता है। इसलिए भारत जल संसाधनों के अनुप्रवाह विकासक के रूप में निर्णायक भूमिका अदा कर सकता है। सबसे पहली बात तो यह है कि भारत को उत्तरपूर्व क्षेत्र में अपनी क्षमता व गुंजाइश को निरंतर मज़बूत करते रहना चाहिए। इसमें शामिल है कि चीन से जो नदियां आ रही हैं उनके जल प्रवाह की स्वयं निगरानी व पुष्टि को बढ़ा देना चाहिए, जिसके लिए बाढ़ के खतरे को मैप व भविष्यवाणी करने के लिए सुपीरियर सैटेलाइट्स प्रयोग करना चाहिए और टेलीमेट्री स्टेशनों को अपग्रेड करना होगा। दूसरा यह कि स्टोरेज सुविधाओं, तटबंध, बाढ़ के पानी को मोड़ देने व शमन के लिए और खेतों की सिचाई हेतु संकलित दृष्टिकोण के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करना होगा।



ब्रह्मपुत्र पर स्टोरेज सुविधाएं बनाना आवश्यक है, लेकिन इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जिसमें जगह के चयन, भूकंप की आशंका, इकोलॉजी और स्थानीय ज़रूरतों का ख्याल रखा गया हो। अपनी ही भूमि पर अपस्ट्रीम (नदी के ऊपर) व डाउनस्ट्रीम (नदी के नीचे) जैसे बहाव बनाना भारत के लिए हानिकारक होंगे। तीसरा यह कि ब्रह्मपुत्र बेसिन में अंदरूनी नौपरिवहन को अधिक बढ़ाना होगा। अंदरूनी जलमार्गों पर अधिक निवेश करना होगा ताकि ब्रह्मपुत्र नेशनल वाटरवे 2 आर्थिक गलियारे के रूप में काम करे और उसका सीधा संपर्क चिट्टागोंग (बांग्लादेश) और हल्दिया (पश्चिम बंगाल) की बंदरगाहों से हो जाए। इससे दक्षिणपूर्व एशिया के देशों में व्यापार प्रोत्साहित होगा। चीन के साथ जल समझौता होना मुश्किल ही लगता है। ऐसे में भारत यह कर सकता है कि पानी की मात्रा से आगे बढ़कर अपना वाटर एजेंडा तैयार करे और सीमा पर क्लाइमेट चेंज, आर्दभूमि व जैवविविधता की विस्तृत चिंताओं को सामने लेकर आये। इन पर दोनों भारत व चीन ने संबंधित कन्वेंशनों में हस्ताक्षर किए हुए हैं। इससे उन एमओयू में ताज़ा पहलू आ जाएगा जो 2002 से मौजूद हैं, जिनमें विषेशज्ञ स्तर की व्यवस्था भी शामिल है। जो पारीछु नदी की घटना के बाद स्थापित की गई थी।

- इमेज

## पंचांग

15 जनवरी 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - शिशिर
- माह - माघ
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - द्वितीया 27.24 तक
- वार - बुधवार
- नक्षत्र - पुष्य 10.29 तक
- योग - प्रीति 25.47 तक
- करण - तैतिल 15.18 तक
- सूर्योदय - 07.16 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.19 (मुंबई)
- सूर्योदय - 07.28 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.12 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कर्क
- अभिजित् मुहूर्त - नहीं
- राहु काल - 12.47 से 14.11
- व्रत, त्यौहार - राजयोग 10.29 तक, दग्धयोग 27.24 से सूर्योदय तक
- दिशा शूल - उत्तर

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### यूं ही नहीं कोई महिला बन जाती नागा साधु, करनी पड़ते कई काम!

महाकुंभ एक ऐसा जमघट है, जो हिंदू धर्म और लोगों की आस्था का प्रतीक है। महाकुंभ में नागा साधुओं का स्नान सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है। हर बार नागा साधु महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र बनते हैं और पहला शाही स्नान (अब अमृत स्नान) का अधिकार नागा साधुओं को दिया गया है। पुरुषों की तरह ही महिला भी नागा साधु बनती हैं, जिनके जीवन और तपस्या के बारे में लोग जानना चाहते हैं। लेकिन महिला नागा साधु बनना बेहद कठिन होता है, इसके लिए महिला को बहुत सी चुनौतियां और नियमों का पालन करना पड़ता है।

**महिला नागा साधु बनने की शर्तें**

- महिला को नागा साधु बनने के लिए हमेशा ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है। ब्रह्मचर्य की परीक्षा 6 से 12 साल तक हो सकती है।
- इन 6 से 12 साल के दौरान अखाड़ा समिति यह तय करती है कि वह महिला साधु बनने लायक है या नहीं।
- महिला नागा साधुओं को 5 गुरुओं से दीक्षा लेनी होती है, इसके लिए उन्हें कई प्रयास करने होते हैं।
- नागा साधु कभी किसी भी मौसम में वस्त्र नहीं पहन सकते, लेकिन महिला नागा साधुओं को नग्न रहने की इजाजत नहीं है।
- महिला नागा साधुओं को हमेशा गेरुए रंग का एक कपड़ा पहनना होता है, जिसे गंती कहते हैं और माथे पर तिलक लगाना होता है।
- महिला को नागा साधु बनने के लिए अपना सिर भी मुंडवाना होता है। साथ ही, जीवित रहने के बावजूद अपना ही पिंडदान करना होता है।
- महिला नागा साधु बनने के लिए शिव की घोर तपस्या करनी होती है और यह तपस्या अग्नि के सामने बैठकर की जाती है।
- महिला नागा साधुओं को भी सांसारिक जीवन और बंधनों को त्यागना होता है। वह साधु बनेंगी या नहीं यह अखाड़ा समिति तय करती है।

## तारीख विशेष

### थल सेना दिवस



हर साल 15 जनवरी को भारत में थल सेना दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना की बहादुरी, शौर्य और त्याग का प्रतीक है। 1949 में इसी दिन फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा ने जनरल सर फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया था। यह ऐतिहासिक क्षण भारतीय सेना के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

इस दिन पूरे देश में सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया जाता है। विशेष रूप से नई दिल्ली में इंडिया गेट स्थित अमर जवान ज्योति पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। विभिन्न छावनियों और सैन्य स्टेशनों पर परेड और सैन्य प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं।

थल सेना दिवस भारतीय सैनिकों की समर्पण भावना को सम्मानित करने का अवसर है। भारतीय सेना न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा करती है, बल्कि आपदा प्रबंधन, आतंकवाद से निपटने और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यह दिन देशवासियों को यह स्मरण कराता है कि सेना की कड़ी मेहनत और बलिदान के कारण ही हम सुरक्षित और स्वतंत्र जीवन जी पा रहे हैं। हमें अपने सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए और उनकी वीरता से प्रेरणा लेनी चाहिए।

थल सेना दिवस केवल एक दिन नहीं है, यह भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य की याद दिलाने वाला एक विशेष अवसर है। भारतीय सेना को सलाम!

### बड़ा पर्दा : सई परांजपे

# उन्हें महिला निर्देशक कहलाना पसंद नहीं

कैलाश सिंह

कुछ दिन पहले यह खबर आई कि सई परांजपे, जो अब 86 बरस की हो गईं हैं, ने अपना मूल हस्तलिखित ड्राफ्ट्स व पटकथाओं का संग्रह अशोका विश्वविद्यालय के आर्काइव ऑफ़ कंटेम्पररी इंडिया को दान कर दिया है। यह अच्छा है क्योंकि संग्रह वहां सुरक्षित रहेगा और शोध छात्रों के काम आ सकेगा। यह खबर पढ़कर याद आया कि सई परांजपे को बुरा लगता था जब कोई उन्हें 'महिला निर्देशक' कहता था; क्योंकि वह लैंगिक समता की झंडाबरदार थीं और खुद को केवल 'निर्देशक' कहलवाना पसंद करती थीं, लेकिन यह भी तथ्य है कि जिस दौर में उन्होंने अपनी तीन क्लासिक फिल्मों- स्पर्श (1980), चश्मे बद्दूर (1981) व कथा (1983) का निर्देशन किया तो वह ही एकमात्र महिला थीं जो मुंबई में फिल्मों का निर्देशन कर रही थीं।

- इमेज

इसमें शक नहीं है कि पुरुष प्रधान फिल्मोद्योग में सई परांजपे ने अपनी फिल्मों के माध्यम से विशेष व प्रभावी स्थान हासिल किया। उनकी सफलता में उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। उनके नाना आरपी परांजपे पहले भारतीय थे, जिन्होंने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में मैथमेटिकल ट्राईपोस टॉप किया। उनकी मां शकुंतला परांजपे जो अपने माता पिता की इकलौती बेटी थीं, ने कैंब्रिज से ग्रेजुएशन किया, जिनेवा में इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन में काम किया, रुसी पेंटर यौरा स्लेपटज़ोफ़्फ़ से शादी की और इस शादी के टूटने से पहले दो साल तक यूरोप में रहीं। इसके बाद पुणे लौट आयीं अपनी छह माह की बेटी सई परांजपे के साथ। भारत लौटने पर शकुंतला ने फिल्मों में काम किया, जिसमें वी शांताराम की 'दुनिया न माने' (1937) भी शामिल है। बाद में वह विधायक और राज्यसभा की सदस्य भी रहीं। इस व्यस्तता के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी पर भी खूब ध्यान दिया। सई परांजपे को उन्होंने संस्कृत व स्विमिंग सिखायी, उन्हें कला व संगीत की क्लास में लेकर गईं। जब उन्होंने देखा कि सई परांजपे में कहानी सुनाने की प्रतिभा है, तो उन्होंने ऐसा रूटीन स्थापित किया जिसके तहत उनकी बेटी रोज़ एक कहानी लिखती थी। फिर कहानी के इस संग्रह को प्रकाशित कराया गया और उस समय सई



परांजपे की आयु मात्र 8 साल थी। सई परांजपे ने अपनी आत्मकथा 'ए पैचवर्क कुइल्ट' (2020) में अपनी मां के बारे में लिखा, "उनके पद चिह्न मेरे हर रचनात्मक प्रयास में देखे जा सकते हैं।" सई परांजपे ने अपना करियर रेडियो व दूरदर्शन के साथ आरंभ किया, फिर वह थिएटर से होती हुई फिल्मों में आ गईं। यह अनुभव भी फिल्मों में बहुत काम आया। उन्होंने दूरदर्शन के लिए नेत्रहीन बच्चों पर एक टेलीफिल्म बनाई थी। इन बच्चों के होम के नेत्रहीन प्रधानाचार्य से वह बहुत प्रभावित हुईं। इसी को आधार बनाकर उन्होंने फिल्म 'स्पर्श' बनाई, जिसमें नसीरुद्दीन शाह नेत्रहीन प्रधानाचार्य की भूमिका में थे, जिन्हें विलाप करती एक युवा विधवा (शबाना आज़मी) से प्यार हो जाता है। ताशकंद फिल्म फेस्टिवल में जाने-माने फिल्म वितरक व निर्माता गुल आनंद ने सई परांजपे की पहली फिल्म 'स्पर्श' (1980) देखी थी, जोकि नेत्रहीनों की समस्याओं पर संवेदनशील व गंभीर फिल्म थी। गुल आनंद को यह फिल्म बहुत पसंद आई, लेकिन इसके बावजूद वह चाहते थे कि सई परांजपे उनके लिए एक ऐसी फिल्म बनाएं जो हंसी मज़ाक़, मौज मस्ती से भरी हो, जिसे देखने के बाद अच्छेपन का तो एहसास हो, लेकिन उसमें कोई सामाजिक उपदेश या संदेश न हो। गुल आनंद की बातें सुनकर सई परांजपे को अपना टेलीप्ले 'धुआं धुआं' याद आ गया जो उन्होंने दूरदर्शन के लिए बनाया था। इस नाटक में केवल हास्य था और हास्य के अतिरिक्त कुछ नहीं था। इसमें तीन दिल फ़ेंक कॉलेज के छात्र एक बरसाती में रहते हैं और दिन में खुली आंखों से सपने देखते रहते हैं। एक दिन वह एक जवान लड़की को नागिन की सी चाल में चलते हुए देखते हैं। वह एक-दूसरे को चुनौती देते हैं कि कौन उस लड़की से दोस्ती करने में सफल होगा? एक-एक करके तीनों कोशिश करते हैं, तीनों को ही मुंह की खानी पड़ती है यानी वे तीनों बुरी तरह से नाकाम रहते हैं। लेकिन लौटने पर तीनों ही अपनी कामयाबी की झूठी कहानी बनाकर सुनाते हैं। चूंकि वह तीनों ही जानते हैं कि वह फ्लॉप रहे हैं, इसलिए बिना इस तथ्य को स्वीकार किए, संबंधित लड़की को बदचलन घोषित करके भूल जाना तय करते हैं। उनके सपनों की लड़की सिगरेट के धुंए में उड़ जाती है। गुल आनंद को यह कहानी पसंद आई, लेकिन वह इसमें एक संशोधन चाहते थे कि तीन दिल फ़ेंक आशिकों में से एक को हीरो मटेरियल बना दिया जाए यानी समझदार, पढ़ाकू, मदद करने वाला, कठिन परिश्रमी, जिसकी प्रेम कथा फूलों की तरह खिलनी चाहिए न कि धुंए में उड़ जाए। फिल्म का शीर्षक भी 'धुआं धुआं' की जगह कुछ और रखा जाए। हालांकि शीर्षक बदलने के लिए सई परांजपे पहले तैयार नहीं थीं, लेकिन बाद में वह तैयार हो गईं। इस तरह क्लासिक 'चश्मे बद्दूर' की नींव रखी गई, जिसमें फारूक शेख, रवि बासवानी, राकेश बेदी, दीप्ती नवल और सईद जाफरी प्रमुख भूमिकाओं में थे। 'चश्मे बद्दूर' की सफलता से अचानक मुंबई में सई परांजपे की मांग बढ़ गई। लेकिन बड़े बैनर के निर्माता भी उन्हें कम बजट देने के लिए ही तैयार थे। आखिरकार उन्हें निर्माता सुरेश जिंदल मिले, जिन्होंने बासु चटर्जी की 'रजनीगंधा' और सत्यजीत रे की 'शतरंज के खिलाड़ी' में पैसा लगाया था।

## गीता सार



धूमेनाव्रियते वह्निर्यथादर्शो मलेन च।
यथोल्बेनावृतो गर्भस्तथा तेनेदमावृतम् ॥ (38)

**भावार्थ**

जिस प्रकार धुएं से अग्नि और धूल से दर्पण ढक जाता है तथा जिस प्रकार गर्भाशय से गर्भ ढका रहता है, उसी प्रकार कामनाओं से ज्ञान ढका रहता है।

## बोले तो...



जम्मू और कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। पीओके पाकिस्तान के लिए एक विदेशी क्षेत्र से ज्यादा कुछ नहीं है। पीओके की भूमि का इस्तेमाल आतंकवाद का कारोबार चलाने के लिए किया जा रहा है। पीओके में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर चलाए जा रहे हैं।

- राजनाथ सिंह



अगले दशक में स्मार्ट ग्लासेस लोकप्रियता और व्यावहारिकता में स्मार्टफोन को पीछे छोड़ देंगे। 2030 के दशक तक वे एक ऐसी दुनिया की कल्पना करते हैं, जहां लोग रोजमर्रा के कामों के लिए स्मार्ट ग्लासेस पर निर्भर होंगे और स्मार्टफोन का उपयोग केवल विशेष कार्यों के लिए करेंगे।

- मार्क जकरबर्ग



संजय राउत हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं है और हमें उनके बयान पर कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है। आज का अहम मुद्दा यह है कि हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। चीन ने हमारी सीमाओं के कई हिस्सों में घुसपैठ की है। किसान और युवा सरकार की गलत नीतियों के कारण परेशान हैं।

- नाना पटोले

## कुछ अलग | अजब गजब

# तीन मिनट के लिए 'मरा' शख्स पहुंचा नरक! बताया कैसा था वहां का मंजर

मृत्यु जिंदगी का वो कड़वा सच है, जिसे कोई भी झुठला नहीं सकता. मतलब, जिसने इस दुनिया को एक बार अलविदा कह दिया, वो लौटकर नहीं आ सकता। लेकिन एक शख्स ने अपने अजीबोगरीब दावे से दुनिया को चौंका दिया है। डाक्टरों ने शख्स को मृत घोषित कर दिया था, लेकिन तीन मिनट बाद ही उसकी सांसें लौट आईं। हालांकि, इस दौरान उसने जो कुछ भी अनुभव किया, वो चौंका देने वाला है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, नशीली दवाओं की ओवरडोज के बाद इस अनाम शख्स को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे क्लीनिकली डेड डिक्लेयर कर दिया। लेकिन तीन मिनट बाद ही शरीर में हलचल होने लगी और वो जीवित हो उठा। हालांकि, मौत की दहलीज से लौटे इस शख्स ने जो भी खुलासा किया, वो हैरान कर देने वाला है। शख्स की मानें, तो वह इस दौरान नरक पहुंच



गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, कथित तौर पर नरक से लौटने की कहानी सुनाने के बाद शख्स दोबारा काल के गाल में समा गया। तब हॉस्पिटल में उसका दोस्त भी मौजूद था। उसने ही रेडिट पर अपने मर चुके दोस्त की कहानी का खुलासा किया है। शख्स के अनुसार, दोबारा प्राण त्यागने से पहले दोस्त ने कहा था कि नरक बहुत ठंडा है। वहां गर्मी बहुत कम थी। शख्स की मानें, तो मृतक दोस्त का यह भी कहना था कि नरक में उसे कुछ ऐसा नजर आया, जो एक चेतावनी की तरह था कि वह जिंदगी में लौटकर उसमें फौरन बदलाव लाए, मगर अफसोस कि कुछ पल बाद ही उसने दम तोड़ दिया।

यह कोई पहला मामला नहीं है, जब किसी ने इस तरह के अनुभव का जिक्र किया है। इससे पहले भी कई लोगों ने 'नियर डेथ एक्सपीरियंस' होने की बात कही है। 2019 में कंसास की शार्लेट होम्स ने कुछ ऐसा ही दावा किया था। उनका कहना था कि वे 11 मिनट के लिए स्वर्ग पहुंच गई थीं। उन्हें हाई बीपी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था।

## पाठक पाती

### विदेशों में भारतीय स्वाद के चटकारे

विदेशों में देसी ब्रांड छोटे दाम (5 रुपए) के बावजूद भारतीय कंपनियों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में धाक जमी है। यह बात अलग है कि भारतीय स्वाद वैश्विक स्तर पर भले ही ब्रांडेड न हो पाया हो पर बड़ी विदेशी कंपनियों के बीच भारतीय जायके अपनी पहचान बनाने में सक्षम हुए हैं। टेस्ट एटलस की सूची में चार भारतीय नॉनवेज के नामों के बाद अब हल्दीराम के स्नैक्स ने वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता कायम की है तो यह उनकी क्षमता का प्रमाण है। वैसे देखा जाए तो व्यंजन और स्वाद की दुनिया में भारतीय उत्पाद अद्वितीय हैं। टेस्ट एटलस की दुनिया के 100 सबसे बेहतरीन व्यंजनों की सूची में भारत के चार नानवेज शामिल किए गए लेकिन अफसोस कि भारतीय शाकाहारी व्यंजन के स्वाद और उनकी गुणवत्ता को नहीं परखा गया। जबकि भारतीय व्यंजनों में अनोखे स्वाद के साथ मसालों का मिश्रण और विविधता का कमाल है और यही इसे वैश्विक स्तर पर पसंदीदा बनाते हैं। यूनानी, इटेलियन, मेक्सिकन और स्पैनिश व्यंजनों के बीच भारतीय व्यंजनों को स्थान मिलना बड़ी बात है। वैसे देखा जाए तो भारतीय भोजन केवल स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि पोषण से भरपूर भी है और इससे शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है। हल्दीराम के उत्पाद स्नेक्स की दुनियां में भारत की नई पहचान बनकर उभरे हैं।

-अमृतलाल मारू

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने किया धौलपुर दौरे के दूसरे दिन कई संस्थानों का निरीक्षण



## आंगनवाड़ी नरपुरा पर खीर खिलाकर कराया दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार राजभूषण चौधरी ने धौलपुर दौरे के दूसरे दिन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी, विद्यालय समेत संस्थानों का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचगांव के निरीक्षण हेतु पहुंचे। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं के बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, रिकॉर्ड रूम इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा केंद्र पर राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त सभी चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ आमजन को दिलाये जाने की मंशा जाहिर की।

**दो बच्चों को खीर खिलाकर कराया प्रथम बार अन्नप्राशन :** अगले क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री नरपुरा आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने एक बालक एवं बालिका शिशु को प्रथम बार अन्नग्रहण कराने हेतु खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। इस दौरान उन्होंने यहां मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु विशेष प्रयास किये गए हैं। उन्होंने किशोरी बालिकाओं में एनीमिया के उन्मूलन हेतु द्राक्षावलेह, पुनर्नवादि मंडूर, कृमि मुदगर रस की किट दो किशोरी बालिकाओं को सौंपी। उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने बताया कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मिशन अत्कर्ष कार्यक्रम के तहत संयुक्त रूप से संचालित इस पहल का मूल उद्देश्य देश के पांच महत्वकांक्षी जिलों जिनमें से एक धौलपुर है, में 14 से 18 वर्ष की किशोरियों के पोषण स्तर को बढ़ाना है। इस परियोजना के दोंनो केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जा रहा है। इस केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान सीसीआरएएस नई दिल्ली व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयुपर के माध्यम से जिले में क्रियान्वित किया जायेगा। इससे जिले में 8 हजार 500 से अधिक किशोरी बालिकाएं लाभान्वित होंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि नीति आयोग से प्राप्त अवॉर्ड राशि से जिले में 50 नवीन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कराये जा रहे हैं।

**निरीक्षण हेतु पहुंचे तो बच्चों को पढ़ाने लगे मंत्री :** केंद्रीय राज्य मंत्री जब महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छावनी पहुंचे तो छात्रों से उनका अधिगम स्तर जानने हेतु विज्ञान एवं गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। वे विद्यालय के छात्रों के उत्तर से काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने विद्यालय की फैकल्टी की भी सराहना की। छात्रों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के पश्चात बोर्ड पर लिखकर ज्यामिति, त्रिकोणमिति के नियमों को समझाने लगे। उन्होंने जीव विज्ञान से संबंधित भी कई प्रश्न विद्यार्थियों से किये जिसका जवाब छात्रों ने बखूबी से दिया। उन्होंने छात्रों से बड़े लक्ष्य रखकर उन्हें अर्जित करने हेतु परिश्रम करने की सीख दी। उन्होंने विद्यालय में मौजूद आधुनिक संसाधनों, स्वच्छ एवं विशाल परिसर, छात्रों के अधिगम स्तर की सराहना की। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, प्रोटोकॉल अधिकारी अल्का श्रीवास्तव एवं केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव एवं भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी अर्जुन सिंह साथ रहे।

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया



## बंदियों के साथ जातिगत भेदभाव नहीं करने के दिये निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा सोमवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा जेल में बंदियों से जातिगत भेदभाव के संबंध में पूछताछ करने पर जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना बताया। टीम ने जेल में बंदियों से संबंधित संधारित रजिस्टर में जाति का इन्द्राज नहीं करने एवं जातिगत कॉलम को हटाये जाने के निर्देश दिये गये। टीम द्वारा जेल में रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता को जांचा गया। खाना बनाने वाले बंदियों से पूछताछ करने पर सभी जाति के बंदियों द्वारा संयुक्त रूप से खाना बनाये जाने के निर्देशित किया गया। कारागृह में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा शौचालयों की साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। टीम द्वारा जेल में मौजूद बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। सभी बंदियों द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी किया जाना बताया तथा किसी भी बंदी द्वारा अधिवक्ता न होने का कथन नहीं किया गया। टीम द्वारा बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया गया। जेल में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया तथा बंदियों को दी जाने वाली दवाइयों की जानकारी ली गई। जेल में डॉ. सुमित मित्तल एवं नर्सिंग ऑफीसर दलीप सिंह मौजूद मिले। इस अवसर पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सावित्री आनंद निर्भीक, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धौलपुर चेतराम मीणा सहित कारागृह स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## स्वच्छता सैनानियों का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्री बद्रीनारायण दाखां देवी मंत्री चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से चूरू के स्च्छतासेनानियो को मकर-संक्रांति के मौके पर रजाईयां व मकर-संक्रांति पर एकमात्र चूरू में बनने वाली थेपडा़ घेवर वितरित कर स्वच्छता सेनानियों का सम्मान किया गया। ईस मौके पर कांग्रेस नेता रियाजत खान ने कहा कि मकर संक्रान्ति के पव पर स्वच्छता सेनानियों के मान सम्मान से बडा़ कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता ट्रस्ट के स्थानीय प्रतिनिधि राधेश्याम चोटियां ने बताया कि मुख्य ट्रस्टी अशोक कुमार मंत्री व्दारा प्रतिवर्ष कम्बल/रजाई वितरण किया जाता है तथा वार्ड नं 55 व56 में अब तक 22 सड़के व नालियों का निर्माण करवाया जा चुका है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व पार्षद ताराचन्द बांठिया ने कहा कि इस ट्रस्ट द्वारा जनहित के कार्यक्रम में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लिया जाता है अकाल राहत कमजोर तबके के लड़की की शादी में सहयोग करने में अग्रणी रहता है। इस अवसर पर महेश मिश्रा, शंकर सैनी विश्वनाथ सैनी, आबिद खान, मोयल मुबारक भाटी, कैलाश सैनी उपस्थित रहे।

## आयकर स्रोत पर कटौती हुई है, तो अपनाएं यह प्रक्रिया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** यदि किसी भी पेंशन या पारिवारिक पेंशनर की पेंशन में से आयकर की स्रोत पर कटौती कर ली गई है। गत माह में पेंशन कम प्राप्त हुई है तो पेंशनर पैन कार्ड को आईएफएमएस पेंशन पोर्टल पर अपडेट करवाएं एवं पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करवायें। इसके बाद पेंशन निदेशक पेंशन निदेशालय राजस्थान को आवेदन पत्र में पेन नंबर तथा आधार नंबर सूचना देनी होगी तथा सूचित करना होगा कि आगामी माह से टीडीएस की कटौती नहीं की जाये। इस आवेदन को रजिस्टर्ड डाक से पेंशन निदेशक को भिजवाना होगा एवं एक प्रति कोषाधिकारी को देनी होगी। पेंशन विभाग द्वारा पेंशन से अब तक काट लिये गये आयकर टीडीएस के रिफंड हेतु अप्रैल 2025 के पश्चात इनकम टैक्स रिटर्न भरना होगा। पेंशनर अधिक जानकारी के लिए निदेशक पेंशन निदेशालय राजस्थान जयपुर के कमरा नंबर 215 में संपर्क कर सकते हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से हुए नुकसान का जायजा लेने झाड़सर पहुंचे विधायक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर क्षेत्र के गांव झाड़सर बड़ा में आकाशिय बिजली गिरने से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए तारानगर विधायक किसान नेता नरेन्द्र बुड़ानिया पीड़ित परिवार से मिलने झाड़सर पहुंचे एवं पीड़ित परिवार को ढाढंस बंधाया। विधायक बुड़ानिया ने कहा प्रकृति ने एक गरीब परिवार के घर पर अटेक किया है एवं गनीमत रही कि उनके कोई जनहानि नहीं हुई। विधायक बुड़ानिया ने मुझे जैसे ही इस घटना का पता चला तो मै तुरंत पीड़ित परिवार के लिए चला आया। विधायक बुड़ानिया ने कहा सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र के लोग मेरा परिवार है मैंने वादा किया था कि हर दुख तकलीफ में मैं आपके साथ रहूंगा। इस परिवार के लिए मैंने व प्रधान संजय कस्वां ने प्रशासन से एक घंटे तक वार्ता की है। जितना सहयोग मिल सकता है उतना सहयोग दिलाने की कोशिश करूंगा, मैंने प्रशासन को भी निर्देशित किया है कि बोर्ड बिठाकर उक्त पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाएं। विधायक बुड़ानिया ने कहा मै सरकार से भी मुआवजा दिलाने की पूरी कोशिश करूंगा।

## स्व. दलीप सिंह निर्बाण की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** मंगलवार को क़स्बे के जयपुर हॉस्पिटल में शारीरिक शिक्षक स्व. दलीप सिंह निर्बाण की स्मृति में रक्तादान व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नोहर ब्लड बैंक की टीम ने 311 यूनिट रक्त संग्रहित किया। वहीं अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 251 रोगियों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श देकर लाभांवित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में डीएस निर्बाण ट्रस्ट के सुशील निर्बाण ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य की प्रेरणा उन्हे विरासत में मिली है। गरीब को गणेश मानकर सेवा कार्य करने से आनंद की अनुभूति होती है ।

# न्यायिक अधिकारियों ने नगर परिषद परिसर स्थित रैनबसेरे का निरीक्षण किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** मकराना में तालुका विधिक सेवा समिति के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों ने नगर परिषद परिसर स्थित रैनबसेरे का निरीक्षण किया। वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल पारेख और सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पूनम योगी ने मंगलवार को यह निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर कमियां सामने आईं। रैनबसेरे में दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधाओं का अभाव पाया गया। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण सुरक्षा गार्ड और आग से बचाव के लिए अग्निशमन यंत्र भी नहीं मिले। न्यायाधीशों ने नगर परिषद अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेघर और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने के लिए रैन बसेरे का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर रैन बसेरे की जानकारी वाले बैनर लगाए जाएं। साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और आगंतुकों का रजिस्टर सही तरीके से मेंटेन करने के निर्देश भी दिए गए।नगर परिषद के कार्यालय अधीक्षक अशफाक गैसावत ने सभी आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। न्यायाधीशों ने कर्मचारियों से जरूरतमंदों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

# भैंसा चोरी पर 11 गांवों के पंच-पटेलों ने दे डाली चक्का जाम की चेतावनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**अलवर।** कोटकासिम थाना क्षेत्र के गांव जकोपुर में गत 8 जनवरी को भैंसा चोरी होने के बाद लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते जकोपुर गांव में करीब 11 गांवों के पंच-पटेलों की पंचायत में ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर विरोध जताया। वहीं सर्व सम्मति से लामबंद होकर कोटकासिम तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां पर एकत्रित ग्रामीणों ने तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है की गत 8 जनवरी की रात को करीब साढे 10 बजे दो व्यक्ति जकोपुर गांव में एक घर के सामने बैठे हुए भैंसे को चोरी कर ले गए। जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। चोरी की घटना को लेकर गत 11 जनवरी को पांच गांव के ग्रामीणों ने कोटकासिम पुलिस थाने में चोरी की घटना के विरोध में प्रदर्शन कर विरोध जता थानाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटकासिम पुलिस की तरफ से कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस के ढीले रवैये के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

# मानस अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** सोमवार को जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशानुसार श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानस अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानस अभियान के नोडल अधिकारी हरकेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अलावा चौधरी बी.आर. कॉलेज, राजकीय कन्या महाविद्यालय, गीतांजलि कॉलेज के विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिनमें नाटक, नृत्य, गायन आदि प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मानस नोडल अधिकारी हरकेश मीणा ने स्वागत उद्बोधन में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अमरसिंह मूनपरिया ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त अधिकारियों, विभिन्न महाविद्यालय के प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई। इसमें चौधरी बी.आर.कॉलेज, व गीतांजलि कॉलेज के विद्यार्थियों ने नाटक में प्रथम तथा गीतांजलि कॉलेज ने गायन में द्वितीय स्थान एवं चौधरी बी.आर.कॉलेज के विद्यार्थियों ने गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन युवा क्लब नोडल अधिकारी डॉ. एकता देवी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बन्दियों को कम्बल बांटे, घेवर का नाश्ता करवाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**चूरू।** जिला कारागृह में नियमित रूप से पुस्तक पढ़ने वाले पुस्तकों में देखकर निबन्ध, कहानी, कविता आदि लिखने वाले, सुबह-शाम भजन-कीर्तन करने वाले और जेल में संचालित विविध नवाचार गतिविधियों में भाग लेने वाले बन्दियों जिनके व्यवहार व सोच में जेल स्टाफ को सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है, को वस्त्र व्यवसायी अंजनी कुमार गोटेवाले की ओर से कम्बल वितरित किए गए तथा पशु पालन विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. प्रभुदयाल बरवड़ की ओर से मकर संक्राति की पूर्व सन्ध्या पर उन्हें घेवर का नाश्ता करवाया गया। इस अवसर पर जेल उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार स्वामी ने बताया कि जब से जिला कारागृह में पुस्तकालय की स्थापना हुई है तथा पुरस्कृत शिक्षक फोरम की ओर से नवाचार कार्यक्रम संचालित करवाए जा रहे हैं। बन्दियों की दिनचर्या बदल रही है तथा उनके व्यवहार और सोच में धीरे-धीरे सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित पुरस्कृत शिक्षक फोरम के जिला सचिव तथा नवाचार प्रेरक ओमप्रकाश तंवर ने नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने, एकान्त में बैठकर माला फेरने व मेडिटेशन करने की बन्दियों को सलाह दी। डॉ. प्रभुदयाल बरवड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य जीवन बारबार नहीं मिलता है। हमें मनुष्य जीवन मिला है इसके लिए हमें परमात्मा का धन्यवाद करना चाहिए और इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। पूर्व बैंक मैनेजर सांवताराम ईसरान ने कहा कि समय अनमोल है। इसके एक-एक क्षण का सदुपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम प्रारम्भ में बन्दियों ने मधुर स्वर में गीत व भजनों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। अन्त में उपकारापाल दिलीपकुमार सुथार ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। बन्दियों द्वारा लिखे गए निबन्ध और कहानियों का भी अतिथियों ने अवलोकन किया तथा पठन व लेखन कार्य को निरन्तर करते हुए समय का सदुपयोग करने की बन्दियों को सलाह दी।

# चूरू की विशाखा और पायल बनीं विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का हिस्सा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**चूरू।** चूरू की विशाखा और पायल ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लेटेस्ट डायलॉग थीम पर आयोजित 28 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपनी प्रस्तुति दी। डिप्टी डायरेक्टर एवं राष्ट्रीय युवा महोत्सव नई दिल्ली में राजस्थान दल प्रभारी मंगल जाखड़ ने बताया कि एक लाख युवाओं को नेतृत्व देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस कार्यक्रम में देशभर से 3000 युवाओं ने 10 से 12 जनवरी के बीच आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के अंतर्गत 10 थीम आधारित विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि राजस्थान दल में चूरू जिले से विशाखा इंदौरिया तथा पायल ने प्रतिनिधित्व किया। विशाखा ने यंग लीडर डायलॉग में आयोजित पीपीटी प्रस्तुतीकरण में राज्य स्तर पर चयनित होने पर भारत मण्डपम में 'भारत को 2047 तक पूरी तरह से सतत भविष्य की ओर ले जाना' विषय पर सौर ऊर्जा तथा पराली प्रबंधन के बारे में अपनी प्रस्तुति दी। इसी क्रम में पायल ने राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कहानी लेखन प्रतियोगिता में चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि है इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में युवाओं ने अंतरराष्ट्रीय एवं एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त यूथ आईकॉन से संवाद के साथ-साथ प्रधानमंत्री संग्रहालय का अवलोकन किया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के निवास पर रात्रिभोज व अनेक मुद्दों पर बातचीत की। इसी क्रम में 11 जनवरी को पैनल डिस्कशन व डोमेन एक्सपर्ट से बातचीत हुई तथा 'विकसित भारत के रंग' सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिय और 12 जनवरी को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में प्रस्तुति दी तथा उनका युवाओं के नाम संबोधन सुना।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया चम्बल सफारी का अवलोकन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने चम्बल सफारी का भ्रमण किया। चौधरी धौलपुर प्रवास के दूसरे दिन अपने काफिले के साथ चम्बल तट पहुंचे और अपने दल-बल के साथ सफारी बोट पर सवार हुए। इस दौरान उन्होंने रेल्वे ब्रिज तक बोट से यात्रा की। वहां उन्होंने चम्बल घड़ियाल एवं विदेशी पक्षियों के कलरव के दृश्य का लुत्फ उठाया। चम्बल सफारी का अवलोकन करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जिले में पर्यटन की विपुल सम्भावनाएं हैं। उन्होने कहा कि चंबल सफारी पर्यटकों के लिए काफी लुभावनी है। इसको और अधिक विकसित करने के प्रयास किये जायें। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह प्रोटोकॉल अधिकारी अल्का श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिगं निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि0/कानपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिगं के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** उप मुख्य विद्युत अभियन्ता /नि0 / कानपुर / 24-25 टेन्डर-134

**कार्य का नाम:** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल पर भिंड लाइन से इटावा तक फ्लाईओवर और अतिरिक्त लिंकलाइन के माध्यम से इटावा- भिंड लाइन और इटावा- मैनपुरी लाइन के बीच लिंक लाइन के प्रस्ताव के संबंध में 132 केवी 3 फेज डी/सी ट्रांसमिशन लाइन का संशोधन, स्थानांतरण/ऊंचाई बढ़ाने का कार्य।

**अनुमानित लागत :** ₹ 17112914.90 | **अमानत राशि:** ₹ 235600.00

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 00 | **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय:** 03.02.2025, 15:00 बजे

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन / अवधि की तिथि:** 06 माह

**वैलिडिटि पीरियड:** 60 दिन, **निविदा दिनांक 03.02.2025 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे।** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **81/25 (D)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# रंग-बिरंगी पतंगों ने आसमान में भरी उड़ान, पेच लड़ाकर काटी पतंगें





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मकर संक्रांति पर मंगलवार को जिलेभर में छतों पर पतंगबाजों का डेरा रहा। आसमां रंग-बिरंगी पतंगों से अटा रहा। लोगों ने पतंगबाजी के अलावा दान पुण्य भी खूब किया। घरों में महिलाओं ने सूर्यदेव की पूजा अर्चना की। घर-घर में तिल के पकवान बनाए गए। सुबह से पतंग उड़ाने लायक हवा होने के कारण लोग जल्द ही छतों पर चढ़ गए। इसी तरह गांधी पार्क योग संस्थान सिरोही ने मकर संक्रांति पर्व मनाया। जयविक्रम हरण, योगाचार्य भीकसिंह भाटी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा, स्काउटर गोपालसिंह राव, गोविंद कुमार, गोपाल राम, तमन्ना माली, अनीता, नसीमा बानो, प्रवीण कुमार, विनेश तोमर, किरण शर्मा, रामचंद्र, चन्द्रभान, ईशू कंवर आदि मौजूद थे। इसी तरह भाजपा नगर मंडल की ओर से मकर संक्रांति पर्व पर शहर की सभी कच्ची बस्तियों में लड्डू, फल एवं बिस्किट वितरित की गई। मीडिया प्रभारी अमृत सुथार ने बताया कि इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण देवासी, पूर्व सभापति ताराराम माली, भाजपा मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, पूर्व मंडल प्रकाश पटेल, रामलाल मेघवाल, बाबूसिंह माकरोडा, गीता राजपुरोहित, शंकरसिंह परिहार, राजेंद्रसिंह चौहान, कैलाश मेघवाल, अजय भट्ट, महेन्द्रसिंह परिहार, गोविन्द माली, प्रकाश मेघवाल, खेताराम माली, लुबाराम राणा, महेन्द्र परिहार, दिनेश माली, मनोज माली,मानक सोनी, गोविंद सैनी, नारायण माली, विकाश रावल, घन्यश्यामसिंह मानक सोनी, रणछोड़ प्रजापत आदि मौजूद थे।



**पोसालिया।** माली समाज वेलफेयर सोसायटी ने भामाशाहों के सहयोग से पोसालिया व अरठवाड़ा में करीब डेढ़ सौ कंबल, स्वेटर, गर्म वस्त्र और फल वितरित किए। माली समाज वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष ताराराम माली के अनुसार माली समाज वेलफेयर सोसायटी की ओर से प्रतिवर्ष मकर संक्रांति व कड़ाके की सर्दी के मौसम में गरीब व असहाय जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत देने के के लिए कंबल और गर्म वस्त्र वितरण करते है। इस बार के भामाशाह शांतिलाल माली सवना 100 कम्बल, मोहनलाल माली, दिनेश माली, कानाराम माली की तरफ से 50 कंबल, गर्म वस्त्र फल एवं बिस्किट रघु भाई माली, प्रकाश माली एडवोकेट, छोगाराम माली, गोमाराम माली ने भेंट किए। माली समाज वेलफेयर सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष रघुभाई ने बताया कि माली समाज वेलफेयर मानव सेवा का कार्य करती आ रही है। सोसायटी का नर सेवा नारायण सेवा इसका मुख्य अध्याय है। इस पुनीत और सेवा के कार्य में सभी भामाशाहों ने सहयोग दिया उनका आभार व्यक्त किया। माली समाज सेवा संस्थान 14 परगना के अध्यक्ष हीरालाल माली, आशापुरा टेकरी ट्रस्ट के अध्यक्ष छोगाराम माली, विहिप अध्यक्ष शंकरलाल माली, घनश्यामलाल माली, छगनलाल माली, हीरालाल माली, कानाराम माली, मगनलाल माली, रणछोड़ माली, ताराराम माली, गोमाराम माली, शांतिलाल सोलंकी, दिनेश माली, प्रकाश बी माली, बाबूलाल माली, हीराभाई, भाजपा मंडल प्रताप माली, भंवरलाल माली, रमेश माली, हिम्मत माली, रतनाराम माली, भगवानाराम माली, सुरेश कुमार माली, फाऊलाल माली, लक्ष्मण माली का सहयोग रहा। आंबेश्वर महादेव मंदिर परिसर में वानरों और गो माता को गाजर खिलाए।

**सरूपगंज।** क्षेत्र में मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को लोगों ने दान पुण्य किया वही युवाओं ने पतंगबाजी का लुफ्त लिया। दिनभर लोगों ने दान पुण्य किया गोशाला में गायों को गुड़ व लापसी बनाकर खिलाई। असहायों को कपड़े व भोजन खिलाकर मकर संक्रांति पर्व मनाया। युवाओं व बच्चों ने मकानों को छत पर संगीत बजाकर पतंग उड़ाते हुए दिनभर वो काटा की आवाजें करते हुए पतंगे उड़ाने का लुफ्त लिया।



**आबूरोड।** शांतिवन में मकर संक्रांति मनाई गई। इस दौरान मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देकर पतंग उड़ाई। साथ ही सभी का मुख मीठा कराया गया। अर्बुदांचल में मंगलवार को मकर सक्रांति पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया। गायों को चारा डाला गया। जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया। पतंगो से आसमान आच्छादित रहा। गायों को हरा चारा डाला। मंदिरों में दान किया। कई स्थानों पर जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया। बच्चों व युवाओं ने दिनभी पतंगबाजी का लुत्फ उठाया। उगते सूर्य को अर्ध्य दिया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की रैलमपेल रही। तिल के बने मिष्ठानों व वस्त्रों का दान किया गया। धार्मिक प्रवृति के लोगों ने गायों खिलाकर पुण्य अर्जित किया। शहर के कई मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किए गए। शहर के आसपास के ग्रामीण अंचलों सांतपुर, आकराभट्टा, खड़ात, तरतोली, किंवरली, ओर, डेरना, देलदर, मूंगथला, आमथला, कारोली, चनार, चंडेला, गिरवर, सियावा, मॉवल आदि गांवों में पर्व की धूम रही। पर्व में पतंगबाजों का उत्साह देखते ही बनता था। सुबह से ही युवक, युवतियों व बच्चों ने घरों की छतों पर डेरा डाल दिया। डीजे की धुन के साथ वो मारा, वो काटा के स्वर गूंजते रहे। हालांकि, इस बार आसमान में हमेशा की तरह च्यादा पतंगें नजर नहीं आई।



**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही। जिन्होंने भारतीय परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। पतंगबाजी प्रतियोगिता ने सभी को रोमांचित किया, जहां प्रतिभागियों ने अपनी पतंगों को ऊंचाइयों तक पहुंचाने की होड़ लगाई। चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम हैं।

## मार्बल से भरा ट्रोलर पलटा, लगी भीषण आग

उदयपुर फोरलेन पर हुआ हादसा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** मोरस फोरलेन पर मंगलवार सवेरे मार्बल से भरा एक ट्रेलर बेकाबू होकर पलट गया। इससे उसमें उसी दौरान तेज आग लग गई। घटना में चालक चोटिल हुआ मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पिण्डवाड़ा पालिका एवं अल्ट्राटेक के दमकल मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू पाया। ट्रेलर चालक पावटा कोटपूतली निवासी रामकरण यादव ने बताया कि ट्रेलर के अचानक तकनीकि खामी के कारण यह हादसा हुआ। वह उदयपुर से मार्बल भरकर मुंद्रा पोर्ट जा रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर मोरस चौकी से हैड कांस्टेबल जगदीश कुमार, कांस्टेबल कल्याणसिंह, गजेन्द्रसिंह अरुण कुमार ने चालक को सरकारी अस्पताल भेजा गया।

## आरोपियों को गिरफ्तार करवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गोयली।** अनुसूचित जाति जनजाति पर दिनों दिन बढ़ रहे अत्याचार को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष सुगना देवी मेघवाल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अनुसूचित जाति के लोगों पर हो रहे अत्याचार को रोककर ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करवाने की मांग की। उन्होंने कुछ दिनों पहले श्रवणकुमार अजबाराम भील निवासी भीलों की कॉलोनी लालपुर रायपुर रेवदर के साथ दबंगियों की ओर से की गई मारपीट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करवाने की मांग की। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी व कई लोग मौजूद थे।

## पटवार संघ का धरना दूसरे दिन जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पटवार संघ के तत्वावधान में नौ सूत्रीय मांगों के समर्थन में पटवारियों का धरना दूसरे दिन मंगलवार को उपखंड कार्यालय जारी रहा। पटवार संघ की मांगे लंबे समय से लंबित है। जिनके संबंध में संगठन द्वारा लगातार ज्ञापन दिए गए। विभिन्न बैठकों में मांगों के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। लेकिन, आज दिन तक निस्तारण नहीं किया गया। जिसके चलते पटवारी दूसरे दिन भी कार्य के बहिष्कार पर रहे। लंबित मांगों लेकर पटवार संघ उपशाखा ने 9 सूत्रीय ज्ञापन दिया। धरने में पटवार संघ उपशाखा अध्यक्ष हनुमान चौधरी, उपाध्यक्ष रविंद्र, अशोक सिंह, कैलाश, मोहिनी, श्रवण, अंकित सोनी, भावेश सिन्दल, बज्जुराम व शिव उपस्थित रहे।

## रात्रि चौपाल में एडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**जागरूक टाइम्स संवाददता**

**सिरोही।** ग्राम पंचायत रूखाड़ा में सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों ने पानी, आबादी भूमि आंवटन, खेतों के लिए बिजली समेत अन्य के 14 परिवाद प्रस्तुत किए। जिस पर एडीएम ने संबंधित अधिकारी को इन प्रकरणों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस उप अधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचाव संबंधी जानकारी दी। उपखण्ड अधिकारी शिवगंज नीरज मिश्र, तहसीलदार शि ावगंज श्यामसिंह चारण, विकास अधिकारी पंचायत समिति शिवगंज मुलेन्द्रसिंह, पुलिस उप अधीक्षक शिवगंज पुष्पेन्द्र वर्मा, पुलिस निरीक्षक शिवगंज बाबूलाल राणा, रूखाड़ा सरपंच तेजाराम, बीसीएमओ शिवगंज डॉ. कौशल ओहरी, सहायक अभियन्ता सा.नि.वि. दामोदर राम देवासी आदि मौजूद थे।






# पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विभिन्न विभागों ने किया ब्लैक स्पॉटस का निरीक्षण

### आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए भी किया प्रेरित

**जागरूक टाइम्स संवाददता**

**सिरोही।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय की ओर से 1 से 31 जनवरी तक परवाह थीम के साथ देश भर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के संयुक्त दल ने मंगलवार को सिरोही से आबूरोड व रेवदर तक विभिन्न सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्र/ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण कर आमजन को यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अनिल बेनिवाल, डीटीओ रजनीश विद्यार्थी, उपखंड अधिकारी सिरोही नरेन्द्र कुमार, आबूरोड उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा, रेवदर उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण, लेखाधिकारी भूपेन्द्र मकवाना सहित प्रशासन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई एवं विभिन्न विभाग तथा एजेंसीज के प्रतिनिधियों के एक संयुक्त दल ने सिरोही से आबूरोड व रेवदर तक के विभिन्न सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर दुर्घटनाओं के बचाव, वाहन चालकों की सुरक्षा तथा अन्य सुरक्षा उपायों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान आमजन को सड़क सुरक्षा अभियान परवाह के बारे में जानकारी दी तथा वाहन चलाने के दौरान ट्रेफिक नियमों का पूर्ण जागरूकता के साथ पालन करने के लिए भी प्रेरित किया।



### इन पॉइंट्स का किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के संयुक्त दल ने सारणेश्वर कट, झाकर पुल, जनापुर सर्कल, कांटल पुलिया, डांगा पुलिया, अजारी कट, बनास तिराहा, एनएच 14 के विभिन्न पॉइंट, धनारी कट, हनुमान टेकरी, रिको आबूरोड के पास, ओर का कट, रिको थाना कट, मावल से पूर्व कट सहित 15 से अधिक विभिन्न दुर्घटना संभावित मार्गां का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की बात कही।

## मानव भ्रूण मिलने से फैली सनसनी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शहर के पारसीचाल क्षेत्र की एक सेनेटरी गली में रक्त रंजित मानव भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। भ्रूण को मोर्चरी ले जाया गया। पारसीचाल क्षेत्र में प्रसादीलाल धर्मशाला के समीप सेनेटरी गली स्थित है। कचरे से अटी पड़ी गली में मंगलवार सुबह रक्त रंजित मानव भ्रूण पड़ा होने से सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोग तरह-तरह का कयास लगाने लगे। सूचना मिलने पर शहर कोतवाल बंसीलाल मौके पर पहुंचे। लोगों से जानकारी ली। इसके बाद करीब तीन माह के मानव भ्रूण को मोर्चरी ले जाया गया।

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सियावा की जलोइयाफली राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह की ओर से विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक भीमाराम के अनुसार भामाशाह अंबालाल गर्ग, दिनेश गर्ग, विशाल गर्ग, संकल्प गर्ग की ओर से बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व वार्ड पांच आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**झाड़ोली पी।** प्राथमिक विद्यालय मामाजी का थान में वार्षिकोत्सव का आयोजक किया गया। जिसमें नन्हें बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। भामाशाहों एवं शिक्षकों के प्रयास से विद्यार्थियों के लिए स्वेटर, अध्ययन सामग्री, फल, बिस्किट, पतंग, मिठाई आदि सामग्री का वितरण किया गया। श्रीमती रतन मीणा एवं बाबूलाल मीणा का विद्यालय स्टॉफ एवं अतिथियों द्वारा सम्मान कर विदाई दी गई। अतिथि के रूप में यूसीईओ नारायण पुरोहित, मातृछाया हॉस्पिटल के डायरेक्टर भरतपाल बेंदा, भारत विकास परिषद से जसवंतसिंह चौहान, बलवंतसिंह, मुकेशपालसिंह, एसएमसी अध्यक्ष रताराम आदि ने अपनी महत्पूर्ण उपस्तिथि दर्ज करवाई। सहदेव गुर्जर, हनुमान चौधरी, मोहम्मद निसार, भागचंद चोयल द्वारा अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई से संपर्क कर स्मार्ट टॉयज विद्यालय को भेंट किए।

## आबकारी एमनेस्टी योजना में 1.43 करोड़ के प्रकरणों का किया निस्तारण

**जागरूक टाइम्स संवाददता**

**सिरोही।** आबकारी विभाग की ओर से चल रही एमनेस्टी योजना के तहत 211 प्रकरणों में से 62 प्रकरणों में 66.46 लाख जमाराज करवाकर 1.43 करोड़ रुपए का बकाया के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन ने बताया कि सिरोही जिले में कुल 211 प्रकरणों में करीबन 25.69 करोड़ की बकाया वसूली शेष थी। जिसमें 2000-01 वर्ष से 2023-24 वर्ष तक के 62 प्रकरणों का निस्तारण किया। जिसमें जालोर - सिरोही मदिरा समूह 2000-03 वर्ष की ललित नारायण टांक पार्टी की 10.56 लाख की बकाया राशि में 2.64 लाख जमाराज हुए। इसी प्रकार 2006-07 वर्ष के बाकीदार इन्टरलिंक एक्सपोर्ट लिमिटेड आबूरोड की 37.82 लाख की बकाया में से 9.45 लाख जमाराज करवाए। 2011-14 वर्ष के तीन प्रकरणों में 4 लाख की बकाया में से एक लाख की वसूली हुई। यह सभी प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें मदिरा समूह जालोर- सिरोही एंव इन्टरलिंक एक्सपोर्ट लिमिटेड का प्रकरण रेड केटेगरी एवं माननीय जन लेखा समिति में लम्बित है। इस योजना में 62 प्रकरणों में करीब 1.43 करोड़ की बकाया राशि में 66.46 लाख जमाराज करवाने पर बाकीदारों को करीब 76.53 लाख की छूट का लाभ मिला। शेष बाकीदारो में से करीबन 40 बाकीदारों के बैंक खाते सीज करवाकर करीबन 5 लाख की वसूली की गई।



## प्रदेशाध्यक्ष का जताया आभार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** नवनियुक्त कांग्रेस नगर अध्यक्ष कायमखानी ने प्रदेश मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा से मुलाकात कर नियुक्ति करने पर आभार जताया। नगर अध्यक्ष कायमखानी ने पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढ़ा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार, मुस्लिम कमेटी के सदर सलीम खान पठान के साथ प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा से मुलाकात की। 21 किलो की माला पहनाकर उनका आभार जताया। कायमखानी ने प्रदेशाध्यक्ष को क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया। पार्षद कैलाश माली, किरण रैगर, एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक शाहरुख कायमखानी, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष पूजा राणा, मोहम्मद फारुख, दिलीप पारवानी, राजेश परिहार, शेर मोहम्मद, रितिका वाधवानी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला कलक्टर ने बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय महाविद्यालय स्तरीय अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण कर बालिकाओं सें संवाद भी किया। जिला कलक्टर ने छात्रावास की सामान्य व्यवस्था, साफ-सफाई, रसोई घर का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। छात्रावास के जीवन के सुव्यवस्थित बनाने एवं प्रतियोगिता के युग में दैनिक समाचार पत्रों, साहित्य का अनवरत अध्ययन करने व सोशल मीडिया में मोबाईल के दुष्परिणामों के बारे में चर्चा कर मोबाईल से दूरी रखने की सलाह दी। जिला कलेक्टर इस दौरान राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलर शिवगंज का भी निरीक्षण किया तथा समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।





### केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# 'नीति आयोग के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप करें कार्य'



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय श्री राजभूषण चौधरी ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम, आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने नीति आयोग के सूचकांकों के अनुरूप स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत सुविधाओं, वित्तीय समावेशन व कौशल विकास संबंधी विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्य कार्यक्रम लागू होने के बाद आकांक्षी जिलों में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। आकांक्षी जिलों में भी सामान्य जिलों की भांति हर क्षेत्र में विकास और सुविधाओं का मूलभूत विस्तार हुआ है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण हेतु रिचार्जेबल पिट्स एवं वर्षा जल संग्रहण के कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। मनरेगा के तहत वृक्षारोपण के कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के मंशा के अनुरूप हर घर स्वच्छ जल पहुंचे, इस उद्देश्य से जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन किया जाये। विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित योजनाओं की पूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम में केपीआई इंडीकेटर्स के अनुसार कार्य किया जा रहा है। जिले ने अब तक नीति आयोग से 22 करोड़ से अधिक की अवोर्ड राशि प्राप्त की है। जिसमें से 5 करोड़ की राशि से 50 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता सुखराम कोली, डॉ. शिवचरन कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**साइंस म्यूजियम एक अभिनव पहल :** बैठक के पश्चात केन्द्रीय राज्य मंत्री सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित साइंस म्यूजियम का निरीक्षण किया। उन्होंने विज्ञान के विभिन्न सिद्धान्तों यथा वॉटेक्स, संवेग, डीएनए डबल हैलिक्स मॉडल, रक्त समूह, पाई का मान इत्यादि से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि साइंस म्यूजियम एक अभिनव पहल है इससे विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों से साक्षात परिचित होने का अवसर मिलेगा।

# कथा के अंतिम दिन मायरा भरने उमड़ी भक्तों की भीड़

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** सनवाड़ की गोरक्षक गोशाला में चल रही नानी बाई रो मायरो कथा के अंतिम दिन ठाकुरजी के भक्त नरसी मेहता के मायरा भरने के प्रसंग पर कथा में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी मायरे के रूप में गोमाता के लिए दान- पुण्य किया। अंतिम दिन साध्वी आराधना गोपाल सरस्वती ने नरसी मेहता के शूद्र जाति के व्यक्ति के यहां कीर्तन करने जाने के प्रसंग पर कहा कि व्यक्ति को जाति पाति के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान ने धर्म के आधार पर नहीं बल्कि कर्म के आधार पर जातियों का बंटवारा किया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में तो वैसे भी वर्ण व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। ऐसे में व्यक्ति जैसा कर्म करता है। उसके अनुसार ही उसकी जाति तय की जा सकती है। इसलिए सिर्फ धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि अगर व्यक्ति सद्कर्म कर रहा है तो वहीं उच्च जाति का कहलन का हकदार हो सकता है।



उन्होंने कहा कि आज के समय में जितने भी कष्ट आ रहे हैं वे सब गोमाता की सेवा नहीं करने के कारण आ रहे है। उन्होंने रावण के अत्याचार के प्रसंग पर कहा कि जब धरती पर गोमाता का रक्त गिरने लगा तो धरती माता ने धेनु का रूप धरकर भगवान विष्णु से गायों पर हो रहे अत्याचार को बंद करने की प्रार्थना की थी। इसके बाद ही प्रभु श्रीहरि ने धरती पर श्रीराम के रूप में अवतार लेकर रावण के के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। कथा के अंतिम दिन जब नानी बाई का मायरा भरने का प्रसंग आया तो गोभक्तों ने बढ़ चढ़कर दलिया, गुड़, जौ के साथ ही अन्य सामग्री गौ माता के लिए तुलादान के माध्यम से दान की।

## न्यूज ब्रीफ

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** शहर के राजनगर में भिक्षु निलयम के पास स्थित नवनिर्मित नागेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव के तहत सोमवार रात को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश छापरवाल ने बताया कि समिति के सानिध्य में आयोजित महोत्सव में सोमवार रात को भविष्य संगीत में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति का आनंद लिया। प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर रविवार से आचार्य पुष्कर पारीक एवं पवन व्यास के सानिध्य में श्रद्धालुओं की ओर से आहुतियां दी जा रही है।

**आज शुभ मुहूर्त में होगी प्रतिष्ठा :** पांच दिवसीय महोत्सव के तहत नागेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति की प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में बुधवार सवेरे सवा आठ बजे की जाएगी। इसके साथ ही हवन की पूर्णाहुति भी होगी। दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन होगा।

### मकर संक्रांति पर तुलादान कर की गोमाताओं की सेवा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**आमेट।** आगरिया स्थित पंचमुखी हनुमान नंदी गौशाला में हुए मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोसेवा के विविध आयोजन हुए। दिनभर गायों को हरा चारा, पोष्टीक आहार, रिजका खिलाया। दोपहर को गौभक्तों ने देशी घी लापसी बनाकर गायों के खिलाई। इसके अलावा गोभक्तो ने अपने वजन के बराबर तुलादान करते हुए गुड़, तेल, घी, दलिया, जौ, मूंगफली आदि का तुलादान किया। समाजसेवी कुंदनसिंह सोलंकी, जेठुसिंह राजपुरोहित, सुरेश शर्मा, रामचंद्र शर्मा, किशन पूरियां, कन्हैयालाल शर्मा दोवड़ा, पन्नालाल प्रजापत, रामलाल कुमावत वाड़ा, मनोहरसिंह पंवार आमेट, सुखलाल कुमावत, मोहनलाल कुमावत आदि ने किया गया। राजस्थान गौसेवा समिति जयपुर के राजसमंद जिलाध्यक्ष जेठुसिंह राजपुरोहित, मनोहरसिंह पंवार, मदनलाल सेन, पुष्कर पारीक, शम्भूसिह, माधवसिंह पंवार, शर्मा, धर्मछिपा, प्रभूलाल कुमावत, सुखलाल कुमावत, वेणीराम, गोमाराम आदि गौभक्त उपस्थित थे।

### युवाओं को रोजगार से जोड़ने की भाजपा की ऐतिहासिक पहल : बारहठ



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम जयपुर के माध्यम से 13 हजार 500 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करने एवं 30 हजार करोड़ से अधिक के 76 हजार से अधिक जनहित के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करके राजस्थान में एक नया इतिहास रचा है। जिसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा धन्यवाद के पात्र है। जिलाध्यक्ष बारहठ ने कहा कि गत कांग्रेस सरकार में राजस्थान बेरोजगारी के मामले मे देश में सबसे अधिक बेरोजगारी वाला दूसरे नंबर का प्रदेश था और बेरोजगारी से आत्महत्याओं के मामले मे एक नंबर पर था। राजस्थान की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय दर से 4 गुना अधिक 28-32 प्रतिशत थी। इस तरह की विषम स्थिति से राजस्थान को निकालने में भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार कठोर परिश्रम कर रही है। इसी क्रम में रिक्त पदों को तुरंत भरा जाने का निरंतर अभियान चल रहा है। बारहठ ने बताया की अभी तक राजस्थान की भाजपा सरकार हजारों नियुक्तियां दे चुकी है और आने वाले भविष्य के लिए नियुक्ति कैलेंडर भी जारी कर चुकी है।

### छावनी बाजार में गरीबों को कराया भोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** छावनी बाजार में श्री गल्ला व्यापार संघ द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में गरीबों को भोजन कराया गया। सभी आगंतुकों जरूरतमंद गरीब लोगों को गरम पूड़ी, सब्जी एवं मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर श्री गल्ला व्यापार संघ अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, सचिव विपिन राणासरिया, कोषाध्यक्ष विनय सोलानेवाला, पूर्व अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, चंद्रप्रकाश टीबड़ा, अंकित चुड़ैलेवाला, सुभाषचंद्र ढेढिया, विवेक ढेढिया, श्यामसुंदर गुढावाला, दीपक मस्करा सहित अन्यजन उपस्थित थे।

### गरीबों को बांटी कंबल

**झुंझुनूं।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनूं के कार्यकर्ता के सहयोग से कंबल वितरण किया। मकर संक्रांति के अवसर पर ट्रस्ट के कार्यकर्ता मनोज कुमार ने अपने पिता की याद में और नारायण पांडे ने अपने माता पिता कि याद में एक नई पहल शुरु की गई है। मंगलवार को दोनों ने मिलकर 50 कंबल गरीब लोगों को उनके घर पर जाकर उनको वितरित की गई और साथ में ट्रस्ट के सहयोग से तिल के लड्डू भी बनाकर खिलाए गए।

# स्व. नरोत्तमलाल जालान की स्मृति में लगाया अन्नक्षेत्र एवं बांटी कंबलें

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व पर स्थानीय पुराना बस स्टैंड समीप मित्तल कॉलोनी स्थित श्रीमती चंदादेवी नरोत्तमलाल जालान निवास के सामने नोहरे में सोमवार को सायंकाल तक स्वर्गीय नरोत्तमलाल जालान की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजन के सौजन्य से जरूरतमंदों के लिए अन्नक्षेत्र लगाकर उन्हें बैठाकर भोजन प्रसाद खिलाया गया एवं कंबल वितरण किए गए। अतिथियों द्वारा गरम पूड़ी, सब्जी और लड्डू वितरित कर अन्नक्षेत्र एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व बतौर अतिथि उपस्थित डीएसओ कपिल झाझड़िया, यातायात प्रभारी हरफूलसिंह मीणा, दानदाता परिवार के उमेश जालान, दिनेश जालान, चंदादेवी जालान, सविता जालान, कशिश जालान का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। यातायात प्रभारी हरफूल सिंह मीणा ने अपने उद्बोधन में आयोजक संस्था एवं जालान परिवार द्वारा आयोजित अन्य क्षेत्र एवं कंबल वितरण कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने की भी जानकारियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का पालन करने से व्यक्ति की सुरक्षा तो होती ही है साथ ही नियमों का पालन व्यक्ति का कर्तव्य भी है। इस अवसर पर उपस्थित श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, सुनील तुलस्यान, अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, श्री गल्ला व्यापार संघ अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, मंत्री विपिन राणासरिया, सूर्यकांत टीबड़ा, सुनिल गुप्ता भोड़कीवाला, मुकेश गुप्ता हलवाई, अमित जगनानी एवं अन्यजन ने सेवा कार्य में सहयोग किया। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में कंबल वितरण कार्यक्रम विभिन्न भामाशाहों के सहयोग से किया जाता है। इस वर्ष दिसंबर से शुरू कार्यक्रम का आज मकर संक्रांति पर्व पर समापन किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 4800 की संख्या में कंबलों का वितरण किया गया है।

# मां श्रीयादेवी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, 31 जनवरी को होगा कार्यक्रम



**राजसमंद।** जिला मुख्यालय पर आगामी 31 जनवरी को प्रजापत समाज की आराध्य मां श्रीयादेवी जन्मोत्सव कलश यात्रा एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कई कार्यक्रम होंगे। अखिल भारतीय प्रजापत समाज श्रीयादेवी मंदिर मण्डल कांकरोली की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को चुन्नीलाल राजनगर एवं चुन्नीलाल पाखंड सहित वरिष्ठजनों के सान्निध्य में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विस्तृत विचार-विमर्श उपरांत मां मां श्रीयादेवी जन्मोत्सव की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में बताया कि महोत्सव के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर 30 जनवरी को कांकरोली शहर के मालनिया चौक स्थित श्रीयादेवी मंदिर पर रात्रि जागरण होगा। महोत्सव के दूसरे दिन 31 जनवरी को सुबह आठ बजे कमल तलाई से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर मां श्रीयादेवी को आर्षक श्रंगार धराया जाएगा वहीं विशेष सेवा-पूजा, हवन, महाआरती आदि धार्मिक अनुष्ठान होंगे तथा मंदिर को आकर्षक सजाया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने महोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने एवं इसमें मंदिर से जुड़े सम्पूर्ण क्षेत्र से अधिकाधिक समाजजनों की भागीदारी करने पर जोर दिया। उपस्थित वरिष्ठजनों ने सभी से आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए व्यवस्थाएं सम्भालने एवं महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया।

# मोरारका कॉलेज नवलगढ़ ने राज्य स्तरीय मूट मीट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य मुख्यालय उदयपुर द्वारा 10 जनवरी से 14 जनवरी तक आचार्य कुलम शिक्षण संस्थान जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोवर मूट रेंजर मीट में लघु राजस्थान का समागम देखने को मिला। ट्रेनर नीरज कुमार ने बताया कि मूट मीट में विभिन्न प्रकार कि 23 प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय नवलगढ़ नें ग्रुप स्तर पर रोवर क्रू रेंजर टीम रिकॉर्ड में द्वितीय स्थान और रंगोली प्रतियोगिता में रेंजर खुशबू सैनी और रेणु कंवर नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोवर मूट रेंजर मीट में भाग लेने वाली टीम में रेंजर खुशबू सैनी, तमन्ना कुमावत, संतोष कुमारी, रेणू कंवर, रवीना खीचड़, मेनका सैनी, अंकिता सैनी, पंकज कुमारी, पायल फगेड़िया, प्रियंका कुमारी, दीपिका बिर्खा, रोवर पंकज सैनी, मोहम्मद आवेश, आदित्य मीणा, योगेश भौकल और रवि मीणा आदि थे। टीम के नवलगढ़ पहुंचने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अरविंद महला, जिला आर्गेनाइजर प्रदीप ईशरवाल, रोवर लीडर श्रवण कुमार सैनी, रेंजर लीडर, प्रियंका भामू सहित स्टाफ सदस्यों नें शुभकामनाएं दी।

# शहीद कुलदीप सिंह के नाम से हुआ गांव का सरकारी स्कूल, तीन साल से अटका था नामकरण

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के साथ हैलिकॉप्टर क्रेश में शहीद हुए जिले के घरड़ाना खुर्द निवासी स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव को तीन साल बाद भजनलाल सरकार ने एक सम्मान दिया है।



दरअसल आठ दिसंबर 2021 को शहीद हुए कुलदीप सिंह राव की शहादत को चिर स्थायी बनाने के लिए गांव में एक स्टेडियम बनाने के साथ—साथ स्कूल के नामकरण की मांग उठ रही थी। स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव की तीसरी पुण्यतिथि पर जब विधायक राजेंद्र भांबू कार्यक्रम में गए तो उनके सामने भी यह मांग उठी। तब भांबू ने आश्वस्त किया था कि वे मुख्यमंत्री से इस मामले में बातचीत कर स्कूल का नामकरण जल्द करवाएंगे। आश्वासन के एक महीने के दरमियान ही भांबू ने इस मामले को लेकर 27 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। साथ ही इसके दो—तीन दिन बाद मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में भी इस बात को पूरी मजबूती के साथ रखा तो शिक्षा विभाग हरकत में आया। अब इस मामले में माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर ने आदेश जारी किए है। जिसमें उन्होंने पीएमश्री महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल घरड़ाना खुर्द का नाम स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव के नाम से करने के आदेश डीईओ मुख्यालय झुंझुनूं को दिए है। आपको बता दें के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में भांबू ने स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव की शौर्यता के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि कांग्रेस के मंत्री और नेताओं ने 2021 में शहादत के वक्त काफी आश्वासन परिवार व ग्रामीणों को दिए थे। लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। भांबू से पहले स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राव के नाम से स्कूल का नामकरण करने की मांग भाजपा प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद संतोष अहलावत तथा पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने भी सरकार से की थी।

# श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति पर्व पर निबंध प्रतियोगिता हुई

## डीआईजी शरद चौधरी ने भी परिवार सहित गौशाला आकर गौ सेवा की

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगलवार को गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ दिवस संयोजक अशोक केडिया के संयोजन में मनाया गया। जिसमें गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ गौदान, गायों के लिए ब्रह्मपुरी (गाय रसोई), तुला दान, मीठा दलिया सवामन भोग, हरि चरी, हरी सब्जी, गुड़ एवं गाय गोद की विशेष व्यवस्था की। अल सुबह पांच बजे से देर शाम तक हवन यज्ञ का आयोजन सभी को भक्तों के लिए किया गया। जिसमें गौ भक्तों ने आहुतियां दी। गौ माता की पूजा के लिए सप्त धेनु गौ परिक्रमा व नंदी परिक्रमा की व्यवस्था का भी गौ भक्त धार्मिक लाभ उठाया। जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व पर गौशाला को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अशोक केडिया एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इसी दिवस पर चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से कार्यक्रम संयोजक आशीष तुलस्यान के संयोजन में गाय के गोबर की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 61 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विशेषकर लड़कियों ने बड़ी संख्या और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिनमें भी अधिकांश संख्या छोटी बच्चियों की थी। प्रतियोगिता के निर्णायक ममता शर्मा अध्यापिक आदर्श बाल निकेतन स्कूल, पारूल अग्रवाल व्याख्याता राजकीय विद्यालय बालाजी स्टैंड एवं श्यामबिहारी शर्मा अध्यापक जीबी मोदी पब्लिक स्कूल ने अपने विवेक से निर्णय दिया। जिनमें प्रथम स्थान पर प्रियांशी राणासरिया, द्वितीय स्थान पर अस्मिता शर्मा, तृतीय स्थान पर अझिता स्वामी एवं विशेष पुरस्कार के लिए रिया तुलस्यान रही। निबंध प्रतियोगिता के प्रायोजक चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया के प्रदीप पाटोदिया की उपस्थिति में प्रथम विजेता को सात हजार एक सौ रूपए, द्वितीय को पांच हजार एक सौ रूपए एवं तृतीय विजेता को तीन हजार एक सौ रूपए, विशेष पुरस्कार दो हजार एक सौ रूपए नगद ईनाम एवं गौ माता का प्रतीक चिह्न दिया गया। इसी के साथ सांत्वना पुरस्कार में गौ माता का प्रतीक चिह्न सभी प्रतिभागियों को दिया गया। इस वर्ष गौशाला परिसर में गौ भक्तों द्वारा प्रसाद की (गुलगुला पकौड़ियों) की विशेष व्यवस्था भी आगंतुक गौ भक्तों के लिए सुबह से रात तक की गई।



झुंझुनूं एसपी डीआईजी शरद चौधरी ने भी अपने सुपुत्र वरुण चौधरी के साथ गौशाला आकर गौशाला का अवलोकन किया एवं अपने हाथों से गौवंश को गुड़ खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर गौशाला प्रबंधन की ओर से उनको दुपट्टा ओढाकर गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन भी किया गया। मकर संक्रांति पर्व पर अशोक भीमसरिया, योगेंद्र तुलस्यान सुपुत्र स्व. सुभाष तुलस्यान, पवन टीबड़ा सुपुत्र प्रभुदयाल मुंबई, बनवारीलाल जालान सीता देवी जालान एवं मनोज कुमार सिंघानिया सुपुत्र राजेंद्रप्रसाद सिंघानिया (हलवाई) कोलकात्ता द्वारा गोदान किया गया। गौवंश को ब्रह्मपुरी गाय रसोई स्व. चंचलदेवी तुलस्यान धर्मपत्नी पवन तुलस्यान, सांवरमल खेतान, सत्यनारायण जालान परिवार अहमदाबाद मुंबई एवं संतकुमार पंसारी लुधियाना द्वारा लगवाई गई। इसी के साथ बड़ी संख्या में गौ भक्तों ने तुलादान एवं अन्य सामग्री से गौ सेवा की। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार तुलस्यान, कार्यक्रम संयोजक अशोक केडिया, आशीष तुलस्यान, ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, संजय राणासरिया, श्रीगोपाल हलवाई, मातादीन टीबड़ा, अशोक भीमसरिया, बंजरगलाल बड़ागांववाला, प्रहलाद अग्रवाल, पुनित तुलस्यान, आनंद टीबड़ा, विपिन राणासरिया, संपत चुड़ैलेवाला, दुर्गादत्त तुलस्यान, उमाशंकर महमिया, महेश बसावतिया, प्रदीप पाटोदिया, नारायण जालान सहित अन्य गौ भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति पर्व पर बच्चों को बांटे तिल के लड्डू, पतंग उड़ाने का लिया आनंद

## ▶▶ महिलाओं ने अल सुबह सरोवर व तालाब में स्नान कर सूर्य भगवान को दिया अर्घ्य

## ▶▶ मकर संक्रांति महापर्व पर महिलाओं ने पशु-पक्षियों को किया दान-पुण्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांडेराव।** मकर संक्रांति महापर्व पर मंगलवार अल सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर महिलाओं ने आस-पास के सरोवर व तालाब में स्नान कर सूर्य भगवान को जल अर्पित कर सूर्य भगवान की पूजा अर्चना करते हुए परिवारजनों के लिए खुशहाली की मन्नतें मांगी। इस दौरान ग्रामीणांचलों में महिलाओं ने मूक पशु-पक्षियों को हरी घास व चुग्गा पानी देकर इच्छा अनुसार दान पुण्य किया। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मकर संक्रांति पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन से दिन बड़ा और रात छोटे होने लगती है। यह पर्व हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। मकर संक्रांति को फ़सल के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। अलग-अलग राज्यों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जैसे तमिलनाडु में पोंगल, पंजाब में लोहड़ी, उत्तर प्रदेश में खिचड़ी।

## बच्चों को मकर संक्रांति की कथा सुनाई

सनराइज पब्लिक माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रधान हरीश परिहार ने बताया कि मकर संक्रांति त्यौहार से जुड़ी एक कथा भी बच्चों को बताई कि जब पृथ्वी पर असुरों का आतंक काफी बढ़ गया था तब मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने असुरों का संहार किया और सभी को उनके आतंक से मुक्ति दिलाई थी। कहते हैं भगवान विष्णु ने असुरों के सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था। मकर संक्रांति का यह पावन पर्व भगवान सूर्य देव को समर्पित है और लोग स्वास्थ्य, धन और समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद लेने के लिया प्रार्थना करते हैं। इस दिन गंगा स्नान, तिल का दान और पतंग उड़ाने की परंपरा है। यह त्यौहार खुशहाली, समृद्धि, और भाईचारे का प्रतीक है।

**बच्चों ने गाया गीत...** सनराइज पब्लिक माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक घेवरचंद चौहान के नेतृत्व में बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। चार्ट पेपर से बच्चों को पतंग बनाना सिखाया है। बच्चों ने बहुत सुंदर बाल गीत की प्रस्तुति दी। तिल के लड्डू सभी बच्चों में बांटे गए और हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया।

## मनरेगा श्रमिकों ने सूर्य नमस्कार कर मनाया मकर संक्रांति पर्व



**फालना।** ग्राम पंचायत फालना गांव में मनरेगा स्थल पर मनरेगा श्रमिकों ने सूर्य की आराधना के लिए सूर्य नमस्कार का योगाभ्यास कर मनाया संक्रांति पर्व सरपंच करण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मनरेगा स्थल पर मेट सुमित्रा कवर द्वारा संक्रांति महापर्व पर आराध्य देव सूर्य भगवान को सूर्य नमस्कार से आराधना की गई। प्रार्थना की गई कि भारत देश सहित विश्व में खुशहाली, शांति व समृद्धि बनाए रखें। इस दौरान मनरेगा श्रमिक कुंता देवी, सीता देवी, सुमटी, नाथू सिंह, पुष्पा देवी, कमला विमला शांति, दुर्गा, सीता देवी, रेखा देवी, चुन्नीलाल, तीजो बाई मीना व सुगना देवी उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति मनाई

**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित समूचे अरावल क्षेत्र में मंगलवार को मकर संक्रांति का पावन पर्व पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ परंपरागत ढंग के साथ श्रद्रापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने अपने घरों में तिल व लड्डू के विशेष व्यंजन बनाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य लगाकर दान पुण्य किए।

## कबीर गोशाला में हवन, गोमाता को लापसी तथा सेली खिलाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** मकर संक्रांति पर मंगलवार को बांकली गांव के समीप स्थित श्री कबीर गोशाला के काम्बेश्वर महादेव सभा भवन में भजन उपदेशक पंडित केशव देव शर्मा के सान्निध्य में हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री कबीर गोशाला सेवा समिति के अध्यक्ष कालूराम भाटी ने बताया कि गोशाला में गोमाता के लिए 35 किलो सेली भामाशाह गमनी बाई द्वारा खिलाई गई। कार्यकारिणी सदस्य गणेशराम राठौड़ ने बताया कि भामाशाह फैंसीदेवी देवीचंद हिराणी रेवतड़ा द्वारा 35 किलो सेली खिलाई गई। उपाध्यक्ष नैनमल सोनी की प्रेरणा से कमला देवी सोनी बांकली वालों द्वारा 1 क्विंटल दलिया की लापसी गायों को खिलाई गई। इस अवसर पर सचिव जयंतीलाल माली, कोषाध्यक्ष पारसमल कोठारी, सह कोषाध्यक्ष गिरीश शर्मा, नवभारत ट्रस्ट अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा, पुखराज मालवीय, गणेश राठौड़, जोधराज देवड़ा, पुखराज कुमावत, शांतिलाल, सूरजमल विश्वकर्मा, नैनूबाई, संपत राज मेवाड़ा मौजूद थे।



## विद्यावाड़ी की छात्राओं ने गौशाला का किया भ्रमण



**नाडोल।** निकटवर्ती मरुधर बालिका शिक्षक संघ विद्यावाड़ी की छात्राओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को श्री पार्श्व गौशाला सेवा समिति बीजोवा का भ्रमण किया एवम गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया। यहां विद्यावाड़ी की मुख्य आवासीय अधिकारी अलका चौधरी ने बताया कि छात्राओं को सामाजिक व सांस्कृतिक पर्व मकर संक्रांति की विभिन्न परंपराओं, दान -पुण्य की संस्कृति, गायों और नंदी का रखरखाव, खानपान, विभिन्न किस्म की पहचान के बारे में बच्चों को जानकारी के लिए भ्रमण का आयोजन रखा गया। गौशाला के प्रबंधक लेखराज देवासी एवं सह प्रबंधक कमलेश रायसोनी ने गौशाला की विस्तृत जानकारी दी। नए अध्यक्ष ताराचंद दोशी एवं निवर्तमान अध्यक्ष भंवरलाल पूनमिया के कार्यकाल में हुए विविध निर्माण कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने गायों के निवास स्थान रख रखाव उनके विभिन्न किस्म के चारों, गुड़, खल, कपासिया, पशु आहार, मिनरल, मिक्सर, बच्चों के रखरखाव, सर्दी में विशेष देखभाल, हरा चारा आदि सभी की समय-समय पर खान-पान की विस्तृत जानकारी के साथ ही मकर संक्रांति पर तिल के बने व्यंजनों का प्रसाद भी सभी को दिया। इस अवसर पर मुख्य समन्वयक लीला चौधरी, विमलेश, खुशबू, बिंदु स्टाफ सहित करीब 70 छात्राएं लाभान्वित हुईं।

## मकर संक्रांति पर लायंस क्लब ने जरूरतमंदों को कराया भोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** लॉयंस क्लब अंतराष्ट्रीय के संस्थापक लॉयन मेलवीन जॉन्स के जन्मदिन के उपलक्ष्य एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लायंस क्लब सुमेरपुर जवाई के तत्वावधान में भेरू चौक पर दैनिक वेतन भोगी मजदूरों, जरूरतमंदों और राहगीरों को मीठा भोजन कराया गया। विनोद पुत्र सीताराम अग्रवाल परिवार का विशेष सहयोग रहा। सर्द मौसम में सुबह 7 बजे से गरम भोजन प्राप्त कर सभी जरूरतमंद बेहद प्रसन्न नजर आए। क्लब के इस मानवता से परिपूर्ण प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

क्लब सचिव मितेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग को सहायता पहुंचाना और मकर संक्रांति के उत्सव को सेवा भावना के साथ मनाना था।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, क्लब प्रशासक श्रवण राठी, चार्टर्ड अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष एमजेएफ दीपक गोयल, एमजेएफ सुरेश सिंघल, कोषाध्यक्ष जोधराज देवड़ा, दिनेश अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, पंकेश अग्रवाल, मधुसूदन गुप्ता, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र जैन, शैलेश गोयल, निर्मला गोयल सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अंकित अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, रोहित अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## संक्रांति के पर्व पर पशुओं के लिए ट्रोले का किया उद्घाटन

**रानी।** मकर संक्रांति के पर्व पर नगर पालिका खुर्द में निराश्रित और बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नए ट्रोले का उद्घाटन किया गया। इस ट्रोला का उद्घाटन नगर पालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान के द्वारा किया गया। अधिशाषी अधिकारी सुदर्शन जांगू ने कहा कि इस नए ट्रोले से निराश्रित और बेसहारा पशुओं को पकड़ने में आसानी होगी। यह ट्रोला विशेष रूप से निराश्रित और बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर पालिका के द्वारा क्रय किया गया था ताकि बेसहारे पशुओं को नजदीकी गौशाला में भेजा जा सके। रानी शहर में किसी प्रकार की यातायात समस्या उत्पन्न न हो। नगर पालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में पशु नियंत्रण की प्रक्रिया और भी प्रभावी होगी, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस उद्घाटन में पार्षद नर्मदा कंवर, रेखा माली कपूराराम प्रजापत, पदम सिंह, सुनील बैरवा मीठालाल बंजारा, मनीष मेहता भाजपा मंडल अध्यक्ष जयंतिलाल वैष्णव एवं पालिका कर्मी कनिष्ठ अभियंता कृष्ण मुरारी शर्मा, गोपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, बाबूलाल कुमावत , धनाराम चौधरी, किशनलाल, रतनलाल, धीरेंद्र सिंह कृपाराम रमेश सैन, तेजाराम, कांतिलाल आदि पालिका के कर्मचारी शामिल मौजूद रहे।।

## सांडेराव क्षेत्र में लगातार चौथे दिन छाया रहा घना कोहरा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** क्षेत्र में मंगलवार को लगातार चौथे दिन घना कोहरा छाया रहा। इस समय बर्फीली हवाओं के साथ घना कोहरा भी छाया हुआ है। भीषण ठंड से लोग घरों में दुबके हुए हैं। ऐसे में नेशनल हाईवे पर वाहन चालक भी हेडलाइट ऑन कर आते-जाते दिखे। तेज सर्दी का आलम कुछ ऐसा था कि 8 KM प्रति घंटे की स्पीड से कोल्डवेव चल रही थी। न्यूनतम तापमान भी 7 डिग्री तक पहुंच गया अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। बता दें कि को इस समय बर्फीली हवाओं के साथ घना कोहरा भी छाया हुआ है। भीषण ठंड से लोग घरों में दुबके हुए हैं। घने कोहरे से विजिबिलिटी मात्र 10 मीटर रह गई थी। पिछले चार दिनों से घना कोहरा छाया रहा। सांडेराव क्षेत्र में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सुबह सात बजे स्थिति यह थी कि सड़कों पर 30-40 मीटर की दूरी पर आगे क्या है दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसे में टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहन चालक भी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर आते-जाते दिखे। सुबह के समय चल रही कोल्डवेव तेज सर्दी का एहसास करा रही थी। ऐसे में वॉक पर निकले शहरवासी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। कुछ ऐसे ही हाल स्टूडेंट के देखने को मिले। शहर में कई चाय की थड़ियों पर लोग तेज सर्दी से राहत पाने के लिए चाय की अलाव तापकर राहत पाने का जतन करते दिखे।

**बर्फीली हवाओं में डूबा शहर, घने कुहरे ने बढ़ाई मुश्किल, घरों में दुबके लोग**

## पुराडा में महाकालेश्वर एवं रामसापीर की वर्षगांठ पर कार्यक्रम संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पुराडा गांव में मंगलवार को महाकालेश्वर एवं रामसापीर मंदिर की वर्षगांठ पर विधि विधान पूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाजपा सुमेरपुर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल एवं बांकली मंडल अध्यक्ष हनुमंत सिंह राजपुरोहित का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। गांव के वरिष्ठ मोहब्बत सिंह और चतुर्भुज सिंह ने बताया कि भाजपा ने इस बार युवाओं को मौका दिया है और हम सब इन युवाओं का मनोबल बढ़ाकर इनके नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत एवं सशक्त बनाएंगे। राजपुरोहित को बांकली मंडल अध्यक्ष बनाने पर प्रदेश नेतृत्व एवं मंत्री जोराराम कुमावत का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वेनसिंह, उपसरपंच रमेश सिंह, भवानी सिंह, जीवराजसिंह, बसंतसिंह, एडवोकेट अशोक, डूंगरसिंह, युवा नेता मुकेश सिंह, सुमेरसिंह, भीम सिंह, सुरेश राजपुरोहित, भरत राजपुरोहित सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजपुरोहित एवं टीम ने वाहन से जब्त किए 19 लाख रुपए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित मय जाब्ते की हरिओम आश्रम स्थित सड़क मार्ग पर सघन नाकाबंदी के दौरान एक महिंद्रा थार वाहन से 19 लाख रुपए नगद जब्त किए है। देसूरी थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित ने बताया कि हरिओम आश्रम पर सघन नाकाबंदी के दौरान देसूरी की ओर से चारभुजा जाती एक महिंद्रा थार को रुकवाकर तलाशी ली गई। 19 लाख रुपए नगद मिलने पर चालक विकास पुत्र बोहरा राम निवासी बड़लिया थाना लुणी व बगडूराम पुत्र हापूराम निवासी फिंच थाना लुणी से पूछताछ पर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर नगद व थार वाहन जब्त कर जांच की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित हेड कांस्टेबल मेघाराम चौधरी कांस्टेबल राकेश कुमार, हेमेंद्रसिंह, रामचंद्र वर्मा, रणजीत, बंशीलाल, हंसराज, रामफूल मीणा, भवानीसिंह महिला कांस्टेबल रामेश्वरी व चालक श्रवण कुमार की मुख्य भूमिका रही।

## सरपट भागते वहनों से हादसों का अंदेशा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** कस्बे के मुख्य सडक मार्ग बस स्टैंड रोड पंचमुखी चौराहे पर इन दिनों स्पीड ब्रेकर के अभाव में सरपट भागते वाहनों से हादसे का अंदेशा बना हुआ है। पांच रास्ते अलग अलग जाने वाले मुख्य सर्कल पर वाहनों की गति धीमी करने के कोई प्रबंध पालिका प्रशासन की ओर से नहीं किए गए हे। ऐसे मे पांचो रास्ते से एक साथ तेज गति से वाहन चालक प्रति दिन निकलते हैं। मुख्य मार्ग पर बने हुए मोड़ से तीव्र गति से वाहनों का निकलना किसी समय बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने एक बार स्पीड ब्रेकर हटाने के बाद वापस उस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। ऐसे में पालिका की अनदेखी के चलते किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। हॉस्पिटल, स्कूल, पब्लिक पार्क, लाइब्रेरी इसी मुख्य मार्ग पर स्थित हैं। दिन भर रहना राहगीरों का आवागमन बना रहता है। दिन भर बच्चों सहित स्कूल विद्यार्थियों और मरीजों का आवागमन इसी मुख्य मार्ग पर रहता है। कहीं इसी सर्कल पर तीव्र गति से वाहनों के आने से बड़े हादसे होते होते बचे हैं। तो कई बार हादसे हुए भी हैं। लेकिन इस समस्या को हल्के में लेना किसी दिन बड़े हादसे को न्योता देना दिखाई दे रहा है। दिन भर आने जाने वाले राहगीरों के लिए इस सर्कल पर से निकलना डरावना हो गया है लेकिन प्रशासन स्पीड ब्रेकर लगा कर वाहनों की तीव्र गति पर रोक लगाने में अभी तक असमर्थ है। कई विद्यालयों के बाहर आज दिन तक स्पीड ब्रेकर नही लगे हैं। इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कस्बे के कई प्रमुख विद्यालय मुख्य सड़क मार्ग के निकट स्थित हैं। ऐसे में वहां से स्पीड ब्रेकर के आभाव में सरपट भागते वाहनों से हादसे का अंदेशा बना रहता है। विद्यालय में विद्यार्थियों का आना जाना किसी खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में पालिका प्रसाशन किसी दुर्घटना की बाट जोहता नजर आ रहा है। पूर्व में भी पालिका प्रशासन को स्थानीय जनता ने कई प्रमुख मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की गुहार की लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। कस्बे के कई मुख्य चौराहे जहां स्पीड ब्रेकर के आभाव में हादसे हो सकते हैं। कस्बे में ऐसे कई मुख्य मार्ग हैं जहां से एक साथ अलग अलग रास्तों से वाहनों का तेज गति से आवागमन होता है। साथ ही पैदल आने जाने वालों के लिए भी वो ही प्रमुख मार्ग है। ऐसे में वाहनों की गति को रोकने के लिए पालिका प्रशासन की ओर से कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। पूर्व में भी अम्बेडकर सर्कल के सामने स्पीड ब्रेकर के आभाव में हादसे हो जाने के बाद भी प्रशासन चैन की नींद सो रहा है। कस्बे में भवानी चौक, तालाब स्कूल, आखरिया से बस स्टैंड वाला मुख्य मार्ग, पंचमुखी चौराया साहित कई मार्गों पर किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना लगातार बनी हुई है।

- स्पीड ब्रेकर के आभाव मे हो रहे कई हादसे
- पालिका प्रशासन नही समस्या को लेकर गंभीर



## कुमावत ने सड़कों व पुलियों के नवीनीकरण व मरम्मत के आठ कार्य करवाए स्वीकृत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के पाली पंचायत समिति में बिपरजॉय तूफान तथा अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त विभिन्न सड़कों एवं पुलियों के नवीनीकरण एवं मरम्मत के आठ कार्य कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा स्वीकृत करवाए गए। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने बताया कि इन कार्यों के अंतर्गत ग्राम भांवरी वाया मणिहारी, गुरडाई तक टू लेन सड़क किमी 5/0 से 24/0 के लिए 2850.00 लाख रुपए की राशि स्वीकृत, ग्राम गिरवर से चाणौद सड़क किमी 2 में पुल निर्माण कार्य 1000.00 लाख राशि स्वीकृत हुई। उन्होंने बताया कि सड़क योजनांतर्गत ग्राम खेतावास से सोवनिया सड़क किमी 3 में पाईप पुलिया निर्माण के लिए 30 लाख राशि स्वीकृत, संपर्क सड़क दयालपुरा 3 किमी के लिए 90 लाख राशि स्वीकृत, संपर्क सड़क खुंडावास सड़क किमी 2 किमी के लिए 80 लाख राशि स्वीकृत, ग्राम गुरड़ाई से नागेश्वर नगर सड़क किमी 1.5 किमी के लिए 45 लाख राशि स्वीकृत, संपर्क सड़क रावलवास 2 किमी के लिए 60 लाख राशि स्वीकृत एवं निम्बली उर्रा से ग्राम भांगेसर सड़क किमी 1 में पाईप पुलिया निर्माण के लिए 35 लाख राशि स्वीकृत होने पर पंचायत समिति, पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल, उपप्रधान भारती कुमावत सहित गणेश पटेल, नेमसिंह रावलवास, आनंदसिंह कूरना, राजुसिंह भायल, सरपंच दिलीपसिंह समस्त प्रतिनिधिगणों द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर नेपाल से साईकिल पर भारत पहुंचे निषेध का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को पशुपतिनाथ नेपाल से भारत यात्रा पर आए साईकिल सवार का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ट्रस्ट संरक्षक झुमरलाल गर्ग ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा भारत यात्रा पर आए साईकिल सवार का साफा व उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया। उनके आगे की यात्रा के लिए शुभ कामना दे कर विदा किया। साइकिल सवार निषेध दहाल ने बताया कि नवंबर माह में नेपाल काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर से भारत की यात्रा साईकिल से शुरू की थी। जो सुमेरपुर पहुंचकर आगे महाराष्ट्र, कर्नाटका, केरला, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, वेस्ट बंगाल, दार्जिलिंग, सिक्किम से होते हुए वापस काठमांडू पशुपतिनाथ पर यात्रा संपन्न होगी। ट्रस्ट संस्थापक व अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि साईकिल सवार निषेध दहाल नेपाल से पर्यावरण संरक्षण में जागरूकता लाने को लेकर साईकिल यात्रा पर भारत भ्रमण पर निकले हैं। इस मौके पर डा. कमलेश कुमार, गजेश गर्ग, भरत कुमार, दिलीप सिंह, महीपालसिंह, मोहम्मद खालिद, नितेश कुमार, पदम कुमार आदि आमजन ने शुभ यात्रा की कामना की।

## आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में अभिभावक सम्मेलन संपन्न



**बालक में संस्कारों का बीजारोपण घर सेः राजपुरोहित**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** विद्या भारती आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम व भारत माता के समक्ष मुख्यवक्ता नारायण सिंह राजपुरोहित प्रचार प्रमुख, स्थानीय प्रबंध समिति, सुरेश कुमार मालवीय जिला सचिव, आदर्श शिक्षा संस्थान बाली द्वारा पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्यवक्ता नारायणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय संस्कृति में परिवार व्यवस्था श्रेष्ठ रही है। उसी के आंचल में बालक का सर्वांगीण विकास होता है। बालक में संस्कारों का बीजारोपण घर से होता है। घर में बड़ों की भाषा, वेशभूषा, उनका परिवार के साथ व्यवहार आदि का अधिक प्रभाव पड़ता है उसी से बालक सीखता है। घर में आपस में मातृ भाषा का प्रयोग करे, महापुरुषों का गौरव सुनाए, प्रेरक प्रसंग सुनाए, अच्छा भोजन परिवार के साथ करे, साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020की चर्चा की गई एवं मोबाइल के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। सुरेश कुमार मालवीय ने कहा कि विद्यालय परिवार में भैया बहिन, अभिभावक, समिति, आचार्य बंधु भगिनी व पूर्व छात्र है। बालक के विकास हेतु विद्यालय में समय समय पर पधारे और उसकी शैक्षिक प्रगति का की जानकारी आचार्य प्रधानाचार्य से करे। साथ ही विद्यालय में अपेक्षित सुझाव भी देवे। प्रधानाचार्य मनोहर रावल ने सभी अतिथियों का परिचय करवाया और कार्यक्रम की भूमिका रखी। इस अवसर पर कक्षा अरुण से द्वितीय तक 62 अभिभावक गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर ललिता रावल, ममता गोस्वामी, भावना देवासी, मंजू सुथार, अमीषा मीणा, सुंदर कुमारी, मनीषा, रमेश कुमार, गणपत कुमार, हितेश कुमार, हुकम सिंह, पोमाराम, किरण सिंह, सुरेश कुमार, प्रकाश कुमार, अनीषा कुमारी, मंजू प्रजापत सहित आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे। मंच संचालन किरण सिंह ने किया एवं आभार प्रकट समिति प्रधानाचार्य मनोहर रावल ने किया।

## ग्रामीण क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब, नीपल 53 रन से जीता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** युवा समाजसेवी मांगीलाल सीरवी ने बताया कि निकटवर्ती नीपल में आयोजित ग्रामीण क्षेत्रीय चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच नीपल की टीम ने 53 रन से जीता प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच नीपल व गुडा अखेराज के बीच में खेला गया।

इसमें नीपल की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए गुडा अखेराज की टीम 58 रन बना कर ऑल आउट हो गई प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम को आयोजन कमेटी श्री शीतला माता क्रिकेट क्लब नीपल एवं भामाशाहों द्वारा ट्राफी एवं पारितोषिक देकर नवाजा इस मौके पर शिव सती माता मंदिर बाल नीपल उपासक भोलाराम सिरवी, शंकर लाल मीणा सरपंच नीपल, कानाराम सीरवी, वजाराम सीरवी, रतन परमार, ओमप्रकाश जणवा, अशोक गर्ग, जीतेंद्र सिंह चारण, मांगीलाल सीरवी, गणेश सुथार, गणेश सीरवी, प्रकाश मीणा, हरीश परमार, अशोक वैष्णव अटाटिया, चंपत प्रजापत, मदन मीणा, जीतेंद्र मीणा, सुरेश चौधरी, मनोज प्रजापत, सुनील भारती, प्रकाश सीरवी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। साथ ही गांव के भामाशाहों व खेल प्रेमियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ कर भाग लिया।





# बुमराह 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ'

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मंगलवार को दिसंबर 2024 महीने के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ विनर का ऐलान कर दिया। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पुरुष वर्ग में महीने का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस मुंह ताकते रह गए। बुमराह ने कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेन पेटरसन को पछाड़कर आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता है। उन्होंने दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतने का कमाल किया है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर घातक गेंदबाजी की थी। उन्होंने दिसंबर में तीन टेस्ट में 14.22 के औसत से 22 विकेट चटकाए। उन्होंने चौथे और पांचवें मैच में नौ-नौ विकेट चटकाए थे। वहीं, बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में कुल 32 विकेट चटकाए। वह पीठ में जकड़न के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट में दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। भारत ने कमिंस की अगुवाई वाली टीम के हाथों 1-3 से सीरीज गंवाई।

**कमिंस को पछाड़ दूसरी बार किया कमाल**

## पुरस्कार मिलने पर रोमांचित हूं: बुमराह

बुमराह ने पुरस्कार जीतने के बाद कहा कि मैं दिसंबर महीने का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर रोमांचित हूं। व्यक्तिगत पुरस्कारों के लिए चुना जाना सदैव विनम्र करने वाला होता है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अब तक की सबसे कड़ी प्रतिस्पर्धाओं में से एक थी। मेरे लिए ऑस्ट्रेलिया में जाकर अपने देश के लिए प्रदर्शन करना सम्मान की बात थी। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है।

# नए मिशन को तैयार टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-3 से हारने के बाद भारतीय टीम अपने नए मिशन की ओर आगे बढ़ चुकी है। टीम इंडिया का सामना अब इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर में होना है। दरअसल, भारत बनाम इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और 5 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टी20I सीरीज का आगाज 22 जनवरी 2025 को होना है। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। रोहित-विराट के बिना पहली बार भारत-इंग्लैंड के बीच पहली बार टी20 मैच खेला जाएगा, क्योंकि दोनों ने ही टी20 क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया इंग्लैंड को हारने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मैच में सूर्यकुमार यादव की नजरें भी एक विश्व रिकॉर्ड को बनाने पर होगी। बता दें कि सूर्यकुमार यादव T20I सीरीज के लिए भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी हैं। अगर वह पहले टी20I मैच में 5 छक्के जड़ते हैं तो वह एक बड़ा रिकॉर्ड बना लेंगे।

- **अब इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला**

# ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद बीसीसीआई बरतेगा सख्ती!

## पत्नी या गर्लफ्रेंड के साथ नहीं ठहरेंगे कोच-क्रिकेटर!

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई अपने खिलाड़ियों में तमाम तरह की पाबंदियां लगाने का विचार कर रहा है। जिन नियमों पर विचार किया गया है, उनमें से कुछ नियम पुराने हैं। उदाहरण के तौर पर बड़ी सीरीज या टूर्नामेंट के दौरान पत्नी, गर्लफ्रेंड या परिवार क्रिकेटरों के साथ नहीं ठहरेगा। कोविड 19 से पहले ये नियम बीसीसीआई ने लागू किया था, लेकिन बाद में इसे हटा दिया। इसके अलावा भी कई और नियमों में बदलाव देखने को मिल सकता है और कुछ नए नियम खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ पर लागू किए जा सकते हैं। बीसीसीआई इंग्लैंड के खिलाफ करीब दो महीने लंबी टेस्ट सीरीज से पहले कुछ नए और पुराने नियमों को लागू कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें सबसे बड़ी पाबंदी खिलाड़ियों के लिए यह है कि वे अपने परिवार को 45 दिन या इससे ज्यादा लंबे टूर्नामेंट या सीरीज के दौरान साथ नहीं रख सकते। ज्यादा से ज्यादा दो सप्ताह ही पत्नी या परिवार खिलाड़ियों के साथ रह सकता है।



## बस में साथ-साथ यात्रा करेंगे खिलाड़ी

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक शहर से दूसरे शहर टीम बस की बजाय अलग-अलग वाहनों से यात्रा करते थे। इसके अलावा ज्यादातर समय टीम होटल से स्टेडियम जाने के लिए भी वे टीम बस का सहारा कम लेते थे। इन्हीं कुछ मामलों को देखते हुए बीसीसीआई सभी के लिए ये नियम लागू करने जा रही है कि सभी खिलाड़ी एक साथ टीम बस में ही ट्रेवल करेंगे। एक रिपोर्ट में तो यह भी कहा गया है कि पर्थ में मिली ऐतिहासिक जीत को भारतीय टीम ने साथ में सेलिब्रेट तक नहीं किया। इसके अलावा बोर्ड ने अब सभी को यह स्पष्ट कर दिया है कि सभी खिलाड़ी टीम बस में यात्रा करेंगे। इससे टीम में एकता आएगी। कोई भी बड़ा खिलाड़ी अलग से ट्रेवल नहीं करेगा।

### बीसीसीआई को सुझाए गए संभावित नियम

- अगर टूर्नामेंट या सीरीज 45 या उससे ज्यादा दिनों तक चलती है तो परिवार को खिलाड़ियों के साथ सिर्फ 14 दिन रहने की इजाजत होगी। पूरे टूर्नामेंट या सीरीज में पत्नियां भी खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगी।
- अगर कोई टूर 45 या इससे कम दिनों का है तो 7 दिन ही खिलाड़ी अपने परिवार को साथ रख सकता है।
- सभी खिलाड़ियों को टीम बस में यात्रा करनी होगी।
- मुख्य कोच का निजी मैनेजर नहीं करेगा टीम बस में यात्रा। वीआईपी बॉक्स की भी इजाजत नहीं।
- अगर खिलाड़ियों का सामान 150 किलो से ज्यादा है तो बीसीसीआई अतिरिक्त सामान शुल्क नहीं देगा।

# तिरुपति बालाजी के दर पहुंचे नीतीश कुमार रेड्डी





**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर नीतिश कुमार रेड्डी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू किया और सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया। इसका आभार जताने के लिए वह प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए घुटनों के बल तिरुमाला पहाड़ी की चोटी पर सीढ़ियां चढ़ीं। विशाखापत्तनम के रहने वाले ऑलराउंडर को श्रीवारी मेट्टू या पहाड़ी मंदिर तक जाने वाले पैदल मार्ग से घुटनों के बल सीढ़ियां चढ़ते देखा गया। नीतिश कुमार के घुटनों के बल चलने के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किए गए। 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी शेयर किया। भक्त आमतौर पर मन्नत पूरी करने के लिए तिरुमाला की पहाड़ियों पर चढ़ते हैं। नितीश ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार शुरुआत की। युवा ऑलराउंडर ने अपने पहले दौरे में शतक लगाकर महफिल लूट ली।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: विकेटकीपर को लेकर चयनकर्ता परेशान



**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 में केएल राहुल भारत के लिए विकेटकीपर की भूमिका में थे। इससे टीम इंडिया को संतुलन मिला था, लेकिन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में केएल राहुल इस जिम्मेदारी को शायद ही निभाते नजर आएं। कर्नाटक के इस बल्लेबाज को सीमित ओवरों की क्रिकेट में शायद ही भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर खेलने का मौका मिलेगा। वे प्रोपर बैटर के तौर पर खेल सकते हैं। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए अभी सिलेक्शन होना है और सिलेक्टर्स के लिए सबसे बड़ी माथापच्ची इसी बात की होगी कि वे विकेटकीपर के तौर पर किसे चुनें? विजय हजारे ट्रॉफी फाइनल के एक दिन बाद 19 जनवरी को राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक होने की उम्मीद है, जिसमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा। जहां तक विकेटकीपर का सवाल है तो इसमें कोई संदेह नहीं की पहली पसंद ऋषभ पंत हैं। दूसरे विकेटकीपर के लिए ध्रुव जुरेल, संजू सैमसन और ईशान किशन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है।

### ईशान किशन का मजबूत दावा

ईशान किशन ने अभी तक 27 वनडे मैचों में 933 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है, लेकिन पिछले साल घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण वह चयन समिति के रडार से दूर हो गए थे। वहीं जुरेल को जब भी मौका मिला उन्होंने दोनों भूमिकाओं में प्रभाव छोड़ा। वह निश्चित तौर पर सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए भी चयन समिति की निगाह में हैं। लेग स्पिनर की भूमिका कौन निभाएगा इसको लेकर भी चयन समिति की बैठक में गंभीर चर्चा हो सकती है। कुलदीप यादव को जल्द ही फिटनेस टेस्ट देना होगा और अगर वह फिट नहीं हो पाते हैं तो फिर तमिलनाडु के वरुण चक्रवर्ती और गुजरात के रवि बिश्नोई में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : रूणे ने झांग को हराया



**मेलबर्न।** डेनमार्क के स्टार टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूणे ने मंगलवार को पांच सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में चीन के झांग झिझेन को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के दूसरे दौर में जगह बना ली है। आज यहां मार्गरेट कोर्ट एरिना में तीन घंटे दस मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मकाबले में होल्गर रूणे ने झांग झिझेन पर 4-6, 6-3, 6-4, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अगले दौर में रूणे का मुकाबला इटली के माटेओ बेरेटिनी से होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीती वुमेंस एशेज की वनडे सीरीज

**181 रन का लक्ष्य भी नहीं पा सकी इंग्लैंड की टीम**



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने वुमेंस एशेज की तीन मैचों की वनडे सीरीज को जीत लिया है। तीन में से टीम पहले दो मैच जीत चुकी है। दूसरे मैच में इंग्लैंड की टीम 181 रन भी चेज नहीं कर पाई और मैच 21 रन से हार गई। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच एशेज सीरीज खेली जा रही है, जिसमें तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेली जाती है। इस सीरीज को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने अपने नाम कर लिया है। वुमेंस एशेज के तीन मैचों में से पहले दो मैच मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिए हैं। दूसरे मैच में इंग्लैंड की टीम 181 रन भी चेज नहीं कर पाई और मैच 21 रन से हार गई। मैच के साथ-साथ सीरीज भी टीम गंवा बैठी है, क्योंकि पहला मैच 4 विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने ही जीता था। तीसरा मुकाबला सीरीज का 17 जनवरी को होबार्ट में खेला जाएगा। इस मुकाबले की बात करें तो यह लो स्कोरिंग था। इंग्लैंड की टीम की कप्तान हीदर नाइट ने इस मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कप्तान के फैसले पर गेंदबाज खरे उतरे और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को 180 रन पर ढेर कर दिया।

# मनोरंजन

# सलमान ने सोनू से हड़प लिया था मुन्नी बदनाम गाना

सोनू सूद ने दबंग फिल्म में विलन का रोल निभाया है। अब एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि दबंग में उन्हें लीड रोल मिलने वाला था, लेकिन सलमान खान को फिल्म पसंद आ गई और उन्होंने चुलबुल पांडे का रोल ले लिया। इतना ही नहीं सोनू ने मुन्नी बदनाम हुई गाना मांगा था और इस पर काम भी शुरू कर दिया था लेकिन सलमान ने उसे भी ले लिया। शुभंकर मिश्रा से बातचीत में सोनू सूद ने बताया कि पहले उन्हें चुलबुल पांडे का रोल मिला था। सोनू बोले, 'अभिनव कश्यप पहले मणिरत्नम के असिस्टेंट थे। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने मुझसे कहा कि वह चुलबुल के नाम से पुलिस पर एक कहानी लिख रहे हैं और साथ में करने की इच्छा जताई। मैं बहुत एक्साइटेड हो गया और उनसे कहा कि हम साथ में करेंगे।' सोनू ने आगे बताया, 'जब फिल्म बनी, अरबाज बोले कि सलमान यह फिल्म करना चाहते हैं। उन्होंने फिल्मिस्तान में सलमान के सामने फिल्म नरेट की और सलमान को चुलबुल पांडे शब्द बहुत पसंद आया। फिर एक दिन अभिनव के पास 'हां' का मैसेज आ गया। तब उन्होंने पता चला कि ये सलमान का नंबर था और उन्होंने रोल के लिए हां कहा है। सोनू को फिल्म का विलन बना दिया गया। वह बोले, 'अभिनव ने मुझसे पूछा कि क्या मैं छेदी का रोल करना चाहता हूं, यह अच्छा रोल है। मैंने मना कर दिया। कई लोगों ने मुझे मनाने की कोशिश की जिसमें सलमान भाई भी शामिल थे। लेकिन मैंने मना कर दिया क्योंकि मुझे कैरेक्टर समझ में ही नहीं आ रहा था। वे लोग खोजते रहे लेकिन उनका मन नहीं माना कि मेरे सिवा कोई ये रोल अच्छा कर सकता है।' सोनू ने कुछ शर्तें रखीं और कहा कि उन्हें एक आइटम सॉन्ग भी चाहिए। सोनू बोले, 'फराह गाना तैयार करवा रही थीं तो मैं उनसे स्टेप्स की बातें कर रहा था कि कैसे ये हिट हो सकता है। अभिनव एक अच्छी और एक बुरी खबर लेकर आए। अच्छी एक सीन से जुड़ी थी और बुरी कि सलमान ने गाना ले लिया।' सोने ने बताया 'मैंने कहा, ये मेरा गाना है, वह ऐसे बीच में कैसे आ सकते हैं। अभिनव बोले कि वह सीन के बीच में रेड करेंगे।



# नेहा कक्कड़ को पुलिस ने किया गिरफ्तार?



पॉपुलर सिंगर नेहा कक्कड़ अपने गानों को लेकर हमेशा छाई हुई रहती हैं। लेकिन अब नेहा की कुछ फोटोज वायरल हो रही हैं जिसे देखकर फैंस भी हैरान हैं। दरअसल, नेहा की कुछ फोटोज वायरल हो रही थीं, जिसमें दावा किया जा रहा था कि वह किसी ट्रेडिंग स्कैम में गिरफ्तार हुई हैं। फैंस इस फोटो को देखकर परेशान हो रहे हैं। लेकिन बता दें कि ये खबर गलत है और नेहा गिरफ्तार नहीं हुई हैं। इस फोटो को एआई द्वारा एडिट किया गया है और सिंगर किसी स्कैम में गिरफ्तार नहीं हुई हैं। फोटो में आप देखेंगे कि नेहा के साथ पुलिस ऑफिसर है और सिंगर रोते हुए नजर आ रही हैं। इस फोटो को वायरल करते हुए लिखा है नेहा कक्कड़ के करियर का बुरा अंत। असल में जो फोटो दिख रही है वो किसी और महिला की है और उसके चेहरे को मोर्फ किया हुआ है नेहा के चेहरे के साथ। वैसे बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब एआई का गलत इस्तेमाल हुआ है। पहले भी कई सेलेब्स के चेहरे पर एआई का चेहरा लगाकर एडिट किया हुआ है।

# 'कहो ना प्यार है' के 25 साल पूरे



ऋतिक रोशन की पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' को आज 25 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर ऋतिक ने उन दिनों को याद करते हुए सालों पुराने नोट्स को शेयर किए। 'कहो ना प्यार है' ऋतिक और अमीषा पटेल दोनों की पहली फिल्म थी। यह फिल्म 14 जनवरी 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। नोट्स शेयर करते हुए, ऋतिक ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 25 साल के सफर को याद किया। वह लिखते हैं, 'इतने सालों में कुछ भी नहीं बदला। उस वक्त बहुत घबराया हुआ था। 25 साल बाद भी जब भी वह किसी नई फिल्म की शूटिंग की शुरुआत करते हैं तो उन्हें घबराहट महसूस होती है।' अपने कैप्शन में, ऋतिक लिखते हैं, ₹मेरा नोट्स 27 साल पुराना है। अपनी पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' के लिए एक एक्टर के तौर पर तैयारी करते हुए मुझे याद है कि मैं कितना घबराया हुआ था। ऋतिक आगे लिखते हैं, 'मैं अभी भी फिल्म शुरू कर रहा हूं। मुझे यह शेयर करने में एंबैरेस्ड होगी। लेकिन इंडस्ट्री में 25 साल रहने के बाद मुझे लगता है कि मैं इसे हैंडल कर सकता हूं। तब से लेकर अब तक, क्या बदला है? मैंने इस पेज को देखा और महसूस किया। सच में कुछ भी नहीं। ये अच्छा है या बुरा ? या ऐसा ही है। नहीं पता। उनके पास बहुत कुछ है जिसके लिए वे शुक्रगुजार है। अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। 'कहो ना प्यार है' की 25वीं एनिवर्सरी है। इस मौके पर मैं सिर्फ एक चीज का जश्न मनाना चाहता हूं। वो है मेरी नोटबुक में लिखी ये बातें। सिर्फ एक चीज जिससे मैं राहत महसूस करता हूं वो है फ्लेक्सिबिलिटी का सबूत। उन्होंने पहले पन्ने पर लिखा है। ऋतिक रोशन के नोट्स में सलाह और उनके एक्टिंग के दौरान का अनुभव है। एक पेज में लिखा था ₹ एक जिंदगी। बस यही एक जिंदगी। एक मौका इसे बर्बाद मत करो। छोटी-छोटी असफलताओं और छोटी-छोटी गलतियों पर ध्यान न दो। बस चलते रहो, टूटो मत।

# रानी मुखर्जी के साथ किस; सबसे घटिया का : सैफ अली खान



आज हम आपको बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाने जा रहे हैं। साल 2004 में सैफ अली खान की एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम 'हम तुम' है। 'हम तुम' में एक किसिंग सीन भी था जिसकी वजह से सैफ और रानी चर्चा का विषय बन गए थे। आइए आज आपको इस किसिंग सीन के पीछे की कहानी बताते हैं। 'हम तुम' में सैफ और रानी ने पहली बार साथ काम किया था। दोनों एक-दूसरे को बहुत अच्छे से नहीं जानते थे। ऐसे में जब किसिंग सीन शूट करने की बारी आई थी तब दोनों डर गए थे। ये बात खुद रानी और सैफ ने बताई थी। दरअसल, यशराज फिल्म्स ने 'बंटी और बबली 2' के प्रमोशन के वक्त सैफ और रानी का एक वीडियो जारी किया था। इस वीडियो में रानी, सैफ से पूछती है, 'क्या तुम्हें याद है हम किसिंग शॉट के समय कितना डरे हुए थे?' इसपर सैफ ने कहते हैं, 'मुझे तो बस इतना याद है कि उस शॉट के समय तुम डरी हुई थी।' सैफ उस शॉट के बारे में डिटेल में बात करते हुए कहते हैं, "उस दिन जब मैं सेट पर आया था तब तुम मेरे साथ एक्स्ट्रा अच्छी बन रही थी। तुम बोल रही थी, 'कैसे हो? ड्राइव कैसी थी? क्या चल रहा है।।।।?' मैंने कहा, 'हां सब ठीक है।' फिर तुमने कहा, 'सुनो जाकर बोल दो न कि तुम किसिंग सीन नहीं करना चाहते हो।' मैंने कहा, 'मैं ऐसा नहीं बोल सकता, मेरे बॉस ने मुझे बोला है इसलिए मुझे करना ही पड़ेगा।' तुम कहा, 'ठीक है कर लो।' वो सिनेमा के इतिहास का सबसे घटिया किसिंग सीन था। इतने अनकम्फर्टेबल थे हम।" ये सुनकर रानी हंसने लगी।

# नरगिस फाखरी नहीं करेंगी बॉलीवुड में वापसी



नरगिस फाखरी ने बॉलीवुड में रॉकस्टार, मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो जैसी फिल्में की हैं। हालांकि नरगिस का करियर बॉलीवुड में कुछ खास चला नहीं। इसके बाद नरगिस ने बॉलीवुड इंडस्ट्री ही छोड़ दी। अब नरगिस ने एक इंटरव्यू में बताया कि ऐसा करने की उनकी क्या वजह थी? सुभाष के झा को दिए इंटरव्यू में नरगिस ने कहा, 'मेरे साथ कई ऐसी चीजें हुई थीं जिस वजह से मैं बॉलीवुड में कमबैक नहीं कर रही हूं। मैं उस बारे में बात नहीं करना चाहती हूं। ये मेल ईगो इंटरनेशनल है। हालांकि इंडस्ट्री के सभी लोग ऐसे नहीं रहे हैं। मैंने कई अच्छे लोगों के साथ काम किया है और उनकी मैं आज भी तारीफ करती हूं।' नरगिस बोलीं, 'मैंने शाहिद के साथ फटा पोस्टर निकला हीरो और वरुण के साथ मैं तेरा हीरो फिल्म में परफॉर्म किया। तब तो आइटम सॉन्ग टर्म ही मेरे लिए नया था। जब लोग कहते हैं कि वो लड़की आइटम सॉन्ग कर रही है तो उसे अच्छा नहीं समझते थे। बॉलीवुड डांस मेरे लिए वैसे भी एलियन की तरह था जैसे हिंदी भाषा। कई बार एक्ट्रेसेस को अपने अपर बॉडी पार्ट्स को जानबूझकर दिखाना होता है जो मेरे लिए काफी मुश्किल था पहले, लेकिन बाद में मैं ओके थी।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने किया पतंग उत्सव का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व पर जल महल की पाल पर पतंग उत्सव (काइट फेस्टिवल) का ग़ुब्बारे एवं पतंग उड़ाकर शुभारंभ किया। मकर संक्रांति के पर्व पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कर्मशील व दानशील बनने का संदेश देते हुए जरूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पतंगों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। फेस्टिवल में लोक-कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, विधायक बालमुकुंदाचार्य, पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन, पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह, जयपुर जिला कलक्टर डा. जितेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी एवं देशी-विदेशी पर्यटक और आम जन उपस्थित रहे।

- पतंग उड़ाकर कर्मशील बनने का दिया संदेश
- पिंजरापोल गौशाला में गौपूजन कर की गौसेवा

### शर्मा ने सपत्नीक की गौसेवा

इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला पहुंचे। उन्होंने सपत्नीक विधिवत् मंत्रोच्चारण के साथ गौ पूजन किया एवं गायों को चारा खिलाकर गौसेवा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आमजन से मुलाकात की और बधाई भी दी।





### ग़ुब्बारे उड़ाकर किया उद्घाटन

मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जयपुर के जल महल की पाल पर आयोजित पतंग उत्सव ने राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन को एक नया आयाम दिया। यह आयोजन न केवल पतंगबाजी का जश्न था, बल्कि पारंपरिक कला, संगीत और भोजन का अद्भुत संगम भी रहा।

### मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने उड़ाई पतंग

मुख्यमंत्री ने पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति के उत्सव में सभी का उत्साहवर्धन किया। वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने पतंग उड़ाकर उपस्थित कलाकारों और देशी विदेशी पर्यटकों के साथ पतंग उत्सव मनाया।

### पतंग उत्सव को दिया जाएगा भव्य रूप : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने घोषणा की कि आने वाले वर्षों में इस उत्सव को और भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि इस तरह के आयोजन राजस्थान को वैश्विक पर्यटन के केंद्र में लाएं। उन्होंने कहा कि जयपुर का यह उत्सव राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है और देश-विदेश के पर्यटकों को यहां की समृद्धि से परिचित कराता है। जयपुर का यह पतंग उत्सव न केवल मकर संक्रांति के उत्साह को बढ़ाता है, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राज्य की परंपराओं और समृद्धि को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने का एक अच्छा अवसर है।

## देशभर से शामिल होंगे 1000 स्टार्टअप्स : लोढ़ा

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस कल



▶▶ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे उद्घाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग के तहत राज्य नवाचार सोसाइटी द्वारा एम्पॉवरिंग इनोवेशन, एलिवेटिंग महाराष्ट्र की अवधारणा पर आधारित 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 16 जनवरी को सुबह 10 बजे बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जिओ वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढा ने दी। महाराष्ट्र सहित देशभर के तकनीकी, कृषि, सेवा क्षेत्र, औषधि निर्माण और पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों से 1000 स्टार्टअप्स इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मेरीको लिमिटेड के अध्यक्ष हर्ष मारीवाला, अपग्रेड और स्वदेश फाउंडेशन के सह-संस्थापक रॉनी स्क्रूवाला, नायका की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी फाल्गुनी नायर, गूगल के वेंचर कैपिटल और स्टार्टअप्स के वैश्विक प्रमुख अपूर्व चमरिया, एडब्ल्यूएस के राज्य और शिक्षा प्रमुख अजय कौल, ईवी कैप वेंचर्स के संस्थापक और प्रबंधक पार्टनर विक्रम गुप्ता, अवेंडस के सह-संस्थापक और कार्यकारी उपाध्यक्ष राणू वोहरा, जितो इनक्यूबेशन एमजीबी इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष जिनेंद्र भंडारी, वेंचर कैटालिस्ट्स और नाइन यूनिकॉर्न्स के सह-संस्थापक अपूर्व रंजन शर्मा, ब्लू स्मार्ट के सह-संस्थापक पुनीत गोयल, रेनट्री फाउंडेशन की संस्थापक और निदेशक लीना दांडेकर, ओपन सीक्रेट की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अहाना गौतम, चलो मोबिलिटी की सह-संस्थापक और निदेशक प्रिया सिंह, जिओ जेन नेक्स्ट के प्रमुख अमेय माशेलकर, सुपर बॉटम्स की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पल्लवी उतगी और अस्थि रोग विशेषज्ञ व कलाकार सलोनी पटवर्धन जैसे प्रमुख वक्ता अपने नवाचार संबंधी विचार साझा करेंगे।



### विविध पैनल चर्चाएं

लोढा ने कहा कि दिनभर आयोजित पैनल चर्चाओं में निवेशकों की जरूरतों और युवा उद्यमियों की सफलता की कहानियों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस घोषित किया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया जाएगा। कौशल विकास विभाग के सचिव गणेश पाटिल और कौशल विकास आयुक्त प्रदीपकुमार डांगे ने सभी से इस एक दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## बाबा साहेब का कांग्रेस ने किया अपमान, भाजपा ने दिया सम्मान : राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा संविधान गौरव अभियान चलाकर देशभर में कांग्रेसियों का दोहरा चरित्र उजागर करेगी। जिला, मंडल और बूथ स्तर तक समिति बनाई है जो जनता को कांग्रेस के काले कारनामे बताएगी। कांग्रेसियों ने संविधान का अपमान किया और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब को संसद में जाने से रोका। उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा कर हराने का षडयंत्र रचा। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने उनके सम्मान में पंचतीर्थ बनाया। पीएम नरेंद्र मोदी ने तो विदेश में जमीन खरीदकर उनकी शिक्षा स्थली पर स्मारक बनाया। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में स्पष्ट कहा है कि कांग्रेसियों को अब अंबेडकर याद आ रहे हैं, अगर कांग्रेसी नेता सच्चे मन से उनका सम्मान करना चाहते तो पहले करते लेकिन अब जब भाजपा उन्हें सम्मान दे रही है।

# पीयूष गोयल ने किया राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का उद्घाटन



▶▶ पांच साल में उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड अगले पांच साल में हल्दी का उत्पादन दोगुना कर 20 लाख टन तक पहुंचाने में मदद करेगा। साथ ही, हल्दी के निर्यात को बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में नए अवसर तलाशने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हल्दी को 'गोल्डन स्पाइस' कहा जाता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों की आय बढ़ाने और हल्दी के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है। हल्दी बोर्ड महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय सहित 20 राज्यों में हल्दी किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान देगा।

### रेड्डी को बनाया पहला अध्यक्ष

पीयूष गोयल ने पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड का पहला अध्यक्ष नियुक्त करने की भी जानकारी दी। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का मुख्यालय निजामाबाद में स्थापित किया गया है। उन्होंने इसे एक शुभ दिन बताते हुए कहा कि यह बोर्ड हल्दी किसानों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

## सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस

# राष्ट्र समर्पण के प्रति कृतज्ञता का पर्व : बागड़े

▶▶ पुष्प चक्र अर्पित कर सैनिकों को श्रद्धांजलि



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सशस्त्र सेना सम्मान दिवस "वेटरन्स डे" को पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण के प्रति कृतज्ञता पर्व कहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को चाहिए कि राष्ट्र के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए कार्य करते उनकी सेवाओं का सम्मान करें।

बागडे मंगलवार को सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर सेना के सप्तशक्ति प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करियप्पा की सेवाओं को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है। उन्होंने सुप्रसिद्ध कवि माखनलाल चतुर्वेदी की "पुष्प की अभिलाषा" कविता की चर्चा करते हुए कहा कि सैनिक अपने लिए नहीं देश के लिए जीते हैं। उनका सब कुछ राष्ट्र के लिए होता है, इसलिए हमें भी उनके प्रति कृतज्ञ रहकर कार्य करने की सीख लेनी चाहिए।

### भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान

■ इस अवसर पर राज्यपाल बागडे ने देश लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राष्ट्र को दी सेवाओं के लिए भूतपूर्व सैनिकों, अधिकारियों, वीरांगनाओं, वीर माता-पिता एवं वीरता तथा विशिष्ट पदक धारकों को सम्मानित किया।

### सैनिकों को नमन

■ आरंभ में राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों की स्मृति में पुष्प चक्र अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके सेवा-समर्पण, त्याग और बलिदान भाव के प्रति अपनी शब्द कृतज्ञता प्रकट की।

# सीआईएसएफ की दो बटालियन को गृह मंत्रालय की मंजूरी

अश्वनी कुमार चौधरी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने एयरपोर्ट और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के लिए 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। नई बटालियन के गठन के साथ ही बल के कर्मियों की संख्या लगभग 2 लाख तक पहुंच जाएगी। यह फैसला न केवल सीआईएसएफ की क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करेगा। सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, "गृह मंत्रालय (MHA) ने दो नई बटालियनों के निर्माण को मंजूरी देकर सीआईएसएफ के महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय, हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन के साथ मिलकर बल की क्षमता में वृद्धि करेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और 2,000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।" प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को मंजूरी मिल गई है।



### पिछले साल बनी थी महिला बटालियन

■ पिछले साल के अंत में बल के लिए एक महिला बटालियन को मंजूरी दी गई थी। बल के पास वर्तमान में 12 रिजर्व बटालियन हैं, जिनमें से प्रत्येक में 1,025 कर्मी हैं। नई बटालियन आंतरिक सुरक्षा से संबंधित तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों का एक पूल बनाकर सीआईएसएफ की "बढ़ती" मांगों को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण होंगी। देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों की सुरक्षा के अलावा, 1969 में गठित सीआईएसएफ परमाणु और एयरोस्पेस क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों और ताजमहल और लाल किले जैसे ऐतिहासिक स्मारकों को आतंकवाद-रोधी सुरक्षा प्रदान करता है।



# केरल : नाबालिग खिलाड़ी से पांच बार सामूहिक दुष्कर्म

**पथानामथिट्टा।** केरल में दलित खिलाड़ी को चार वर्षों में कई बार दरिंदगी का शिकार बनाने के मामले की जांच में पता चला है कि पीड़िता के साथ कम से कम पांच बार सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इनमें एक बार कार में और एक बार पथनमथिट्टा के जनरल अस्पताल में वारदात को अंजाम दिया गया। केरल पुलिस की एसआईटी ने अब तक 44 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। केरल की दलित खिलाड़ी ने कोच, सीनियर खिलाड़ियों समेत 62 लोगों पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसे 13 साल की उम्र से दरिंदगी का दर्द झेलना पड़ा। वह दो महीने पहले 18 वर्ष की हुई है। जांच की निगरानी कर रही डीआईजी एस अजीता बेगम ने बताया कि लड़की के कथित यौन उत्पीड़न के संबंध में 30 एफआईआर दर्ज की गई हैं और इन मामलों में शामिल 59 आरोपियों में से 44 को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो आरोपी फरार हैं। वे फिलहाल विदेश में हैं। हम उनके लिए लुकआउट सर्कुलर जारी करने पर विचार कर रहे हैं। हम इंटरपोल के जरिए उनके लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की भी योजना बना रहे हैं। ये मामला बाल कल्याण समिति द्वारा आयोजित काउंसलिंग के दौरान सामने आया। जब एक शैक्षणिक संस्थान में पीड़िता के शिक्षकों ने समिति को उसके व्यवहार में उल्लेखनीय बदलावों के बारे में बताया।

- 44 आरोपी गिरफ्तार, 13 फरार
- यौन उत्पीड़न के 30 मामले दर्ज

# सड़क पर 50 से अधिक गाड़ियों का काफिला खड़ा कर काटा केक

**लखनऊ।** लखनऊ के इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास हाईवे पर 50 से अधिक गाड़ियां लगाकर बर्थडे काटा गया। काली लग्जरी गाड़ियों के बोनट पर करीब एक दर्जन केक काटे गए। कुछ ने गाड़ियों की छतों पर हाईवोल्टेज साउंड के बीच गीतों पर हुल्लड़बाजी की। कार में तेज आवाज में भोजपुरी गाना बजाया जा रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अराजकता कर रहे युवकों ने फायरिंग और आतिशबाजी भी की। लोगों के विरोध पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। सोमवार को कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई।

# मौलवी से पीड़ित परिवार ने अपनाया सनातन धर्म

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** अजमेर में मौलवी के अत्याचार और परिवार पर गलत प्रभाव डालने के आरोपों से परेशान एक मुस्लिम पिता-पुत्र ने सनातन धर्म को अपनाने का निर्णय लिया है। खानपुरा निवासी मुस्लिम अब हिंदू बन गए हैं, जबकि उनके बेटे ने भी अपना नाम बदल लिया है। युवक ने बताया कि खानपुरा स्थित आजाद नगर मस्जिद के कथित मौलवी ने उनकी पत्नी और बेटी को अपने प्रभाव में लेने का प्रयास किया। उनका आरोप है कि मौलवी की गलत हरकतों के कारण उनका परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गया था। उन्होंने कहा, मौलवी ने हमारे पूरे परिवार को तोड़ने का प्रयास किया। यह सब देखकर हमें यह महसूस हुआ कि अब इस्लाम धर्म में रहना संभव नहीं है। युवक ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे अपने समाज के सदस्यों से मदद मांगने गए, तो किसी ने उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा, "हमने अपने समाज से मदद की उम्मीद की थी, लेकिन किसी ने हमारा साथ नहीं दिया। इससे हमें यह महसूस हुआ कि इस समाज में हमारे लिए कोई स्थान नहीं है। युवक का कहना है कि वे हमेशा से हिंदू धर्म और इसके अनुयायियों के व्यवहार से प्रभावित रहे हैं। उन्होंने कहा, "हिंदू धर्म में न केवल आत्मिक शांति है, बल्कि इसके अनुयायी भी सहयोगात्मक और मददगार होते हैं।" उन्होंने आगे बताया कि जब वे मुश्किल समय से गुजर रहे थे, तब हिंदू समाज के लोगों ने उनकी मदद की। यही कारण है कि उन्होंने अपने बेटे के साथ मिलकर सनातन धर्म को अपनाने का निर्णय लिया। धर्म परिवर्तन के बाद बेटे का कहना कि वे अब पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ सनातन धर्म का पालन करेंगे। उन्होंने बताया कि वे रोजाना पूजा-अर्चना करेंगे और भक्ति भाव से जीवन जीएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अब वे अपने जीवन को भगवान की भक्ति और सेवा में समर्पित करेंगे।



पत्नी एवं बेटी पर रखता था बुरी नजर

